




बालाघाट, सिवनी, गोंदिया एवं भंडारा जिले मे प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 06 अगस्त 2026 | दिन - गुरुवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 191 | मूल्य - 5 रुपये









## असम में बाढ़ की स्थिति बिगड़ी, छह और लोगों की मौत से मृतक संख्या 95 हुई..

### 1.6 लाख लोग प्रभावित..



**गुवाहाटी, (भाषा)।** असम में बुधवार को बाढ़ की स्थिति और गंभीर हो गई तथा छह और लोगों की मौत के साथ मृतकों की संख्या बढ़कर 95 हो गई है, जबकि 14 जिलों में प्रभावित लोगों की संख्या बढ़कर 1.6 लाख हो गई है। अधिकारिक बुलेटिन में यह जानकारी दी गई। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की ओर से बुधवार शाम जारी बुलेटिन के अनुसार, पिछले 24 घंटे में बाढ़ के कारण छह लोगों की मौत हुई है। बुलेटिन के अनुसार, शिवसागर और बिस्वनाथ जिलों में बाढ़ के पानी में डूबने से दो-दो लोगों की मौत हुई, जबकि गोलाघाट और मोरीगांव में एक-एक व्यक्ति की जान चली गई।

इन मौतों के साथ इस साल की बाढ़ में जान गंवाने वालों की कुल संख्या बढ़कर 95 हो गई है। प्राधिकरण की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार, बिस्वनाथ, चराइदेव, दरांग, धेमाजी, गोलाघाट, जोरहाट, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, कार्बी आंगलोंग, लखीमपुर, नगांव, शिवसागर, सोनितपुर, तिनसुकिया और उदलगुड़ी जिलों में 1,60,600 से अधिक लोग अब भी प्रभावित हैं। शिवसागर सबसे अधिक प्रभावित जिला रहा, जहां 57,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए। इसके बाद गोलाघाट में करीब 34,000 और जोरहाट में 25,000 लोग प्रभावित हैं। मंगलवार से बाढ़ की स्थिति और बिगड़ गई है। उस दिन पांच जिलों में 1.22 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए थे। एएसडीएमए ने बताया कि प्रशासन छह जिलों में 105 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र संचालित कर रहा है, जहां वर्तमान में 44,523 प्रभावित लोगों की देखभाल की जा रही है। प्राधिकरण ने बताया कि पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य के बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच 528.44 क्विंटल चावल, 126.72 क्विंटल दाल, 73.21 क्विंटल नमक और 2,519.64 लीटर सरसों के तेल का वितरण किया गया है।

एएसडीएमए ने कहा कि वर्तमान में असम के 563 गांव बाढ़ के पानी में डूबे हुए हैं और राज्य में 16,951.76 हेक्टेयर फसल क्षेत्र को नुकसान पहुंचा है। राज्य के विभिन्न जिलों में बाढ़ के पानी से तटबंधों, सड़कों, पुलों और अन्य बुनियादी ढांचे को भी नुकसान पहुंचा है। वर्तमान में धानसिरी नदी नुमालीगढ़ में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। व्यापक बाढ़ के कारण राज्य में 35,025 घरेलू पशु और मुर्गियां प्रभावित हुई हैं, जबकि 8,529 अन्य बह गए।






## महाराष्ट्र में दो माह में 56 करोड़ रुपये के असुरक्षित खाद्य उत्पाद जब्त किये, 165 लाइसेंस निलंबित..

**मुंबई, (भाषा)।** महाराष्ट्र के खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) ने 25 मई से 31 जुलाई तक 3,137 होटलों, रेस्तरां, ढाबों और अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया तथा 55.72 करोड़ रुपये के 28.66 लाख किलोग्राम असुरक्षित खाद्य पदार्थों को ज़ब्त या नष्ट किया । एफ्डीए आयुक्त तुकाराम मुंढे ने बुधवार को बताया कि कार्रवाई के दौरान एडीएफ ने 165 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए। उन्होंने कुछ होटल मालिकों के इस आरोप को खारिज कर दिया कि 'चुनिंदा ढंग से कार्रवाई' की गयी है। मुंढे ने कहा कि लाइसेंस निलंबन के 165 मामलों में से एफ्डीए के पास 103 अपीलें आयीं और पात्र मामलों में अंतरिम राहत दी गई है तथा उन्हें अपना कामकाज फिर से शुरू करने की अनुमति मिली। उन्होंने कहा कि एफ्डीए ने प्रतिबंधित खाद्य उत्पादों के खिलाफअपनी कार्रवाई तेज कर दी है और 658 दुकानों पर 15.11 करोड़ रुपये मूल्य का गुटखा और पान मसाला पकड़ा है। मुंढे ने यहां पत्रकारों को बताया, ''एफ्डीए ने 25 मई से 31 जुलाई तक 3,137 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया। हमने 764 सुधार नोटिस जारी किए और उचित प्रक्रिया के बाद 165 प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलंबित कर दिए। 55.72 करोड़ रुपये मूल्य के 28.66 लाख किलोग्राम खाद्य उत्पादों को जब्त या नष्ट कर दिया गया।'' उन्होंने स्पष्ट किया कि लाइसेंस निलंबन का मतलब किसी संस्थान का हमेशा के लिए बंद होना नहीं है तथा निलंबन हटाने से पहले एफ्डीए खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने पर सुनवाई करती है। मुंढे ने कहा कि इस अभियान के कारण खाद्य प्रतिष्ठानों में स्वच्छता के मानकों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## महिला आरक्षण व परिसीमन विधेयकों पर संसद का विशेष सत्र बुलाने का कोई प्रस्ताव नहीं: रीजीजू

**नई दिल्ली, (भाषा)।** ***संसदीय कार्य मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार रात कहा कि महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयकों को लेकर 16 से 18 अगस्त के बीच संसद का विशेष सत्र बुलाने का कोई प्रस्ताव नहीं है। सरकार मौजूदा मॉनसून सत्र में संविधान संशोधन विधेयक*** पारित कराने की नए सिरे से कोशिश कर रही है। इस विधेयक का मकसद 2029 में लोकसभा चुनाव में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू करना और लोकसभा सीटों की संख्या बढ़ाकर 816 करना है।

कुछ राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि स्वतंत्रता दिवस के बाद संसद का विशेष सत्र बुलाकर परिसीमन विधेयक और महिला आरक्षण संशोधन विधेयक फिर से पेश किए जा सकते हैं।

इस बारे में पूछे जाने पर रीजीजू ने विशेष सत्र के किसी भी प्रस्ताव से इनकार किया। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, ''महिला आरक्षण और परिसीमन विधेयक को लेकर 16 से 18 अगस्त के बीच कोई विशेष सत्र बुलाने का प्रस्ताव नहीं है।''

**इस बीच सूत्रों ने बताया कि इसी सिलसिले में रीजीजू ने बुधवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की और विधेयक को फिर से पेश करने पर चर्चा की, लेकिन कांग्रेस नेता की ओर से कोई पक्का आश्वासन नहीं मिला।**





















# कलेक्टर कुमार सत्यम ने किया जिला अस्पताल में औचक निरीक्षण, दिए व्यवस्थाओं में सुधार के निर्देश



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने बुधवार 05 अगस्त को जिला चिकित्सालय बालाघाट का आकस्मिक निरीक्षण कर अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, विभिन्न वार्डों और उपचार सुविधाओं का अवलोकन किया तथा मरीजों से बातचीत कर***

उन्हें मिल रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल प्रबंधन को स्पष्ट निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं में तत्काल सुधार सुनिश्चित किया जाए और भविष्य में किसी भी प्रकार की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान सिविल सर्जन डॉ निलय जैन एवं अस्पताल का स्टाफ उपस्थित था। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने कहा कि यह उनका पहला निरीक्षण है, लेकिन अगले निरीक्षण तक यदि व्यवस्थाओं में अपेक्षित सुधार नहीं मिला तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, सेंट्रल पैथोलॉजी, आर्थोपेडिक वार्ड, मेडिकल वार्ड, ब्लड बैंक, नेत्र वार्ड, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी), महिला वार्ड, सोनोग्राफी केंद्र तथा नवजात शिशु गहन चिकित्सा इकाई (एसएनसीयू) का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सकों एवं स्टाफ की उपस्थिति की भी समीक्षा की। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने कुपोषित बच्चों के उपचार के लिए संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र तथा प्रसूता महिलाओं के प्रतीक्षा कक्ष में एयर कंडीशनर (एसी) लगाने के निर्देश दिए। साथ ही ओपीडी, सेंट्रल पैथोलॉजी और एसएनसीयू में मरीजों के बैठने के लिए पर्याप्त संख्या में बेंच उपलब्ध कराने, सभी वार्डों एवं प्रतीक्षा कक्षों में पंखों की व्यवस्था तथा स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। उन्होंने जिला अस्पताल के नए भवन के लिए प्रस्ताव तैयार करने को कहा तथा वर्तमान भवन में जहां मरम्मत और सुधार की आवश्यकता है, उसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने और चिकित्सकों व कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम ने सभी मरीजों की आभा आईडी (क्क॥ ढ्ढष्ठ) अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने अस्पताल में प्रसव के लिए आने वाली गर्भवती महिलाओं का पिछले दो माह का विस्तृत रिकॉर्ड उपलब्ध कराने को कहा। इस रिकॉर्ड में भर्ती होने वाली गर्भवती महिलाओं की संख्या, अस्पताल में हुए प्रसव, रेफर किए गए मामलों तथा भर्ती के बाद स्वयं अन्य अस्पतालों में ऑपरेशन के लिए जाने वाली महिलाओं की जानकारी शामिल करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम के औचक निरीक्षण से जिला अस्पताल प्रशासन में सक्रियता बढ़ गई है और अस्पताल की व्यवस्थाओं में सुधार की दिशा में आवश्यक कदम तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है।

# आज से शुरू होगा महान सूफी संत इमाम अहमद रजा खान आला हज़रत का 108 वां सालाना उर्स..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***पूरी दुनिया को इस्लाम धर्म की मूल विचारधारा सफीवाद की पहचान कराने वाले, विश्व प्रसिद्ध धर्मगुरू और महान सूफी संत इमाम अहमद रजा खान आला हज़रत के तीन दिवसीय 108 वां सालाना उर्स की शुरूआत आज 6 अगस्त से होगी। जिसका समापन आगामी 8 अगस्त को कुल की फातिया के साथ होगा। उर्स को पूरी अकीदत के***

साथ पूरे भारत सहित जिले में मनाया जाएगा। ज्ञात हो कि अहले सुन्नत के मुख्यालय बरेली शरीफसे तारीख का ऐलान होने के बाद 6 अगस्त को भारत के ग्रैंड मुफ्ती असजद रजा खान कादरी द्वारा परचम कुशाई के साथ उर्स कार्यक्रमो की शुरूआत की जाएगी। इसी कड़ी में बालाघाट मुख्यालय में जामा मस्जिद के अलावा अन्य मस्जिदों और मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र में 8 अगस्त शनिवार को दोपहर 2.38 बजे कुल की विशेष फातिया के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम और लंगर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रजा एक्शन कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष हाजी शोएब खान ने बताया कि उर्स के अवसर पर कुरान खानी, मिलाद खानी, दरूद की महफिल सहित अन्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। बालाघाट जामा मस्जिद और शहर की अन्य मस्जिदों पर कार्यक्रम आयोजित होंगे और आला हजरत की जीवनी पर तकरीर दी जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष हाजी शोएब खान ने बताया कि आला हजरत इमाम अहमद रजा खान का जन्म 1856 को भारत के बरेली शरीफमें हुआ था। जिनके जन्म के समय भारत की आजादी की लड़ाई लड़ी जा रही थी। अंग्रेज अपने फरेब से कौमों को आपस में लड़ाकर, कमजोर और भ्रमित करने का काम कर रहे थे। दौलत और शोहरत की खातिर बड़े-बड़े नामचीन, अंग्रेजों के गुलाम बनकर, इस्लाम और कौम के खिलाफ थे। ऐसे वक्त में आला हजरत ने अपने इल्म और शिक्षा से इस्लाम की सच्चाई को लोगों के सामने लाकर धर्म और इंसानियत को बचाया। उन्होंने धर्म और समाज विरोधी दुश्मन और गद्दारो को बेनकाब कर पूरी दुनिया के इस्लाम अनुयायियों पर एहसान किया। इस्लाम की सच्चाई के लिए हुस्सामुलहरमैन, वसाया शरीफ, अल दौलतुल मककीया और ''फत्तावा रज्विया'' जैसी लगभग 13 सौ अधिक किताबों के अलावा कुरआन का अनुवाद कंजुल ईमान के रूप में देकर पूरी दुनिया को अल्लाह और उसके रसुल की पहचान कराते हुए इस्लाम के अमन एवं शांति के संदेश को सही रूप में साबित किया।

श्री खान बताते है कि आला हजरत ने 17 दिसंबर 1920 को जमात रजा-ए-मुस्तफा नाम से संगठन का गठन किया गया था। जिसके माध्यम से समाज को हर क्षेत्र में आगे बढ़ाना था। आज जरूरत है कि संगठन से जुड़कर हम सामाजिक प्रगति के लिए कार्य करें। इसलिए हम सभी मसलके आला हजरत के मानने वालों को बरेली शरीफसे जुड़कर काम करने की जरूरत हैं।

## बालाघाट मे पटवारियो ने शुरु की अनिश्चिकालीन हड़ताल

# 600 से अधिक पटवारियों ने किया काम बंद, बोले - भर्ती पटवारी के पद पर ही हुए, उसी पद सेवानिवृत्त होंगे




**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***सरकार की हर योजना को जमीन तक पहुंचाने वाले पटवारी इन दिनों खुद सरकार से नाराज हैं। आवेदन और निवेदन के बाद भी मांगे नहीं मानी जाने से बालाघाट जिले के 600 से अधिक पटवारियों ने काम बंद कर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। तहसील कार्यालय के सामने पंडाल लगाकर धरने***

पर बैठे पटवारियों की हड़ताल से न सिर्फ सरकारी कामकाज प्रभावित हो रहा है, बल्कि वर्षाकाल में किसानों और आम जनता को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।वर्षाकाल में सबसे ज्यादा जरूरी, पर काम ठपवर्तमान में वर्षाकाल चल रहा है। इस दौरान सर्पदंश, तेज बारिश से मकान गिरना या क्षतिग्रस्त होना जैसी आपदाओं में आरबीसी के तहत प्रकरण बनाकर पीड़ितों को आर्थिक सहायता दिलाने की सबसे अहम कड़ी पटवारी ही होते हैं। लेकिन हड़ताल के कारण ये प्रकरण पूरी तरह प्रभावित हो गए हैं।

इसके साथ ही नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, सीएम हेल्पलाइन सहित राजस्व से जुड़े सभी जरूरी काम भी ठप पड़े हैं। इससे किसान और आम नागरिक तहसीलों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।पदोन्नति नहीं, इसलिए सड़कों पर उतरे पटवारी मध्यप्रदेश पटवारी संघ के जिलाध्यक्ष अरुण बिरनवार ने बताया कि हर विभाग में भर्ती के बाद पदोन्नति की प्रक्रिया होती है, लेकिन पटवारी एकमात्र ऐसा पद है जहां व्यक्ति भर्ती भी पटवारी के पद पर होता है और सेवानिवृत्त भी उसी पद से होता है। जबकि तहसील के चपरासी तक प्रमोशन पाकर बाबू और नायब तहसीलदार तक पहुंच जाते हैं।इसी विसंगति को दूर करने के लिए पटवारी लंबे समय से ÷समयमान वेतनमान÷ की मांग कर रहे हैं।

जिलाध्यक्ष अरुण बिरनवार ने बताया कि पटवारी आरआई और नायब तहसीलदार के पद तक प्रमोट हो सकते हैं, लेकिन 2018 के बाद से नायब तहसीलदार के लिए कोई परीक्षा नहीं हुई है और न ही आरआई के पद के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई है। इसी वजह से पटवारियों का भविष्य अंधकार में है।5 में से 4 मांगों पर सहमति, मुख्य मांग अटकीजिलाध्यक्ष बिरनवार ने कहा कि हम काम बंद नहीं करना चाहते, लेकिन मजबूरी में हड़ताल करनी पड़ रही है। प्रांतीय नेतृत्व की सरकार से लगातार बातचीत चल रही है। पांच मांगों में से चार मांगों पर सरकार सहमत हो गई है और उनमें से दो मांगों के आदेश भी जारी हो चुके हैं। लेकिन सबसे प्रमुख मांग समयमान वेतनमान और पदोन्नति को लेकर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। इसी कारण हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया है।हड़ताल से जनता परेशानपटवारियों के हड़ताल पर चले जाने से जिले की सभी तहसीलों में राजस्व संबंधी काम प्रभावित हो रहे हैं। खेत की नाप-जोख, सीमांकन, फौती नामांतरण, ऋण पुस्तिका जैसे काम रुकने से किसान परेशान हैं। वहीं आरबीसी के प्रकरण लंबित होने से आपदा प्रभावित परिवारों को समय पर मदद नहीं मिल पा रही है।पटवारियों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मुख्य मांग पूरी नहीं होती, तब तक हड़ताल जारी रहेगी। अब देखना होगा कि सरकार पटवारियों की इस जायज मांग पर कब तक निर्णय लेती है।

# 7 अगस्त की रात से प्रदेश भर में निजी बसों ने किया अनिश्चितकालीन हड़ताल का ऐलान..

## बालाघाट में बस ऑपरेटरों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***मध्यप्रदेश में निजी यात्री बस संचालकों और राज्य सरकार के बीच विवाद गहराता नजर आ रहा है। जिला बस ऑपरेटर एसोसिएशन, बालाघाट ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए सात सूत्रीय मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि 7 अगस्त***

तक उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 7 अगस्त की रात 12 बजे से प्रदेशभर में निजी यात्री बसों का संचालन अनिश्चितकालीन रूप से बंद कर दिया जाएगा। बस एसोसिएशन के अध्यक्ष मुकेश चौहान ने बताया कि लंबे समय से सरकार के समक्ष विभिन्न समस्याएं उठाई जा रही हैं, लेकिन अब तक किसी भी मांग पर ठोस निर्णय नहीं लिया गया। ऐसे में मजबूर होकर प्रदेशव्यापी हड़ताल का निर्णय लिया गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान प्रमुख रुप से श्याम कौशल, मुकेश चौहान, गुरदीप गंभीर, कपिल अग्रवाल, आशीष साहू, कमलनारायण शर्मा, बंटी सिंघई, हनीफ खान, अंकित जायसवाल, आतीश अग्रवाल, अरविन्द पातरे, करतार सिंग, ईमरान खान एवं अनेक बस ऑपरेटर उपस्थित थे।

### राष्ट्रीयकरण नीति का किया विरोध

ज्ञापन में बस ऑपरेटर एसोसिएशन अध्यक्ष मुकेश चौहान ने बताया कि सरकार की प्रस्तावित बस मार्गों के राष्ट्रीयकरण की नीति का कड़ा विरोध किया है। उनका कहना है कि यदि विभिन्न मार्गों का राष्ट्रीयकरण किया जाता है तो निजी बस संचालकों का व्यवसाय पूरी तरह प्रभावित हो जाएगा। इससे हजारों लोगों की आजीविका पर संकट खड़ा होगा। संगठन ने सरकार से राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया तत्काल वापस लेने की मांग की है।

### सात प्रमुख मांगों पर अड़े बस संचालक..

एसोसिएशन ने सरकार के समक्ष सात प्रमुख मांगें रखी हैं। इनमें बस मार्गों के राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया पर रोक लगाई जाए। टेंडर के माध्यम से परमिट जारी करने की व्यवस्था समाप्त की जाए। डीजल की बढ़ती कीमतों एवं महंगाई को देखते हुए यात्री किराए में उचित वृद्धि की जाए। नए यात्री वाहनों के पंजीयन की अनुमति दी जाए। बसों के लिए निर्धारित 15 वर्ष की आयु सीमा समाप्त की जाए। परमिट नवीनीकरण की प्रक्रिया को सरल बनाते हुए आ रही बाधाओं को दूर किया जाए। परिवहन कार्यालयों की कार्यप्रणाली में सुधार कर बस संचालकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाए। संचालकों का कहना है कि इन मांगों को लेकर पूर्व में भी कई बार शासन और परिवहन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं तथा चर्चा भी हुई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। एसोसिएशन ने अपने ज्ञापन में स्पष्ट कहा है कि यदि समय रहते उनकी मांगों का समाधान नहीं किया गया और प्रदेशभर में बसों का संचालन बंद करना पड़ा, तो उससे उत्पन्न होने वाली जन असुविधा, परिवहन व्यवस्था में बाधा तथा यात्रियों की परेशानी के लिए शासन-प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।

# जंगल लकड़ी के लिए गए अधेड़ का शव झरने के गड्ढे में मिला



**जगप्रेरणा बालाघाट।** ग्रामीण थाना अंतर्गत ग्राम बोरी से करीब ढाई से तीन किलोमीटर दूर जंगल के झरने में एक 45 वर्षीय अधेड़ की लाश पानी में मिली। मृतक तुकाराम पिता गोपीचंद बागड़े निवासी लिंगा बताया गया है। मामला संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतक तुकाराम बाड़ी में सब्जियों के पौधे को टेका (सहारा) देने के लिए लगाए जाने वाले खकरा (ढक्का) की लकड़ी लेने मंगलवार की सुबह जंगल गया था। जो दोपहर 2 बजे तक वापस नहीं लौटा तो मृतक के पुत्र ने थाना में दोपहर करीब 2.30 बजे से 3 बजे के बीच इस बात की सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन व ग्रामीणों के साथ पुलिस ने जंगल में पहुंचकर तुकाराम की पतासाजी की तो उसका शव जंगल में झरना से गिरकर जमा होने वाला पानी के गड्ढे में देखा गया। मृतक का शव बरामद कर पंचनामा कार्यवाही कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल में लाकर मरच्यूरी में सुरक्षित रखवा दिया गया। मृतक के शव का बुधवार को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस मर्ग कायम कर मामले की विवेचना कर रही है। इस संबंध में ग्रामीण थाना नवेगांव के एएसआई श्री मरकाम ने बताया कि मृतक के पुत्र ने थाना में सूचना दी कि उसके पिता जंगल गए थे जो वापस नहीं लौटे। जिसकी पतासाजी करने पर बोरी के आदिवासी मोहल्ला से करीब दो से ढाई किलोमीटर दूर जंगल में रात करीब 9 बजे पहाड़ से बहने वाले झरना के गड्ढा में मिला। बताया गया कि मृतक शराब पीता था। जिससे संभावना व्यक्त की जा रही है कि गड्ढा में पानी पीते समय अनियंत्रित होकर गिरने से डूबकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर ही मौत का वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएगा।

# पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए एमपीटास पोर्टल पर आवेदन की अंतिम तिथि अब 31 अगस्त

**जगप्रेरणा बालाघाट।**

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एमपीटास (रूक्क्ञ्जस्) पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 31 अगस्त 2026 कर दी गई है।

सहायक संचालक पिछडा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग मंजुला सेंद्रे ने बताया कि पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की तिथि पूर्व में 31 जुलाई 2026 निर्धारित की गई थी, जिसे बढाकर 31 अगस्त कर दिया गया है। जिले के पात्र छात्र-छात्राओं से अपील की गई है कि वे 31 अगस्त 2026 तक आवश्यक दस्तावेजों सहित एमपीटास पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना सुनिश्चित करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्राप्त आवेदनों पर ही नियमानुसार छात्रवृत्ति प्रकरणों में आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों तथा अन्य शिक्षण संस्थाओं से भी अपेक्षा की गई है कि वे पात्र विद्यार्थियों को समय पर आवेदन कराने में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करें। अधिक जानकारी के लिए संबंधित शिक्षण संस्था अथवा पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, जिला बालाघाट कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।



# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433



3 गुरूवार 06 अगस्त 2026

जग प्रेरणा live जिला सिवनी

बरघाट, छपारा, केवलारी, घंसौर, लखनादौन, धनोरा एवं संपूर्ण सिवनी जिले की खबरें..



# विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# सिवनी को संभाग बनाने एवं लोक सभा सीट वापस लाने होगा आंदोलन..

## सिवनी के विकास को लेकर शीघ्र बनेगी रणनीति..



जगप्रेरणा सिवनी।

*सिवनी के विकास को लेकर सर्वदलीय बैठक का आयोजन होटल हेरिटेज में किया गया इस कार्यक्रम में उपस्थित जनों में रमेश श्रीवास्तव,* जगदीश तपिश, राजा बघेल, मोहन सिंह चंदेल, गौरव जयसवाल, मीना जयसवाल, नवेंदु मिश्रा, राजिक अकिल, आदित्य भूरा, साहिल खान, धनंजय चंदेल, तनवीर अहमद सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। इस बैठक में मुख्य रूप से सिवनी जिले को संभाग बनाए जाने की मांग एवं परिसीमन के दौरान विलुप्त हुई सिवनी लोकसभा सीट को पुन वापस लाने को लेकर अपनी बात रखी गई।

सर्वप्रथम राजा बघेल ने बताया कि वर्तमान में विलुप्त हुई लोकसभा सीट सिवनी को लेकर एक बड़े आंदोलन की आवश्यकता है यह आंदोलन किसी राजनीतिक दल का न होकर एक ऐसा आंदोलन होगा जो लोकसभा सीट वापस लाने के लिए प्रयास करेगा जिसकी रूपरेखा शीघ्र तैयार की जाएगी जिससे सिवनी जिले के विकास को गति मिल सके इसके लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा इसमें चाहे सत्ताधारी हो या विपक्ष की राजनीति करने वाले लोग सभी को आमंत्रित किया जाएगा और पूर्व में जिन गलतियों के कारण हम इस लोकसभा सीट से वंचित रह गए उसे पुनः लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

इसी बात को आगे बढ़ते हुए गौरव जायसवाल ने कहा कि हम हम देख रहे हैं कि लोकसभा परिसीमन को लेकर केंद्र स्तर पर कार्य प्रारंभ हो चुका है और इसके पूर्व की इस लोकसभा को पुनः विलुप्त करने की कार्रवाई हो जिसको लेकर हमें सजग रहने की आवश्यकता है इसके लिए हर व्यक्ति की भागीदारी सुनिश्चित की जाए और आंदोलन में उसे व्यक्ति की सहभागिता हो इसके लिए पत्राचार से लेकर आधुनिक सूचना तंत्र तक का सहयोग लिया जाएगा।

महिलाओं का प्रतिनिधित्व कर रहे सुश्री मीना जायसवाल ने कहा कि अब समय आ गया है जब हमें अपने भेदभाव को भूलकर अपने जिले के विकास अपनी मातृभूमि के विकास के लिए संघर्ष करना है मुझे गर्व है कि मैं यहां पर पैदा हुई और मैं इस अपने जिले के लिए संघर्ष कर रही हूं इसी तरह आपका भी संघर्ष हमें सफलता के सौपनो को छूने में मदद करेगा।

पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष मोहन चंदेल ने कहा कि जब लोकसभा सीट परिसीमन के दौरान विलुप्त हुई और हम लोगों को पता चला तब तक बहुत देर हो चुकी थी लेकिन अब वक्त है और हमें हर स्थिति में इसे वापस लाने के लिए सहयोग करना चाहिए इसके लिए सिवनी से लेकर दिल्ली तक अपनी बात पहुंचाने के लिए प्रयास करना ही हमारा लक्ष्य हो तभी हमें सफ्लता मिलेगी। इसी कड़ी में राजिक अकिल ने कहा कि परिसीमन के माध्यम से हम अपने जिले के विकास को लेकर अनेक कार्य कर सकते हैं इसके लिए हमें चाहे अपने नेता हो या अन्य नेता सभी को एकजुट होकर साथ चलने की आवश्यकता है तभी हम अपनी बात को केंद्र तक पहुंच सकेंगे। इस अवसर पर पत्रकार वार्ता में पत्रकारों द्वारा रखी गई बातों को भी गंभीरता पूर्वक रखा गया तथा आगामी बैठक में इस हेतु रणनीति तैयार करने की बात भी कही गई। इस दौरान यह भी बताया गया कि सिवनी को संभाग बनाने के लिए भी, हम सबको संघर्ष करने की आवश्यकता है क्योंकि ऐसा प्रतीत हो रहा है कि सिवनी के स्थान पर छिंदवाड़ा को संभाग बनाने के लिए रणनीति तैयार की जा रही है जिसका उदाहरण विभिन्न विभागों के मुख्यालय जो कि सिवनी में थे उन्हें धीरे-धीरे कर छिंदवाड़ा में स्थानांतरित कर दिया गया और भविष्य में इन सब को क्रमशः घोषित किया जाएगा की छिंदवाड़ा ही संभाग की दृष्टि से उपयुक्त है जबकि सभी मानते हैं कि सिवनी भौगोलिक दृष्टि से संभाग बनाने के लिए सबसे उपयुक्त है क्योंकि यहां पर छिंदवाड़ा हो या बालाघाट या पांढुरना सभी सिवनी से नजदीक है और सिवानी को संभाग बनाए जाने से केवल सिवनी के बल्कि आसपास के जिलों के विकास में भी काफी मदद मिलेगी इसके लिए भी हमें चरणबद्ध आंदोलन की आवश्यकता है इस बैठक में यह भी बताया गया कि अभी तक सिवनी को संभाग बनाए जाने को लेकर किसी ने भी पत्र व्यवहार नहीं किया है जबकि छिंदवाड़ा जिले में इसको लेकर लगातार प्रयास किया जा रहे हैं इस हेतु भी सत्ताधारी हो या विपक्ष सभी को आंदोलन कर संभाग बनाए जाने के लिए प्रयास करना जनहित में होगा।

# छात्र संघ के चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराये जाए - धनंजय चंदेल..



जगप्रेरणा सिवनी।

*भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन सिवनी द्वारा जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान संगठन के जिला अध्यक्ष धनंजय चंदेल ने बताया कि लंबे समय बाद उच्च न्यायालय द्वारा*

छात्र संघ चुनाव को लेकर मध्य प्रदेश सरकार को न केवल फ्टकार लगाई गई है बल्कि शीघ्र चुनाव कराए जाने को लेकर आदेश दिए गए हैं जिसको लेकर विद्यार्थियों में खुशी तो है लेकिन वही इस बात की संख्या भी है कि प्रदेश सरकार इस चुनाव को अप्रत्यक्ष प्रणाली से करने को लेकर दबाव बना सकती है जिसे हम खुलकर विरोध करते हैं इसी बात को लेकर पत्रकार वार्ता आयोजित की गई है हमारी मांग है कि यह चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाएं जिससे चुनाव में पारदर्शिता की स्थिति बनी रहे अप्रत्यक्ष चुनाव प्रणाली से महाविद्यालय में कक्षाओं में बनने वाले कक्षा प्रतिनिधि ही अध्यक्ष अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव का चुनाव करते हैं जिससे चुनाव में प्रदर्शित नहीं रह जाती है इसी बात को गंभीरता से लेते हुए छात्र-छात्राओं की मांग है कि छात्र संघ के चुनाव के दौरान अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव सह सचिव का चुनाव प्रत्यक्ष रूप से छात्र-छात्राओं के मतदान प्रणाली से कराया जाए इसी बात को लेकर एसआई के प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष चौकसे के निर्देश पर पूरे प्रदेश में पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया है जिसमें छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से कराए जाने की मांग की जा रही है।

इसी बात को लेकर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया जिसमें उन्होंने बताया कि मेरे द्वारा छात्र हित में अनेकों बार आंदोलन किए गए लगभग 9 कैसे मेरे ऊपर चल रहे हैं और मुझे चिंता नहीं है कि छात्र हित में अगर और भी कैसे चलेंगे तो मुझे कोई परेशानी नहीं है क्योंकि मुझे संगठन ने जो दायित्व सोप है उसे दायित्व का केवल निर्वहन कर रहा हूं बल्कि छात्रों को न्याय दिलाने के लिए यह मेरा संघर्ष जनहित में होगा।

# कलेक्टर नेहा मीना ने धनौरा के शासकीय अंग्रेजी बालक आश्रम का किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाएं सुधारने के दिए सख्त निर्देश..

## अन्य छात्रावासों व पंचायतों का भी लिया जायजा, किताबों की कमी पर जताई नाराजगी, खेल सामग्री और परिसर सुधार के दिए आदेश..

जगप्रेणा बलजीत सिंह धनौरा।





सिवनी जिला कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना ने अपने धनौरा प्रवास के दौरान विकासखंड की विभिन्न ग्राम पंचायतों एवं शासकीय छात्रावासों का सघन निरीक्षण किया। इसी कड़ी में कलेक्टर ने राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय अंग्रेजी बालक आश्रम धनौरा पहुंचकर वहां की आवासीय और शैक्षणिक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान जहां उन्होंने बच्चों से संवाद कर उनका हौसला बढ़ाया, वहीं उजागर हुई कमियों को जल्द से जल्द दुरुस्त करने के कड़े निर्देश जिम्मेदार अधिकारियों को दिए।

### किताबों की अनुपलब्धता पर जताई नाराजगी, तुरंत वितरण के आदेश

आश्रम के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पाया कि कुछ विद्यार्थियों के पास पाठ्यपुस्तकें उपलब्ध नहीं थीं। इस लापरवाही पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी बच्चों को तत्काल पुस्तकें मुहैया कराई जाएं।

इसके साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि चूंकि यह संस्थान अंग्रेजी माध्यम का है, इसलिए सभी विषयों का अध्यापन प्रभावी रूप से अंग्रेजी में ही होना चाहिए ताकि बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता और भाषा दक्षता में सुधार हो सके।

### बच्चों से पूछे गणित-अंग्रेजी के सवाल, शैक्षणिक स्तर जांचा

कलेक्टर ने कक्षा पहली से पांचवीं तक के छोटे बच्चों के बीच बैठकर उनसे आत्मीय संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से सामान्य गणित और अंग्रेजी के प्रश्न पूछकर उनकी पढ़ाई के स्तर का आकलन किया। उन्होंने शिक्षकों को हिदायत दी कि पढ़ाई को सिर्फकिताबों तक सीमित न रखकर गतिविधि आधारित और रोचक बनाएं।

### परिसर को 'लर्निंग स्पेस' बनाने और खेल सामग्री जुटाने के निर्देश

आश्रम परिसर की दीवारों पर पहाड़े, गणितीय सूत्र, अंग्रेजी शब्दावली और प्रेरक वाक्य लिखवाने के निर्देश दिए गए ताकि पूरा परिसर 'लर्निंग स्पेस' में तब्दील हो सके। साथ ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन और कैरम बोर्ड जैसे खेलों की सामग्री उपलब्ध कराने, नए कपड़ों की व्यवस्था करने और अभिभावकों के साथ आवागमन के लिए पृथक पंजी संधारित करने को कहा गया।

### पंचायतों और अन्य छात्रावासों का भी लिया जायजा..

उल्लेखनीय है कि धनौरा प्रवास के दौरान कलेक्टर ने क्षेत्र की अन्य ग्राम पंचायतों और छात्रावासों की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया और अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय योजनाओं का लाभ धरातल पर दिखे। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजली शाह, एसडीएम श्री बिसन सिंह सहित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# कन्या महाविद्यालय एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया वृक्षारोपण..



जगप्रेरणा सिवनी।

*इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी भोपाल के निर्देश के परिपालन में हरियाली महोत्सव के अंतर्गत ''एक पेड़ मां के नाम'' के तहत नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी* एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी शाखा सिवनी द्वारा संयुक्त रूप वृक्षारोपण किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य एवं संरक्षक डॉ ओम प्रकाश सरवैया एवं कार्यक्रम प्रभारी प्रो. रामदीन भलावी एवं जिला रेड क्रॉस सोसाइटी सिवनी के सचिव - अरुण राय की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। ''एक पेड़ मां के नाम'' अभियान के तहत महाविद्यालय के परिसर में सदाबहार पौधे - आम, अशोक, महागुनी, जाम, कटहल, खमेर इत्यादि पौधों का रोपण किया गया। इस वृक्षारोपण कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं एवं जिला रेड क्रॉस समिति सिवनी के कोषाध्यक्ष -डॉ प्रतीक अवस्थी, वाइस अध्यक्ष -श्री अनूप मिश्रा, सदस्य- श्री पी.एल वर्मा एवं महाविद्यालय के शैक्षणिक स्टाफप्रो. लक्ष्मी मेश्राम, प्रो. अलका उइके, प्रो. हर्षा बघेल और कॉलेज के समस्त स्टाफका सराहनीय योगदान रहा।

# छिंदवाड़ा नैनपुर पैसेंजर में छूटा गहनों और नकदी से भरा बैग..

## रेल टिकट एजेंट की सूझबूझ से सुरक्षित मिला..





जगप्रेरणा सिवनी।

*छिंदवाड़ा-नैनपुर पैसेंजर ट्रेन के कान्हीवाड़ा स्टेशन पर एक यात्री शाहिद खान का 2 लाख रुपये से अधिक का कीमती सामान से भरा बैग गलती से छूट गया।*

बैग में सोने के दो मंगलसूत्र, चांदी की पायल और 20,000 रुपये नकद मौजूद थे। ट्रेन से उतरते ही बैग छूटने का अहसास होते ही यात्री ने कान्हीवाड़ा स्टेशन टिकट काउंटर पर सूचना दी। वहां मौजूद टिकट एजेंट प्रजापति ने तुरंत सूझबूझ दिखाई और अगले स्टेशन 'पलारी' संपर्क किया। पलारी रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचते ही बैग को सुरक्षित बरामद कर लिया गया। कान्हीवाड़ा स्टेशन के संतोष बन्देवार नईम खान और श्याम प्रजापति की सतर्कता व सूझबूझ से सुरक्षित बैग प्राप्त कर शाहिद खान को सौंप दिया गया। बैग वापस मिलने पर यात्री ने राहत की सांस ली। स्थानीय लोग रेल टिकट एजेंट की इस ईमानदारी और त्वरित कार्रवाई की सराहना कर रहे हैं।

# अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद द्वारा सम्मान समारोह एवं मासिक बैठक का आयोजन






जगप्रेरणा सिवनी।

अखिल भारतीय ब्राह्मण एकीकृत परिषद, जिला सिवनी द्वारा बीते दिवस सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय, सोमवारी चौक, भैरोगंज, सिवनी में सम्मान समारोह एवं मासिक बैठक का भव्य आयोजन किया गया। लगभग तीन घंटे तक चले इस गरिमामय कार्यक्रम में जिलेभर से परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारी, सदस्य एवं विप्र समाज के गणमान्यजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान परशुराम जी एवं भगवान वेदव्यास के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता पं. राघवेंद्र शर्मा ने किया !मुख्य अतिथि के रूप में पं.रामकुमार अवस्थी रहे और विशिष्ट अतिथि पं.ताराचंद मिश्रा संभागीय महासचिव उपस्थित रहे। तत्पश्चात परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमालाओं एवं सम्मान-पत्रों के साथ अभिनंदन किया गया तथा उन्हें नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। जिला अध्यक्ष पं. राघवेंद्र शर्मा ने जिला कार्यकारिणी, विभिन्न जिला प्रकोष्ठ अध्यक्षो एवं सिवनी नगर के अध्यक्षो को नियुक्ति पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। जिला कार्यकारिणी में पं. प्रशांत तिवारी (महासचिव), पं. नौबद प्रसाद शुक्ला (उपाध्यक्ष), पं. विजय कुमार शुक्ला (उपाध्यक्ष), पं. अवधेश तिवारी (कोषाध्यक्ष), पं. ब्रजकिशोर शर्मा (सहसचिव), पं. बृजेंद्र कुमार पाण्डेय और पं. अंकुर दुबे (जिला कार्यकारिणी सदस्य) नियुक्त किया गया है!

जिला प्रकोष्ठ अध्यक्षो में पं. श्रीमती पूजा पाण्डेय (महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष), पं.मनीष मिश्रा (युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष), पं. जगदीश प्रसाद मालवीय (धर्म-संस्कृति जागरण प्रकोष्ठ अध्यक्ष), पं. महेंद्र मिश्रा (प्रशासनिक-सेवा निवृत प्रकोष्ठ अध्यक्ष), पं. दीपक कुमार तिवारी (शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष), पं.अवधेश कुमार तिवारी (विधि प्रकोष्ठ अध्यक्ष), पं. डॉ. अभिषेक शुक्ला (चिकित्सा प्रकोष्ठ अध्यक्ष), पं.अजय कुमार शर्मा (विवाह प्रकोष्ठ अध्यक्ष), पं. सचिन कोन्हेर (व्यापार प्रकोष्ठ अध्यक्ष) नियुक्त किया गया है। सिवनी नगर मुख्यालय केंद्र में पं. अभिषेक त्रिपाठी (नगर अध्यक्ष), पं. नीता राजेंद्र शर्मा (नगर महिला अध्यक्ष ) एवं पं. सौरभ शुक्ला (नगर युवा अध्यक्ष) नियुक्त किया गया है।

समारोह में मध्य प्रदेश राज्य अध्यक्ष श्री सी. बी. त्रिपाठी के माध्यम से नियुक्त पं. ताराचंद मिश्रा को जबलपुर संभाग महासचिव एवं सिवनी जिला संरक्षक के पद पर पं. रामकुमार अवस्थी एवं पं. प्रेम प्रकाश दुबे का सम्मान भी किया गया। बैठक में परिषद के संगठन विस्तार, सदस्यता अभियान को गति देने, प्रत्येक क्षेत्र में नई कार्यकारिणी के गठन, समाज में आपसी समन्वय एवं एकता को सुदृढ़ करने, युवाओं एवं महिलाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने तथा समाजहित के विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। साथ ही समाज के शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक उत्थान के लिए आगामी कार्ययोजना पर भी विचार-विमर्श किया गया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि संगठित समाज ही अपने अधिकारों एवं दायित्वों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकता है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग से परिषद के सदस्य बनकर संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया। उपस्थित पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने समाजहित में समर्पित भाव से कार्य करने तथा परिषद की गतिविधियों को गांव-गांव एवं वार्ड-वार्ड तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न सामाजिक विषयों पर अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए, जिन पर परिषद द्वारा गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम का वातावरण पूरे समय उत्साह, सौहार्द एवं संगठनात्मक ऊर्जा से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम में मातृशक्तियों सहित पुरुषों और युवाओं की अत्यधिक संख्या रही। समारोह में उपस्थित सदस्यों में राघवेंद्र शर्मा, ताराचंद मिश्रा, रामकुमार अवस्थी, संजय मिश्रा, अवधेश तिवारी, अंशुल अवस्थी, अभिषेक त्रिपाठी, घनश्याम दुबे, ब्रजकिशोर शर्मा, बृजेंद्र पाण्डेय, जगदीश प्रसाद मालवीय, महेंद्र मिश्रा, हीरामन तिवारी, सचिन कोन्हेर, अविनाश अंवेकर, श्रीकांत देशकर, सत्य प्रकाश उपाध्याय, रमेश मिश्रा, प्रशांत तिवारी, नौबद प्रसाद शुक्ला, डॉ. अभिषेक शुक्ला, प्रेम प्रकाश दुबे, अजय कुमार शर्मा, सौरभ दुबे, धीरज तिवारी. मनीष मिश्रा, दीपक कुमार तिवारी, विपुल तिवारी, अजय दुबे, हिमांशु तिवारी, जितेन्द्र मिश्रा, मुकेश तिवारी, योगेश कुमार उपाध्याय, देवेंद्र शर्मा, सत्यम दीक्षित, विवेक तिवारी, प्रेमलता मिश्रा, पूजा पाण्डेय, रश्मि तिवारी, शालिनी मिश्रा, अनुराधा अवस्थी, रजनी तिवारी, वंदना दुबे, श्वेता शर्मा, ऋचा शर्मा, जया मिश्रा, हर्षिता उपाध्याय, अनन्या मिश्रा, स्तुति तिवारी सहित अन्य विप्र बन्धुओं की उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का संचालन पं. ब्रजकिशोर शर्मा के द्वारा किया गया, अंत में जिला संयोजक संजय मिश्रा के द्वारा सभी अतिथियों, मातृशक्तियों, पदाधिकारियों एवं उपस्थित विप्र बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए राष्ट्र एवं समाज की उन्नति की कामना करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की गई।


न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी

MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी

MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय

सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी

मो.- 8817448039

विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433





विज्ञापन आमंत्रित है..

संपर्क - मो. 9329033433


# वारासिवनी में नहर में मिली 24 वर्षीय युवती की लाश..

## हत्या का अंदेशा, जांच में जुटी पुलिस..



जगप्रेरणा वारासिवनी।

***बालाघाट जिले के वारासिवनी तहसील मुख्यालय में वारासिवनी-मंगेझरी से डोंगरगांव की ओर बहती नहर के शांत पानी में बुधवार को उस वक्त सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों की नजर एक बहती हुई युवती की लाश पर पड़ी।***

पानी में तैरते शव को देख मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों की तत्परता और मदद से शव को नहर से सुरक्षित बाहर निकाला गया और तुरंत वारासिवनी पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की कमान संभाली। शुरुआती प्रयासों के बाद आखिरकार मृतिका की पहचान कर ली गई है। मृतिका खुशबू डहरवाल (24 वर्ष), पिता शंकर डहरवाल है। खुशबू मूल रूप से लालबर्रा थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया की रहने वाली थी और हाल ही में अपनी मां, भाई और बहन के साथ नागपुर (महाराष्ट्र) में रह रही थी।

### कई सवालों के घेरे में मामला

नागपुर में रह रही युवती का अचानक वारासिवनी के डोंगरगांव की नहर में शव मिलना कई गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। क्या यह कोई हादसा है, हत्या या फिर किसी बड़ी साजिश का हिस्सा? अब यह जांच का विषय है।

### फॉरेंसिक टीम ने जुटाए सुराग

वारासिवनी पुलिस को डोंगरगांव और लिंगमारा के बीच ढूटी नहर में लाश होने की खबर मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। घटना की गंभीरता को देखते हुए बालाघाट से आई फॉरेंसिक टीम ने भी मौके का मुआयना किया और जरूरी सबूत जुटाए हैं। पुलिस हर एंगल से मामले की जांच कर रही है।

# मत्स्य विभाग की कार्रवाई: परसवाड़ा मत्स्य बाजार से 120 किलो मछली जब्त, प्रतिबंधित थाई मांगुर का किया विनष्टीकरण..



जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***मछलियों के प्रजनन काल के दौरान मत्स्य आखेट पर लगे प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के खिलाफमत्स्य विभाग*** ने बुधवार को परसवाड़ा में कार्रवाई करते हुए 120 किलोग्राम मेजर कार्प मछली जब्त की। इसके साथ ही 60 किलोग्राम प्रतिबंधित थाईलैंड मांगुर प्रजाति की मछलियों को जब्त कर उनका विनष्टीकरण किया गया। इस दौरान दलप्रभारी श्रीमति वैशाली मेश्राम सहायक मत्स्य अधिकारी, श्री रीतेश चौधरी सहायक मत्स्य अधिकारी एवं श्री शिवकुमार सूर्यवंशी वाहन चालक मौजूद थे।

सहायक संचालक मत्स्योद्योग श्रीमती पूजा रोडगे ने बताया कि मछलियों के प्रजनन काल को ध्यान में रखते हुए 15 जून से 15 अगस्त 2026 तक प्रदेश में मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लागू है। प्रतिबंध अवधि के दौरान अवैध रूप से मछली पकडने और बिक्री पर विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में 5 अगस्त को विकासखंड परसवाड़ा के मत्स्य बाजार में निरीक्षण के दौरान 120 किलोग्राम मेजर कार्प मछली जब्त की गई। जब्त मछली की नीलामी की जाएगी, जिससे प्राप्त 4,300 रुपये की राशि शासन के कोष में जमा कराई जाएगी। निरीक्षण के दौरान 60 किलोग्राम थाईलैंड मांगुर (थाई मांगुर) प्रजाति की प्रतिबंधित मछलियां भी बरामद हुईं। विभाग ने नियमानुसार उन्हें जब्त कर उनका विनष्टीकरण कर दिया।

मत्स्य विभाग ने बताया कि प्रतिबंध अवधि के दौरान अवैध मत्स्य आखेट एवं मछलियों के अवैध परिवहन और विक्रय के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मत्स्य अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# युवा आपदा मित्र योजना के तहत सात दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

## 130 स्वयंसेवकों को मिलेगा आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण





जगप्रेरणा बालाघाट।

मध्यप्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, गृह विभाग द्वारा संचालित युवा आपदा मित्र योजना के अंतर्गत आपदा मित्र स्वयंसेवकों के सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को शासकीय सांदीपनि विद्यालय, बालाघाट में हुआ। प्रशिक्षण के पहले दिन जिले के करीब 130 स्वयंसेवकों ने भाग लेकर आपदा प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अपर कलेक्टर जी.एस. धुर्वे (आईएएस) ने कहा कि आपदा के समय प्रशिक्षित स्वयंसेवक प्रशासन और आमजन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। उन्होंने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता, अनुशासन और समर्पण के साथ पूरा करने तथा अर्जित ज्ञान का उपयोग जनहित एवं आपदा राहत कार्यों में करने का आह्वान किया। इस अवसर पर शासकीय सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य डॉ. युवराज राहंगडाले ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट ललित उड्डे ने प्रशिक्षण की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए बताया कि सात दिवसीय प्रशिक्षण में खोज एवं बचाव (सर्च एंड रेस्क्यू), प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, बाढ़ एवं अन्य प्राकृतिक आपदाओं से बचाव, राहत एवं बचाव कार्य सहित विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।

कार्यक्रम में प्लाटून कमांडेंट श्याम सिंह धुर्वे, प्लाटून कमांडेंट सुश्री अर्चना, विभागीय अधिकारी तथा प्रशिक्षण दल के सदस्य भी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के सफल समापन के बाद सभी प्रतिभागियों को प्रशिक्षित ÷आपदा मित्र÷ के रूप में तैयार किया जाएगा। आवश्यकता पडने पर ये स्वयंसेवक जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर प्राकृतिक एवं अन्य आपदाओं के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

# प्रस्फुटन समितियों को सशक्त बनाने पर जोर, विकासखण्ड स्तरीय प्रशिक्षण सम्पन्न





जगप्रेरणा परसवाड़ा।

***मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, योजना एवं आर्थिक सांख्यिकी विभाग द्वारा संवाद योजना के अंतर्गत विकासखण्ड परसवाड़ा में ÷प्रस्फुटन शक्ति संचय÷ विकासखण्ड स्तरीय मासिक बैठक सह प्रशिक्षण***

कार्यक्रम का आयोजन ग्राम पंचायत परसवाड़ा के सभागार में किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्र ÷संगच्छध्वं संवदध्वं÷ के सामूहिक उद्घोष के साथ माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन, पुष्पांजलि एवं तिलक अर्पित कर किया गया।

प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्राम स्तर पर सक्रिय प्रस्फुटन समितियों को सशक्त बनाना, शासकीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराना तथा जनसहभागिता के माध्यम से ग्रामीण विकास गतिविधियों को गति देना रहा। इस दौरान प्रतिभागियों को नवांकुर सखी यात्रा, तिरंगा यात्रा एवं ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान की विस्तृत जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत अध्यक्ष सम्भल सिंह धुर्वे, उपाध्यक्ष कांतिलाल राहंगडाले, मंडल अध्यक्ष योगेश शरणागत, जिला समन्वयक महेश पटले तथा विकासखण्ड समन्वयक सुनील साहू की उपस्थिति में हुआ। अतिथियों ने प्रस्फुटन समितियों की सामाजिक भूमिका, जनभागीदारी और ग्रामीण विकास में उनकी उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डाला।

जनपद अध्यक्ष सम्भल सिंह धुर्वे ने अपने संबोधन में कहा कि जन अभियान परिषद समाज और शासन के बीच सशक्त सेतु का कार्य कर रही है। उन्होंने प्रस्फुटन समितियों द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें और अधिक सक्रियता से जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में भागीदारी निभाने का आह्वान किया।

प्रशिक्षण के दौरान प्रस्फुटन समितियों एवं नवांकुर संस्थाओं की भूमिका, नवाचार, अभिलेख संधारण, नियमित रिपोर्टिंग तथा शासन की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन संबंधी विषयों पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान को जन-जन तक पहुंचाने, पर्यावरण संरक्षण तथा विभिन्न सामाजिक एवं जनकल्याणकारी गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने का सामूहिक संकल्प एवं शपथ ली।

कार्यक्रम में मेंटर सोहेंद्र पंचतीलक, दिनेश वरकड़े, इंदरलाल धुर्वे, श्रीमती तिमेश्वरी शरणागत, श्रीमती योगेश्वरी राहंगडाले, नवांकुर संस्था प्रमुख टहेल सिंह पटले, श्रीमती सुषमा चौधरी सहित प्रस्फुटन समितियों के सदस्य एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की टीम के द्वारा अवैध रूप से संचालित क्लीनिक को किया शील..

## स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अब तक की सबसे बड़ी कारवाही..



अजय रजक, जगप्रेरणा गढ़ी।

***प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुकर्रा के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोयलीखापा में दिनांक 04/08/26 दिन मंगलवार को अनुविभागीय अधिकारी बैहर के आदेशानुसार एवं***

ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर बैहर के निर्देशनुसार शिकायतकर्ता राजेश पिता देवलाल टंडिया निवासी ग्राम पोस्ट कुकर्रा द्वारा शिकायत प्राप्त हुई। राजेश टांडिया के बताएं अनुसार की उनकी माता श्रीमती शांताबाई की तबीयत खराब होने पर उसे इलाज हेतु दशरु यादव (प्राइवेट प्रेक्टिसनर) ग्राम कुकर्रा (कोयलीखापा)के पास ले जाया गया।

जहां उन्हें दशरु यादव(प्राइवेट प्रेक्टिसनर) के द्वारा दवा और घुटनों मे ईनजेक्सन लगाए गए। जिससे उनकी हालत और गंभीर हो गई7 और उन्हें बैहर रिफर किया गया। जिसकी सुचना मिलते ही पुलिस एवं स्वास्थ विभाग की टीम के द्वारा दशरु यादव (प्राइवेट प्रेक्टिसनर) ग्राम कुकर्रा (कोयलीखापा) के प्राइवेट क्लीनिक मे छापामार कर्यवाही की गई7 जाँच के दौरान यह देखने मे आया की इनके पास किसी भी प्रकार की चिकित्सा उपाधि (डिग्री, या डिप्लोमा) नही है।

एवं किल्निक का पंजीयन भी नहीं है 7 जो कि बहुत ही महत्वपूर्ण प्रक्रिया होती है। ये सब नहीं होने पर स्वास्थ विभाग द्वारा अवैध रुप से संचालित किल्निक को शील किया गया। डॉक्टर स्वप्निल गजभिए के द्वारा बताया गया कि भविष्य में गढ़ी क्षेत्र में चल रहे अवैध क्लीनिकों के ऊपर भी कारवाही की जा सकती है।इस पूरे के कारवाही में पुलिस थाना गढ़ी का विशेष सहयोग रहा।

### न्यायालय नायब तहसीलदार उकवा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट

**।। ईश्तेहार ।।**

रा.प्र.क्र. 0030/ड-154(1)/वर्ष 2026-27
मौजा समनापुर तहसील परसवाड़ा

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम समनापुर तहसील परसवाड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदक जफर खान पिता मेहबूब खान निवासी ग्राम समनापुर तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट के द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेख कर बताया है कि अपने स्वयं जफर खान पिता मेहबूब खान की जन्मतिथि 18.01.1997 को ग्राम समनापुर में जन्म होने से जन्म प्रमाण प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किया। इस सबंध में जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति नियत पेशी दिनांक 14/08/2026 के पूर्व अपने अभिभावक या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक भुगत जाने के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया है।

जारी दिनांक 31/07/2026 — नायब तहसीलदार
नियत तिथि 14/08/2026 — उकवा

### न्यायालय नायब तहसीलदार उकवा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट

**।। ईश्तेहार ।।**

रा.प्र.क्र. 0029/ड-154(1)/वर्ष 2026-27
मौजा समनापुर तहसील परसवाड़ा

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम समनापुर तहसील परसवाड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदक निलोफर खान पिता मेहबूब खान निवासी ग्राम समनापुर तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट के द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेख कर बताया है कि अपने स्वयं निलोफर पिता मेहबूब खान की जन्मतिथि 17.11.1993 को ग्राम समनापुर में जन्म होने से जन्म प्रमाण प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किया। इस सबंध में जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति नियत पेशी दिनांक 14/08/2026 के पूर्व अपने अभिभावक या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक भुगत जाने के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया है।

जारी दिनांक 31/07/2026 — नायब तहसीलदार
नियत तिथि 14/08/2026 — उकवा

### न्यायालय नायब तहसीलदार उकवा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट

**।। ईश्तेहार ।।**

रा.प्र.क्र. 0032/ड-154(1)/वर्ष 2026-27
मौजा समनापुर तहसील परसवाड़ा

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम समनापुर तहसील परसवाड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदक नजीर खान पिता मेहबूब खान निवासी ग्राम समनापुर तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट के द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेख कर बताया है कि अपने स्वयं नजीर खान पिता मेहबूब खान की जन्मतिथि 31.01.1995 को ग्राम समनापुर में जन्म होने से जन्म प्रमाण प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किया। इस सबंध में जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति नियत पेशी दिनांक 14/08/2026 के पूर्व अपने अभिभावक या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक भुगत जाने के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया है।

जारी दिनांक 31/07/2026 — नायब तहसीलदार
नियत तिथि 14/08/2026 — उकवा

### न्यायालय नायब तहसीलदार उकवा तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट

**।। ईश्तेहार ।।**

रा.प्र.क्र. 0031/ड-154(1)/वर्ष 2026-27
मौजा समनापुर तहसील परसवाड़ा

एतद द्वारा सर्वसाधारण एवं आम जनता ग्राम समनापुर तहसील परसवाड़ा को सूचित किया जाता है कि आवेदक बादशाह खान पिता मेहबूब खान निवासी ग्राम समनापुर तहसील परसवाड़ा जिला बालाघाट के द्वारा आवेदन पत्र में उल्लेख कर बताया है कि अपने स्वयं बादशाह खान पिता मेहबूब खान की जन्मतिथि 25.05.1990 को ग्राम समनापुर में जन्म होने से जन्म प्रमाण प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्रस्तुत किया। इस सबंध में जिस किसी व्यक्ति को इस संबंध में कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो वह अपनी लिखित दावा आपत्ति नियत पेशी दिनांक 14/08/2026 के पूर्व अपने अभिभावक या स्वयं उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत पेशी दिनांक भुगत जाने के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 31/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया है।

जारी दिनांक 31/07/2026 — नायब तहसीलदार
नियत तिथि 14/08/2026 — उकवा


।। श्री जीणमाता की जय ।।
।। जय गुलाब बाबा नम: ।।
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।
Hero BAJAJ HONDA TVS
वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा live देश विदेश
भारत, पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, अमेरिका, ब्रिटेन, ईरान, चीन, जापान आदि की खबरें..

विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# राजनीतिक लाभ के लिए हिंदू धर्म पर एकाधिकार जताने की कोशिश कर रहे हैं कुछ राजनीतिक दलः शिवकुमार..

**बेंगलुरु, (भाषा)।**

***कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर परोक्ष तौर पर निशाना साधते हुए कहा कि ''कुछ राजनीतिक दल'' राजनीतिक लाभ के लिए हिंदू धर्म पर अपना एकाधिकार स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं।***

शिवकुमार ने कहा कि धर्म व्यक्तिगत आस्था का विषय है और कोई भी पार्टी मंदिरों, देवी-देवताओं या हिंदुओं पर अपना विशेष अधिकार होने का दावा नहीं कर सकती।

कर्नाटक राज्य मुजराई (हिंदू धार्मिक बंदोबस्ती विभाग) द्वारा आयोजित मंदिर पुजारी संघ और कर्मचारी संघ के राज्य स्तरीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए शिवकुमार ने मंदिर पुजारियों से कांग्रेस सरकार पर भरोसा बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार ने जनता से किए गए वादों को पूरा करने के साथ-साथ धार्मिक मूल्यों और परंपराओं की रक्षा की है। शिवकुमार ने कहा कि केवल एक भगवा शॉल ओढ़कर वे दावा करते हैं कि ''सभी मंदिर हमारे हैं, सभी भगवान हमारे हैं और सभी हिंदू हमारे हैं।'' उन्होंने सवाल किया कि हिंदुओं पर इस तरह का दावा आखिर किस दिशा में ले जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, ''क्या मैं हिंदू नहीं हूं? क्या मुजराई मंत्री रामलिंगा रेड्डी हिंदू नहीं हैं? क्या पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धरमैया एक हिंदू नहीं हैं? क्या कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एक हिंदू नहीं हैं? हम सभी हिंदू हैं।''

उन्होंने कहा कि धर्म व्यक्ति की व्यक्तिगत पसंद है और कोई भी व्यक्ति यह तय नहीं करता कि उसका जन्म किस धर्म या जाति में होगा। उन्होंने कहा कि जन्म, विवाह और मृत्यु सहित जीवन के हर चरण में धार्मिक परंपराएं जुड़ी होती हैं। शिवकुमार ने कहा, ''हम अपनी परंपराओं और रीति-रिवाजों को छोड़कर नहीं जी सकते।''

उन्होंने दावा किया कि किसी भी पिछली सरकार ने धार्मिक संस्थानों के लिए इतनी प्रतिबद्धता से काम नहीं किया और कहा कि पुजारियों ने मुजराई मंत्री रामलिंगा रेड्डी के साथ-साथ सरकार पर भी विश्वास जताया है।

कवि सर्वज्ञ का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, ''नींबू से अधिक खट्टा कुछ नहीं, भृंग (कीड़े) से अधिक काला कुछ नहीं, शंभु (भगवान शिव) से बड़ा कोई देव नहीं और विश्वास से बड़ा कोई गुण नहीं।''

उन्होंने कहा कि पुजारियों का सरकार पर भरोसा उसकी सबसे बड़ी ताकत है।

मुजराई विभाग के अंतर्गत करीब 34,000 मंदिरों के होने का उल्लेख करते हुए शिवकुमार ने पुजारियों को भगवान और भक्तों के बीच सेतु बताया तथा उनसे सरकार का समर्थन जारी रखने की अपील की। उन्होंने कहा, ''जब आप बोलते हैं तो आप भगवान की ओर से बोलते हैं... हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह सरकार बनी रहे।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने प्रार्थना की थी कि यदि उन्हें सरकार बनाने का अवसर मिला तो वह कांग्रेस की पांच गारंटी योजनाओं को लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपने वादे पूरे किए हैं और गृह लक्ष्मी, गृह ज्योति, अन्न भाग्य, शक्ति और युवा निधि जैसी योजनाएं लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई हैं।

भाजपा पर निशाना साधते हुए शिवकुमार ने पूछा कि क्या हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करने और किसानों की आय दोगुनी करने जैसे वादे पूरे हुए। उन्होंने कहा, ''वे केवल वादे रह गए। लेकिन हमने जो भी वादा किया, उसे पूरा किया।''

उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षा, रोजगार और कल्याण के लिए कदम उठाए हैं तथा सरकारी स्तर पर निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में मदद की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की भूमिका लोगों और अवसरों के बीच सेतु की होनी चाहिए, जैसे पुजारी भक्तों और भगवान के बीच सेतु का कार्य करते हैं।

उन्होंने सभी धर्मों के प्रति सरकार के दृष्टिकोण का बचाव करते हुए कहा कि राज्य में हिंदू धार्मिक संस्थानों के लिए मुजराई विभाग और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए अल्पसंख्यक विकास विभाग है। उन्होंने कहा कि लोग अपने धर्म को मानने या बदलने के लिए स्वतंत्र हैं और आस्था व्यक्तिगत विषय है।

उन्होंने कहा, ''हम यहां किसी पर कुछ थोपने के लिए नहीं हैं। धर्म व्यक्तिगत विश्वास पर आधारित है।'' उन्होंने कहा कि सरकारों का मूल्यांकन उनके काम के आधार पर होना चाहिए, केवल बयानबाजी के आधार पर नहीं।

# केरल में भारी बारिश का कहर जारी; राहत शिविर खोले गए, पांच जिलों में 'ऑरेंज अलर्ट'

**तिरुवनंतपुरम, (भाषा)।**

***केरल के कई हिस्सों में बुधवार को मूसलाधार बारिश जारी रही, जिससे बड़े पैमाने पर जलभराव हो गया और सड़कें जलमग्न हो गईं। अधिकारियों ने बताया कि और अधिक राहत शिविर खोले गए हैं***



तथा निचले इलाकों के निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। पत्तनमथिट्टा, अलाप्पुझा और कोट्टयम के दक्षिणी जिलों में बारिश का कहर जारी रहा, जहां लगातार हो रही बौछारों के कारण सामान्य जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया।

इन जिलों के कई जलमग्न इलाकों में बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को घुटने तक भरे पानी से होकर जाते देखा गया।

कई निचले इलाकों में बाढ़ का पानी भरा रहने और कई घरों में पानी जमा रहने के कारण और भी अधिक निवासियों को राहत शिविरों में ले जाया गया।

अधिकारियों ने कहा कि भारी बारिश जारी रहने के मद्देनजर सुरक्षित निकाले गए लोगों को ठहराने के लिए अतिरिक्त राहत शिविर बनाए गए हैं।

कोझिकोड और कन्नूर के उच्च पहाड़ी इलाकों सहित उत्तरी जिलों के कई हिस्सों में भी व्यापक वर्षा दर्ज की गई।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने केरल के पांच जिलों में अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी देते हुए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है, जबकि 'भारतीय राष्ट्रीय महासागर सूचना सेवा केंद्र' (आईएनसीओआईएस) ने राज्य के दक्षिणी तट के कुछ हिस्सों में ऊंची लहरें उठने और तटवर्ती इलाकों में समुद्र का पानी घुसने की चेतावनी दी है।

आईएमडी ने पत्तनमथिट्टा, कोट्टयम, इडुक्की, कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। मौसम विभाग ने कहा कि बृहस्पतिवार को यह अलर्ट पत्तनमथिट्टा, अलाप्पुझा, कोट्टयम, इडुक्की, एर्नाकुलम, कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए लागू रहेगा।

आईएमडी ने बताया कि शुक्रवार के लिए मलप्पुरम, कोझिकोड, वायनाड, कन्नूर और कासरगोड जिलों के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया गया है।

मौसम एजेंसी के अनुसार, राज्य में कुछ स्थानों पर भारी बारिश होने की संभावना है, जबकि छह और सात अगस्त को चुनिंदा स्थानों पर बहुत भारी बारिश होने की उम्मीद है।

आईएनसीओआईएस ने 'कल्लाक्कडाल' नामक समुद्री स्थिति को लेकर चेतावनी जारी की है, जिसमें समुद्र में अचानक ऊंची और उग्र लहरें उठती हैं, जिससे तटीय इलाकों में बाढ़ आ सकती है। 'कल्लाक्कडाल' समुद्र की एक ऐसी स्थिति है जिसमें बिना किसी स्थानीय तूफान या हवा के अचानक समुद्र में बहुत ऊंची और उग्र लहरें उठने लगती हैं और तटों पर बाढ़ आ जाती है।

यह चेतावनी तिरुवनंतपुरम जिले में कप्पिल से पोझियूर, कोल्लम जिले में अलप्पड से एडवा, और अलाप्पुझा जिले में चेल्लानम से अझिक्कल जेट्टी तक के तटीय पट्टी के लिए जारी की गई है।

आईएनसीओआईएस ने बृहस्पतिवार दोपहर 2.30 बजे तक कन्याकुमारी तट पर 1.2 मीटर से 1.6 मीटर तक ऊंची लहरें उठने और समुद्र के पानी के अंदरूनी इलाकों में प्रवेश करने की चेतावनी दी है। अधिकारियों ने मछुआरों, तटीय निवासियों और आम जनता को सतर्क रहने तथा चेतावनी की अवधि के दौरान संवेदनशील तटीय क्षेत्रों में जाने से बचने की सलाह दी है।

इन चेतावनियों के मद्देनजर, केरल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (केएसडीएमए) ने मछुआरों और तटीय निवासियों को सतर्क रहने, आईएनसीओआईएस की चेतावनी वापस लिये जाने तक समुद्र तटों तथा पर्यटन गतिविधियों से दूर रहने और संभावित रूप से तटों की मिट्टी बहने के प्रति सावधानी बरतने की सलाह दी है।

लगातार हो रही बारिश के बीच, केएसडीएमए ने भूस्खलन, पहाड़ों से मलबे एवं कीचड़ के बहाव और अचानक आने वाली बाढ़ के प्रति संवेदनशील पहाड़ी इलाकों में रहने वाले लोगों से दिन के समय सुरक्षित स्थानों पर जाने की अपील की है। प्राधिकरण ने बाढ़ की आशंका वाले निचले इलाकों के निवासियों को स्थानीय स्थिति का आकलन करने के बाद राहत शिविरों में जाने की सलाह भी दी है।

लोगों को भारी बारिश के दौरान नहाने, मछली पकड़ने या किसी अन्य उद्देश्य से नदियों और अन्य जल स्रोतों में न जाने की सलाह दी गई है।

आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ने जनता से अपील की है कि तेज बारिश के दौरान अनावश्यक यात्रा से बचें और मौसम की चेतावनी वापस लिये जाने तक झरनों, जलाशयों और पहाड़ी पर्यटन स्थलों पर जाने से बचें।

प्राधिकरण ने वाहन चालकों को पानी के स्रोतों के पास की सड़कों और मरम्मत के काम से गुजरने वाले रास्तों पर यात्रा करते समय सावधानी बरतने की सलाह दी है, क्योंकि भारी बारिश के दौरान दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है।

लोगों को सलाह दी गई है कि वे नजारों को देखने या सेल्फी लेने के लिए नदियों या जल निकायों के ऊपर बने पुलों पर इकट्ठा न हों, जबकि पहाड़ी इलाकों में रात के समय यात्रा करने से बचना चाहिए।

प्राधिकरण ने तेज हवाओं के कारण उखड़े पेड़ों और क्षतिग्रस्त बिजली के खंभों से होने वाले हादसों के प्रति भी चेतावनी दी है।

भारी बारिश के कारण इडुक्की और कोट्टायम समेत बारिश से प्रभावित 10 जिलों के शैक्षणिक संस्थान बुधवार को बंद रहे।

# पश्चिम बंगाल सरकार ने तृणमूल शासन में जारी जाति प्रमाण पत्रों के सत्यापन का कार्य शुरू किया

**कोलकाता, (भाषा)।**

***पश्चिम बंगाल में भाजपा सरकार ने पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस शासनकाल में जारी जाति प्रमाण पत्रों का सत्यापन करने की प्रक्रिया बड़े पैमाने पर शुरू की है और इसके तहत 45,000 से अधिक दस्तावेजों की जांच की जा रही है।***

अबतक 135 प्रमाणपत्रों को रद्द किया जा चुका है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अब तक कुल 1,22,117 जाति प्रमाण-पत्रों की दोबारा जांच की गई है और इनमें से 76,750 दस्तावेज, यानी लगभग 62.8 प्रतिशत, सही पाए गए हैं।

अधिकारी ने कहा कि लेकिन 45,000 से अधिक प्रमाण पत्रों को आगे की जांच के लिए चिह्नित किया गया है, जबकि 135 प्रमाण पत्रों को जांच-पड़ताल के बाद रद्द कर दिया गया है।

यह कवायद तृणमूल शासन के दौरान अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी), अनुसूचित जाति (एसी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) प्रमाण-पत्र जारी करने में बड़े पैमाने पर अनियमितताओं के आरोपों के बाद की जा रही है।

राज्य सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि यह जांच अभियान यह सुनिश्चित करने के लिए चलाया जा रहा है कि केवल पात्र लाभार्थियों के पास ही जाति प्रमाणपत्र रहें।

अधिकारी ने पहचान गुप्त रखते हुए 'पीटीआई-भाषा' से कहा, ''उद्देश्य तय नियमों के अनुसार प्रत्येक प्रमाणपत्र की सख्ती से जांच करना है। जहां भी गड़बड़ी मिलेगी, वहां कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा। इस कवायद का मकसद प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया की विश्वसनीयता बनाए रखना और यह सुनिश्चित करना है कि लाभ केवल पात्र लोगों तक ही पहुंचें।''

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने अधिकारियों को पिछली सरकार के दौरान जारी किए गए सभी जाति प्रमाण-पत्रों की जांच करने का निर्देश दिया था। उन्होंने बताया कि जांच में खुलासा हुआ है कि अलग-अलग इलाकों में आयोजित 'दुआरे सरकार' शिविरों में बड़ी संख्या में जाति प्रमाण-पत्र जारी किए गए, जिनमें से कई कथित तौर पर बिना सही जांच-पड़ताल के ही जारी कर दिए गए थे।

# शिक्षा प्रणाली और ज्ञान के कारण भारत का विश्व स्तर पर सम्मान हैः मुख्यमंत्री यादव..

**भोपाल, (भाषा)।**

***मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बुधवार को कहा कि भारत को अपनी शिक्षा व्यवस्था और ज्ञान के कारण विश्व में सम्मान मिलता है। कमला नेहरू सांदीपनि कन्या विद्यालय में***

विभिन्न कक्षाओं, पुस्तकालय, संगीत कक्ष, प्रयोगशाला और अन्य सुविधाओं का निरीक्षण करने के बाद छात्रों के साथ बातचीत करते हुए यादव ने यह भी कहा कि केवल पैसा ही देश की प्रगति को बढ़ावा नहीं देता है, बल्कि मूल्यों की शक्ति इसे आगे ले जाती है।

उन्होंने कहा, ''भारत को अपनी शिक्षा व्यवस्था और ज्ञान के बल पर विश्व में सम्मान मिलता है। भारत का अर्थ है एक ऐसा राष्ट्र जो सभी को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाए।''



उन्होंने कहा, ''गुरु (शिक्षक) भी हमें अंधकार से प्रकाश का रास्ता दिखाते हैं। भारतीय संस्कृति हमें 'जियो और जीने दो' और 'वसुधैव कुटुम्बकम' सिखाती है। भारतीय गुरुकुल परंपरा और शिक्षा प्रणाली का गौरवशाली इतिहास रहा है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया में कई देश हैं जो आर्थिक रूप से अधिक शक्तिशाली हैं ''लेकिन, सिर्फ पैसा ही देश नहीं चलाता। यह अपने मूल्यों की शक्ति से आगे बढ़ता है।''

मुख्यमंत्री ने याद किया कि उन्होंने भी एक सरकारी स्कूल में पढ़ाई की थी। उन्होंने कहा कि उन दिनों स्कूलों में ऐसी सुविधाओं का अभाव था। यादव ने कहा कि भारत इस समय 'अमृत काल' से गुजर रहा है। उन्होंने कहा, ''आज के युवा अमृत पीढ़ी हैं, देश के नए निर्माता हैं। युवा मिलकर 2047 तक विकसित भारत के सपने को पूरा करेंगे।''

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा संचालित सांदीपनि स्कूलों को वर्तमान में देश का सर्वश्रेष्ठ स्कूल बताते हुए यादव ने कहा कि निजी स्कूलों के छात्र भी सांदीपनि स्कूलों में जाने के लिए उत्सुक हैं।

उन्होंने कहा कि ये स्कूल छात्रों के भविष्य को आकार देने के लिए प्रयोगशालाएं हैं।

यादव ने कहा कि पहले चरण में मध्यप्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग के 274 सांदीपनि विद्यालय और जनजातीय कार्य विभाग के 94 सांदीपनि विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

# कर्नाटक में मंत्रिमंडल विस्तारः शिवकुमार और सुरजेवाला ने असंतुष्ट विधायकों से की मुलाकात

**बेंगलुरु, (भाषा)।**

कर्नाटक में हाल ही में हुए मंत्रिमंडल विस्तार को लेकर जारी नाराजगी के बीच कर्नाटक के मुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने बुधवार को असंतुष्ट विधायकों से मुलाकात की। माना जा रहा है कि जिन विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं मिली उनके समर्थकों के विरोध के बाद पार्टी ने यह कदम उठाया।

असंतुष्ट विधायकों को मनाने के लिए कांग्रेस की कर्नाटक इकाई के अध्यक्ष बी.के. हरिप्रसाद और कुछ अन्य मंत्रियों ने भी इसी तरह की कोशिशें की थीं।

प्रयास जारी रहने के बीच सोमवार को हुए कैबिनेट विस्तार (जिसमें 19 मंत्रियों को शामिल किया गया था) में जगह न पाने वाले कुछ वरिष्ठ और एक जैसी सोच रखने वाले विधायकों ने अपने भविष्य के कदम पर चर्चा करने के लिए जल्द ही मिलने का फैसला किया।

इस पहल का कुछ असर होता दिखा, क्योंकि इंडी के विधायक यशवंतरायगौड़ा वी. पाटिल ने सोमवार को विधायक पद से दिया गया इस्तीफा वापस ले लिया। उन्होंने बुधवार को विधानसभा सचिव को पत्र लिखकर अपना इस्तीफा वापस ले लिया। सूत्रों के मुताबिक, मुख्यमंत्री और कुछ मंत्रियों के मनाने के बाद पाटिल ने ऐसा करने का फैसला किया। मंत्रिमंडल विस्तार में जगह न मिलने के बाद कांग्रेस के और भी नाराज विधायकों की ओर से इस्तीफा दिए जाने की धमकी के बीच शिवकुमार ने मंगलवार को चेतावनी दी कि पार्टी कुछ ही मिनटों में उनके इस्तीफे स्वीकार कर लेगी।

उन्होंने नाराज विधायकों से धैर्य बनाए रखने को कहा और बताया कि राज्य सरकार के बोर्ड और निगमों में जल्द ही पद भरे जाएंगे।

गुब्बी के विधायक एस.आर. श्रीनिवास (जिन्होंने मंगलवार को मंत्री न बनाए जाने पर गहरी नाराजगी जताई थी) बुधवार को शिवकुमार से मुलाकात के बाद सुलह के मूड में दिखे। हालांकि उन्होंने अपनी पुरानी पार्टी जनता दल (सेक्युलर) के नेता एच.डी. कुमारस्वामी की भी तारीफ की, जिन्होंने पूर्व में श्रीनिवास को अपनी कैबिनेट में मंत्री बनाया था।

मंत्रियों के एक समूह ने वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री टी.बी. जयचंद्र तथा बेंगलुरु के विधायक एम. कृष्णप्पा और उनके बेटे प्रिय कृष्णा से मुलाकात की, ताकि उन्हें मनाया जा सके। बाद में, शाम को मुख्यमंत्री और सुरजेवाला ने कृष्णप्पा के घर जाकर पिता-पुत्र की जोड़ी से बातचीत की।

हरिप्रसाद ने वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री एच.के. पाटिल तथा पूर्व मंत्रियों दिनेश गुंडू राव और टी.बी. जयचंद्र के घरों का दौरा किया।

पत्रकारों से बात करते हुए जयचंद्र ने कहा, ''मतभेद तो हैं, लेकिन उन्हें पार्टी के भीतर ही सुलझाया जाना चाहिए। मुझे उम्मीद है कि आलाकमान और मुख्यमंत्री इस पर ध्यान देंगे।''

पत्रकारों से बात करते हुए केपीसीसी प्रमुख हरिप्रसाद ने भरोसा जताया कि पार्टी में जारी नाराजगी दूर हो जाएगी।

कर्नाटक मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत कुल 34 सदस्य हो सकते हैं। सोमवार को हुए विस्तार के बाद भी एक पद खाली है।

सूत्रों के मुताबिक, सुरजेवाला की सिद्धरमैया से मुलाकात की भी संभावना है। पार्टी हलकों में इस बात की काफी चर्चा है कि पूर्व मुख्यमंत्री इस बात से नाराज हैं कि कैबिनेट विस्तार के दौरान आलाकमान ने उनकी सिफारिशों को नहीं माना।

जानकारी के मुताबिक, ब्यादगी के विधायक बसवराज शिवन्ननवर (जो कुरुबा समुदाय से हैं) को कैबिनेट में शामिल न किए जाने से सिद्धरमैया नाराज हैं, जबकि उसी समुदाय की विधान परिषद सदस्य गायत्री शांतेगौड़ा का नाम आलाकमान की ओर से भेजी गई सूची में शामिल था पर उनका शपथग्रहण आखिरी समय पर रद्द कर दिया गया।

विधान परिषद सदस्य उमाश्री को कैबिनेट में जगह न देकर उन्हें विधान परिषद के उपसभापति पद के लिए पार्टी का उम्मीदवार बनाए जाने से भी वह (सिद्धरमैया) नाराज बताए जा रहे हैं।

# मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर मुख्यमंत्री धामी ने 'हाई अलर्ट' पर रहने के निर्देश दिये..

**देहरादून, (भाषा)।**

उत्तराखंड में लगातार हो रही वर्षा तथा बृहस्पतिवार के लिए मौसम विभाग की चेतावनी के मद्देनजर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने संभावित आपदा की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए राज्य की सभी एजेंसियों को 'हाई अलर्ट' पर रहने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास सचिव विनोद कुमार सुमन से विभिन्न जिलों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली तथा कहा कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान को देखते हुए राज्य आपदा प्रतिवादन बल, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल, जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय के साथ उच्च सतर्कता बरतें तथा किसी भी आपात स्थिति में बिना विलंब राहत एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया जाए।

धामी ने जिलाधिकारियों को चौबीसों घंटे सतर्क रहने का निर्देश देते हुए कहा कि संवेदनशील क्षेत्रों की निरंतर निगरानी रखी जाए, नदी-नालों के जलस्तर पर सतत दृष्टि बनाए रखी जाए तथा आवश्यकता पड़ने पर तत्काल लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की कार्रवाई सुनिश्चित हो। सुमन ने बताया कि मौसम विभाग द्वारा बृहस्पतिवार के लिए देहरादून, चमोली एवं बागेश्वर जिलों में बारिश का 'ऑरेंज अलर्ट' तथा राज्य के शेष जिलों में 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है।



उन्होंने कहा कि मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर तीव्र वर्षा, आकाशीय बिजली तथा तेज हवाओं की आशंका भी व्यक्त की है और ऐसी परिस्थितियों में सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने को कहा गया है। सचिव ने प्रदेशवासियों एवं राज्य में आए पर्यटकों से भी अपील की है कि मौसम विभाग की चेतावनी को गंभीरता से लें, सावधान, सचेत एवं सतर्क रहें तथा अनावश्यक यात्रा से बचें।

उन्होंने कहा कि यात्रा प्रारंभ करने से पूर्व मौसम एवं मार्ग की अद्यतन जानकारी अवश्य प्राप्त करें। इस बीच, भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए छात्रों की सुरक्षा के लिए चमोली और बागेश्वर जिलों में बृहस्पतिवार को कक्षा 12 तक के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया है।






जग प्रेरणा
खेल मनोरंजन
खेल जगत एवं बॉलीवुड व हॉलीवुड की खबरें..



# तन्वी की अगुवाई में महिला खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन, पुरुष वर्ग में मिली निराशा..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***ताइपे ओपन चैंपियन तन्वी शर्मा ने कोरिया मास्टर्स सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार शुरुआत करते हुए बुधवार को दूसरे दौर में जगह बना ली, लेकिन पुरुष एकल में विश्व चैंपियनशिप के पूर्व रजत पदक विजेता किदांबी श्रीकांत को पहले ही दौर में हारकर बाहर होना पड़ा जिससे भारतीय खिलाड़ियों के लिए यह दिन मिलाजुला रहा।***




तीसरी वरीयता प्राप्त तन्वी ने चीन की युआन एन क्वी को सीधे गेम में 21-16, 21-15 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तन्वी ने हाल ही में ताइपे ओपन में अपना पहला बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर खिताब जीता था। भारतीय खिलाड़ियों के महिला एकल के अन्य मुकाबले में रक्षिता रामराज ने शानदार वापसी करते हुए कोरिया की यू आ योन को 22-24, 21-12, 21-13 से हराया। वहीं मानसी सिंह ने किम जू यून को 14-21, 21-19, 21-9 से मात दी।

पांचवीं वरीयता प्राप्त इशारानी बरुआ ने कोरिया की ली सो युल को 21-18, 15-21, 21-7 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। आठवीं वरीयता प्राप्त अनमोल खरब ने भी पहला गेम गंवाने के बाद हांगकांग की लो सिन यान हैप्पी को 16-21, 21-17, 21-12 से शिकस्त दी।

अश्मिता चालिहा ने जापान की रिको हिरामोटो को 22-20, 21-18 से हराया, जबकि श्रियांशी वालिशेट्टी ने चीनी ताइपे की पाई यू पो को 21-15, 21-14 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तान्या हेमंत और आकर्षि कश्यप को हार का सामना करना पड़ा। तान्या जापान की शीर्ष वरीयता प्राप्त हिना अकेची से 16-21, 20-22 से हारीं, जबकि आकर्षि कोरिया की किम मिन जी से तीन गेम के मुकाबले में 22-20, 21-23, 3-21 से पराजित हुईं। पुरुष एकल में तीसरी वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत को इजरायल के डेनियल डुबोवेंको ने कड़े मुकाबले में 20-22, 21-14, 12-21 से हराया। श्रीकांत की हार के साथ भारतीय पुरुष एकल खिलाड़ियों के लिए दिन निराशाजनक रहा। किरण जॉर्ज, मिथुन मंजूनाथ, तरुण मन्नेपल्ली और रौनक चौहान भी पहले दौर में ही बाहर हो गए।

किरण कोरिया के पार्क सांग योंग से 15-21, 9-21 से हारे, जबकि मिथुन को चीन के झू शुआन चेन के खिलाफ 11-21, 9-21 से शिकस्त मिली। तरुण ने संघर्ष किया, लेकिन कोरिया के यू ताए बिन से 13-21, 21-12, 19-21 से हार गए। रौनक को भी कोरिया के चौथी वरीयता प्राप्त जियोन ह्योक जिन ने 21-23, 19-21 से मात दी। सनीथ दयानंद को जापान के शीर्ष वरीय और विश्व नंबर-21 युदाई ओकिमोटो के खिलाफ चोट के कारण मैच बीच में छोड़ना पड़ा।

युगल वर्ग में छठी वरीयता प्राप्त इशान भटनागर और श्रुति मिश्रा की मिश्रित जोड़ी ने हमवतन सात्विक रेड्डी कनापुरम और राधिका शर्मा को 20-22, 21-10, 21-15 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। महिला युगल में सोनाली सिंह और ऋतिका ठाकेर ने कोरिया की बांग जी सुन और ह्यून जी जांग को 13-21, 21-15, 21-12 से हराया। अन्य भारतीय युगल जोड़ियों को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में ध्रुव रावत और मनीषा के तो वहीं पुरुष युगल में भार्गव राम अरिगेला और विश्व तेज गोब्बुरु का अभियान हार के साथ समाप्त हो गया।

# 2016 में बायपास और 2018 में स्टेज 4 कैंसर, फिर भी नहीं लगा मौत से डर, भावुक कर देगा प्रदीप रावत का आखिरी संदेश..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय सिनेमा जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। बॉलीवुड और साउथ फिल्मों में अपनी दमदार अदाकारी और विलेन के किरदारों से पहचान बनाने वाले सीनियर एक्टर प्रदीप रावत का 4 अगस्त को निधन हो गया।***



74 वर्ष की उम्र में उन्होंने इस दुनिया को अलविदा कह दिया। प्रदीप रावत लंबे समय से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। 'लगान' के देवा और 'गजनी' के खतरनाक विलेन के रूप में घर-घर मशहूर हुए इस अभिनेता के जाने से फिल्म इंडस्ट्री में शोक व्याप्त है।

## शूटिंग खत्म करते ही चला था स्टेज 4 कैंसर का पता..

जिंदगी के इस सबसे कठिन दौर को याद करते हुए प्रदीप रावत ने सिद्धार्थ कनन के साथ एक इंटरव्यू में अपनी बीमारी के उस भयावह दिन के बारे में खुलकर बात की थी। उन्होंने बताया था कि एक फिल्म की शूटिंग खत्म करने के तुरंत बाद उन्हें अपने स्टेज 4 कैंसर के बारे में पता चला।

मल में खून आने के बाद जब उन्होंने जांच कराई तो डॉक्टरों को पेट के अंदर एक ट्यूमर मिला, जिससे लगातार ब्लीडिंग हो रही थी। जब रिपोर्ट्स आईं तो उनका परिवार और रिश्तेदार फूट-फूटकर रोने लगे। हालांकि घर वालों के चेहरे की हवाइयां देखकर प्रदीप रावत बिना कहे ही समझ गए थे कि मामला कितना गंभीर है।

## खुद दर्द में रहकर भी परिवार को देते रहे हिम्मत..

ज्यादातर लोग कैंसर नाम सुनते ही हिम्मत हार बैठते हैं, लेकिन प्रदीप रावत के साथ ऐसा नहीं हुआ। जब पत्नी और छोटे बच्चे रो रहे थे, तब प्रदीप खुद अपनी बीमारी को भूलकर उन्हें ढांढस बंधा रहे थे। उन्होंने बताया था कि एक पल के लिए भी उनके मन में मौत का डर या कोई नकारात्मक विचार नहीं आया। उन्हें अपनी आस्था और बजरंगबली पर पूरा भरोसा था। वे लगातार अपने परिवार को यही समझाते रहे, 'मुझे कुछ नहीं होगा, तुम लोग परेशान मत हो।' बजरंगबली के प्रति उनकी अटूट श्रद्धा ने ही उन्हें इस मुश्किल दौर से बाहर निकाला था।

## 2016 में बायपास और 2018 में कैंसर..

प्रदीप रावत का स्वास्थ्य संबंधी संघर्ष बेहद लंबा और दर्दनाक रहा। साल 2016 में उनकी दिल की गंभीर बायपास सर्जरी हुई थी। इस सर्जरी के बाद उन्होंने बड़ी मुश्किल से डेढ़ साल में अपना 20 किलो वजन बढ़ाया था, लेकिन 2018 में जब स्टेज 4 कैंसर का निदान हुआ, तो बीमारी और इलाज की वजह से उनका बढ़ा हुआ सारा वजन फिर से घट गया। उनका शरीर काफी कमजोर हो गया था, लेकिन उनका मनोबल कभी नहीं टूटा।

## मां के संस्कार और 'हरि' के नाम ने दी जीने की ताकत..

अपनी इस जंग में प्रदीप रावत को अपनी स्वर्गीय मां की कही बातें और संस्कार सबसे बड़ा सहारा बने। उन्होंने अपनी मां की सीख को याद करते हुए कहा था कि उनकी मां हमेशा कहती थीं, 'असल मजा हरि...' यानी अगर ईश्वर आपके साथ हैं तो सब ठीक होगा और घबराने की कोई जरूरत नहीं है। अपनी मां के आशीर्वाद, ईमानदारी और खुद के साहस के दम पर ही वे कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से इतने सालों तक मुकाबला कर सके।

## उत्तर भारत से लेकर साउथ सिनेमा तक जमाया धाक..

प्रदीप रावत ने अपने करियर की शुरुआत बीआर चोपड़ा के ऐतिहासिक धारावाहिक 'महाभारत' में राजा द्रुपद का किरदार निभाकर की थी। इसके बाद उन्होंने आशुतोष गोवारिकर की फिल्म 'लगान' में देवा का यादगार रोल निभाया, लेकिन साल 2008 में आई आमिर खान की फिल्म 'गजनी' ने उन्हें एक नई पहचान दी, जिसमें उनके विलेन के किरदार ने दर्शकों के रोंगटे खड़े कर दिए थे।

हिंदी फिल्मों के अलावा उन्होंने 'अश्वत्थामा' और कई सुपरहिट तेलुगु व तमिल फिल्मों में भी अपनी अदाकारी का लोहा मनवाया। भले ही आज वे हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन सिनेमा में उनका योगदान हमेशा याद रखा जाएगा।

# पंचतत्व में विलीन हुए प्रदीप रावत, पिता को विदा करते हुए फूट-फूट कर रोए बेटे विक्रम, सामने आईं अंतिम विदाई की गमगीन झलक..

डेस्क जगप्रेरणा।

***भारतीय सिनेमा में अपनी सशक्त अदाकारी और खलनायक के जानदार किरदारों के लिए पहचाने जाने वाले वरिष्ठ अभिनेता प्रदीप रावत का 4 अगस्त को 74 वर्ष की आयु में निधन हो गया।***



वे लंबे समय से स्टेज 4 कैंसर से जंग लड़ रहे थे, लेकिन अंतिम सांस तक उनका हौसला बुलंद रहा। 5 अगस्त को मुंबई के गोरेगांव स्थित शवदाह गृह में उनका अंतिम संस्कार संपन्न हुआ, जहां फिल्म जगत की हस्तियों और फैंस ने उन्हें भावभीनी अंतिम विदाई दी।

## बेटे विक्रम का टूटा सब्र का बांध, रोते-बिलखते निभाई अंतिम रस्में..

प्रदीप रावत के अंतिम संस्कार के दौरान बेहद गमगीन माहौल देखने को मिला। उनके बेटे विक्रमादित्य रावत ने अपने पिता की अंतिम रस्में निभाईं। अंतिम क्रियाएं पूरी करते समय विक्रम अपने आंसुओं को रोक न सके और फूट-फूटकर रो पड़े। इस दुखद घड़ी में परिवार के सदस्य, करीबी रिश्तेदार और शुभचिंतक विक्रम को संभालते और ढांढस बंधाते नजर आए।

## 'लगान' की स्टारकास्ट समेत बॉलीवुड सितारों ने दी अंतिम विदाई..

प्रदीप रावत को श्रद्धांजलि देने और उनके अंतिम दर्शन के लिए बॉलीवुड के कई दिग्गज पहुंचे। 'लगान' फिल्म में उनके साथ काम कर चुके अभिनेता आमिर खान और निर्देशक आशुतोष गोवारिकर बेहद भावुक नजर आए। उनके अलावा वरिष्ठ अभिनेता रजा मुराद, निर्माता आनंद पंडित, बाल कलाकार रूहानिका धवन और 'लगान' में उनके सह-कलाकार व करीबी दोस्त यशपाल शर्मा भी अंतिम संस्कार में शामिल हुए। यशपाल शर्मा ने सोशल मीडिया पर इस दुखद समाचार को साझा करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और प्रशंसकों को अंतिम दर्शन की जानकारी दी थी।

## लाइमलाइट से दूर रहता है प्रदीप रावत का परिवार..

प्रदीप रावत अपने पीछे पत्नी कल्याणी रावत और बेटे विक्रमादित्य रावत को छोड़ गए हैं। अभिनेता ने अपने निजी जीवन को हमेशा चकाचौंध से दूर और बेहद सादगी से भरा रखा। प्राप्त जानकारियों के मुताबिक, उनकी पत्नी कल्याणी एक तेलुगु भाषी परिवार से आती हैं और उनका फिल्म उद्योग से कोई सीधा संबंध नहीं रहा है। वे बेहद कम मौकों पर ही सार्वजनिक कार्यक्रमों में अपने पति के साथ नजर आती थीं।

## बीआर चोपड़ा की 'महाभारत' से लेकर 'छावा' तक का यादगार सफर..

प्रदीप रावत ने अपने अभिनय करियर में हिंदी के साथ-साथ दक्षिण भारतीय भाषाओं की फिल्मों में भी गहरी छाप छोड़ी। बीआर चोपड़ा के ऐतिहासिक धारावाहिक 'महाभारत' में अश्वत्थामा के रूप में अभिनय यात्रा शुरू करने के बाद उन्होंने 'सरफरोश', 'लगान' और 'गजनी' जैसी फिल्मों से इतिहास रचा। 'गजनी' में उनके मुख्य खलनायक के किरदार को आज भी भारतीय सिनेमा के सबसे खौफनाक विलेन्स में गिना जाता है। अपने करियर के आखिरी दौर में वे विक्की कौशल स्टारर फिल्म 'छावा' में येसाजी कंक की भूमिका में नजर आए थे। तमिल, तेलुगु और कन्नड़ सिनेमा में भी उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

# शिवांगी जोशी को पीछे छोड़ श्रेया कालरा ने जीता 'लॉक अप 2', खुशी से झूमीं शिल्पा शिंदे..

डेस्क जगप्रेरणा।

***40 दिनों तक चले बेहिसाब कलेश, तीखी बहसों, बगावत, दोस्ती, दिल टूटने के लम्हों और सांसें थाम देने वाले टास्क के बाद आखिरकार ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रियलिटी शो 'लॉक अप 2' को अपना नया विजेता मिल गया है।***




जून 27 को 15 प्रतियोगियों के साथ शुरू हुए इस बहुचर्चित शो के ग्रैंड फिनाले में दर्शकों का सस्पेंस खत्म हुआ और श्रेया कालरा ने इस सीजन की चमचमाती ट्रॉफी और ₹1 करोड़ का बंपर कैश प्राइज अपने नाम कर लिया। श्रेया कालरा की जीत से शिल्पा शिंदे भी काफी खुश और एक्साइटेड नजर आईं, जैसे ही श्रेया के नाम का फराह और रितेश ने ऐलान किया वो उछल पड़ीं।

## कड़े मुकाबले में दिग्गजों को दी मात..

ग्रैंड फिनाले की रेस बेहद रोमांचक और कांटे की टक्कर वाली थी। अंतिम पड़ाव तक पहुंचे टॉप 5 फाइनलिस्ट्स श्रेया कालरा, शिवांगी जोशी, शिल्पा शिंदे, योगेश रावत और राम कपूर के बीच खिताबी जंग देखने को मिली। सोशल मीडिया पर जहां श्रेया कालरा और शिवांगी जोशी के फैंस के बीच जबरदस्त 'फैन वॉर' छिड़ा हुआ था और यही सच साबित हुआ, ये दोनों कंटेस्टेंट फिनाले में टॉप टू में नजर आईं और श्रेया ने जीत दर्ज की।

## टॉप टू में पहुंचीं शिवांगी जोशी और श्रेया कालरा..

फराह खान और रितेश देशमुख द्वारा होस्ट किए गए इस ग्रैंड फिनाले में विजेता का फैसला केवल पिछली परफॉर्मेंस के आधार पर नहीं, बल्कि अंतिम फिनाले टास्क, जूरी और मीडिया के साथ स्टूडियो में मौजूद लोगों की वोटिंग के अनुसार तय हुई। श्रेया ने न केवल फिनाले टास्क में अपनी दिमागी और शारीरिक क्षमता का लोहा मनवाया, बल्कि ऑडियंस वोटिंग में भी बाकी दावेदारों को पीछे छोड़ दिया। गौरतलब है कि फिनाले से ठीक पहले योगेश ने एक टास्क जीतकर ₹10 लाख की इनामी राशि पहले ही सुरक्षित कर ली थी, जबकि अन्य उपविजेताओं के हाथ खाली रहे।

## विवादों और ट्विस्ट से भरा रहा 6 हफ्तों का सफर..

'लॉक अप 2' का यह सीजन अपने अनूठे ट्विस्ट और ड्रामे के लिए याद किया जाएगा। छठे हफ्ते में हर्षद चोपड़ा द्वारा अपनी फिनाले सीट शिवांगी जोशी को दिए जाने के त्याग से लेकर, आकांक्षा चौधरी और वरुण यादव के बेघर होने तक, हर मोड़ पर दर्शकों को बड़ा सरप्राइज मिला। शो के अंदर बने रिश्तों और रणनीतियों पर जहां बाहर खूब बहसें हुईं, वहीं श्रेया ने शुरुआती दिन से ही हर विवाद में उलझते हुए और सही वक्त पर सही स्टैंड लेते हुए दर्शकों का दिल जीता।

## जीत के बाद खुशी से झूमीं श्रेया..

ट्रॉफी उठाने के बाद श्रेया बेहद उत्साहित नजर आईं, उन्होंने ट्रॉफी हाथ में लेते ही उसे चूम लिया। उन्होंने इस ऐतिहासिक जीत का श्रेय अपने फैंस और लगातार समर्थन देने वाले दर्शकों को दिया। ₹1 करोड़ का जैकपॉट और 'लॉक अप 2' के विजेता का ताज अब आधिकारिक तौर पर श्रेया कालरा के नाम दर्ज हो चुका है।

# ऑस्ट्रेलिया सीरीज से पहले बांग्लादेश के लिए राहत भरी खबर, लिटन दास ने शुरू की विकेटकीपिंग प्रैक्टिस..

**डेस्क जगप्रेरणा।**



बांग्लादेश की टीम इन दिनों दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए बांग्लादेश के दौरे पर है। इस सीरीज के लिए बांग्लादेश की टीम में बाद में विकेटकीपर बल्लेबाज लिटन दास को शामिल किया गया था। दरअसल पिछले कुछ समय से वह चोट से परेशान थे, लेकिन फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद वह टीम में जगह बनाने में कामयाब रहे। इस बीच बांग्लादेश के लिए एक और अच्छी खबर आई है। लिटन दास ने ऑस्ट्रेलिया पहुंच कर विकेटकीपिंग प्रैक्टिस शुरू कर दी है।

## 6 से 8 अगस्त तक खेला जाएगा प्रैक्टिस मैच..

5 अगस्त को लिटन दास ने **DXC** एरिना में बिना किसी तकलीफया परेशानी के प्रैक्टिस सेशन पूरा किया। लिटन के लिए यह बांग्लादेशी टीम के साथ पहला ट्रेनिंग सेशन था। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड **(BCB)** के अधिकारियों ने क्रिकबज के हवाले से कहा है कि वे डार्विन में 6 से 8 अगस्त तक क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया इलेवन के खिलाफ होने वाले तीन दिवसीय अभ्यास मैच में लिटन दास की मौजूदगी को लेकर उम्मीद लगाए हुए हैं। वे उम्मीद कर रहे हैं कि लिटन पूरी तरह फिट होकर इस प्रैक्टिस मैच के लिए उपलब्ध रहेंगे।

## इंजरी की वजह से जिम्बाब्वे दौरे पर नहीं गए थे लिटन दास..

**BCB** की सेलेक्शन कमिटी ने पहले यह कहा था कि लिटन दास पहले टेस्ट मैच के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे, लेकिन बाद में उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफदो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए टीम में शामिल किया गया था। जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के दौरान उन्हें लेफ्ट काफमें इंजरी हो गई थी, जिसकी वजह से वे जून और जुलाई में हुए जिम्बाब्वे दौरे पर नहीं जा पाए थे। हालांकि अब वे पूरी तरह से ठीक हो चुके हैं और ऑस्ट्रेलिया दौरे पर टीम के साथ जुड़ चुके हैं।

## नेट्स में काफी देर तक लिटन दास ने की प्रैक्टिस..

लिटन ने बिना किसी परेशानी के काफी समय तक नेट पर बल्लेबाजी की और इसके बाद विकेटकीपिंग का अभ्यास भी किया। हबीबुल ने बताया कि जिम्बाब्वे सीरीज के दौरान भी उन्हें बल्लेबाजी में कोई दिक्कत नहीं थी। उनकी सबसे बड़ी दिक्कत काफमें है, जिसकी वजह से उन्हें तेजी से मुड़ने और दौड़ने में परेशानी होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि आगे सब अच्छा रहेगा। लिटन दास के लिए यह प्रैक्टिस मैच काफी अहम हो सकता है। चोट की वजह से वे लंबे समय से कोई मैच नहीं खेल पाए हैं। ऐसे में, अगर वे खेलने के लिए पूरी तरह फिट हो जाते हैं, तो इस मैच के जरिए वे अपनी पुरानी लय और फॉर्म वापस पाने की पूरी कोशिश करेंगे।

# राष्ट्रमंडल खेलों के बाद लापता खिलाड़ियों की खबरों की स्कॉटलैंड पुलिस कर रही जांच..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

***स्कॉटलैंड पुलिस ने कहा है कि उसे ग्लास्गो में राष्ट्रमंडल खेलों के बाद कई खिलाड़ियों के लापता होने की रिपोर्ट मिली है। युगांडा की खेल समाचार वेबसाइट एनबीएस स्पोर्ट के अनुसार देश की मुक्केबाजी टीम के चार सदस्य कथित तौर पर स्कॉटलैंड में लापता हो गए***



और मंगलवार को टीम की निर्धारित वापसी से पहले वे अपने बाकी दल के साथ नहीं लौटे।

पाकिस्तान टुडे अखबार ने भी पाकिस्तान टीम के एक मुक्केबाज के लापता होने की खबर दी है। स्कॉटलैंड पुलिस के एक प्रवक्ता ने कहा, 'पुलिस स्कॉटलैंड को कई ऐसे खिलाड़ियों के बारे में रिपोर्ट मिली है जिनका पता नहीं चल पा रहा है। परिस्थितियों का आकलन करने के लिए जांच जारी है और गृह मंत्रालय के साथ शुरुआती स्तर पर संपर्क किया जा रहा है।' अतीत में भी राष्ट्रमंडल खेलों के बाद खिलाड़ियों के शरण मांगने के मामले सामने आए हैं। इनमें 2018 में ऑस्ट्रेलिया के गोल्ड कोस्ट में हुए खेल और 2014 में ग्लास्गो में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल शामिल हैं। राष्ट्रमंडल खेलों के मुख्य कार्यकारी फिल बैटी ने कहा, 'हमने 74 देशों के लगभग 3,000 खिलाड़ियों का शहर में स्वागत किया है।

हमारा उद्देश्य सुरक्षित और व्यवस्थित खेलों का आयोजन करना है। इसके लिए हम पुलिस स्कॉटलैंड, सीमा बल और ब्रिटेन के वीजा एवं आव्रजन विभाग के साथ करीबी समन्वय में काम कर रहे हैं, जिससे कि सभी लोग नियमों के अनुसार पहुंचें और वापस जाएं।'

लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सामग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 94070-33433



जग प्रेरणा
साहित्य अभिव्यक्ति
■ संपादकीय ■ लेख ■ कविता ■ व्यंग्य ■ महाशब्द पहेली (शब्द ज्ञान)



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 9407033433

# संयुक्त राष्ट्र का एसडीज़ी 10 लक्ष्य अगस्त 2026 और भारत में आरक्षण नीति का समकालीन विमर्श –वैश्विक आह्वान और भारतीय यथार्थ का अंतर्संबंध –समग्र व्यापक विश्लेषण..

वैश्विक स्तरपर हर देश आज आर्थिक प्रगति, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल क्रांति और वैज्ञानिक उपलब्धियों के नए दौर में प्रवेश कर चुका है,लेकिन विकास की इस चमक के पीछे असमानता की कई नई परतें उभर रही हैं। संयुक्त राष्ट्र ने अगस्त 2026 के लिए सतत विकास लक्ष्य (एसडीज़ी)10 के तहत रिड्यूस्ड इनेक्वालिटीज को महीने का लक्ष्य (गोल ऑफ़द मंथ) घोषित करनेकी आधिकारिक जानकारी 3 अगस्त 2026 को अपनी आधिकारिक संयुक्त राष्ट्र सतत विकास वेबसाइट (यू एन गोल ऑफ़द मंथ) पर अपडेट की है संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य-10, रिड्यूस्ड इनेक्वालिटीज अर्थात असमानताओं में कमी, का उद्देश्य केवल आय का अंतर घटाना नहीं, बल्कि सामाजिक आर्थिक और राजनीतिक समावेशन को मजबूत करना तथा सभी लोगों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना है।संयुक्त राष्ट्र का मानना है कि असमानता दीर्घकालीन सामाजिक एवं आर्थिक विकास को कमजोर कर सकती है,गरीबी उन्मूलन की गति को प्रभावित कर सकती है और लोगों में अवसरों तथा संस्थाओं के प्रति विश्वास को कम कर सकती है।यह घोषणा एक ऐसे मोड़ पर हुई है जब संपूर्ण विश्व आर्थिक विषमता, सामाजिक ध्रुवीकरण और संसाधनों के असमान वितरण जैसी चुनौतियों से जूझ रहा है। संयुक्त राष्ट्र का यह विज़न स्पष्ट रूप से मांग करता है कि दुनियाँ का प्रत्येक राष्ट्र अपनी आंतरिक नीतियों की समीक्षा करे,ताकि समाज के सबसे निचले पायदान पर खड़े अंतिम व्यक्ति (वंचित वर्ग) को विकास की मुख्यधारा में शामिल किया जासके। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह बताना चाहूंगा कि संयुक्त राष्ट्र आमतौर पर प्रत्येक नए महीने के पहले या शुरुआती दिनों (जैसे 1 से 3 तारीख के बीच) में उस महीने के विशेष वैश्विक अभियान या गोल ऑफ़द मंथ की विस्तृत रिपोर्ट और घोषणा जारी करता है, इस बार अगस्त 2026 के इस विशेष अभियान को 3 अगस्त 2026 को पूर्ण विवरण (आंकड़ों और वैश्विक प्राथमिकताओं) के साथ सार्वजनिक किया गया है,जब हम इस अंतर्राष्ट्रीय प्रतिमान को भारतीय धरातल पर क्रियान्वित होते देखते हैं, तो हमारा ध्यान सीधे तौर पर भारत की सबसे संवेदनशील और ऐतिहासिक नीति आरक्षण प्रणाली (रिजर्वेशन सिस्टम) की ओर जाता है। वर्तमान में,वैश्विक समानता के इस आह्वान के समानांतर, भारत के डिजिटल और सामाजिक पटल पर आरक्षण हटाओ आंदोलन जैसी मुहिम अत्यधिक तीव्रता से उभर रही हैं। यह अंतर्विरोध इस बात का जीवंत प्रमाण है कि देश में सामाजिक न्याय के पारंपरिक औजारों और आधुनिक आर्थिक वास्तविकताओं के बीच एक गहरी वैचारिक खाई उत्पन्न हो चुकी है।

साथियों, आरक्षण की संवैधानिक अवधारणा को समझे बिना इस प्रश्न का संतुलित उत्तर संभव नहीं है। भारत में आरक्षण का उद्देश्य किसी वर्ग को विशेषाधिकार देना नहीं, बल्कि ऐतिहासिक सामाजिक बहिष्कार,भेदभाव और अवसरों की असमानता से प्रभावित समुदायों को शिक्षा, सरकारी रोजगार और प्रतिनिधित्व में आगे बढ़ने का अवसर देना था।भारतीय संविधान की समानता संबंधी व्यवस्था केवल औपचारिक समानता तक सीमित नहीं है; वह वास्तविक और सार्थक समानता की दिशा में भी विशेष प्रावधानों की अनुमति देती है।अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और सामाजिक एवं शैक्षिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए विशेष उपायों का उद्देश्य उन बाधाओं को कम करना था, जिनके कारण अनेक समुदाय लंबे समय तक शिक्षा, प्रशासन और सामाजिक प्रतिष्ठा से दूर रहे।

साथियों, सत्तर वर्षों की यात्रा और आरक्षण की वर्तमान प्रासंगिकता भारतीय स्वतंत्रता के सात दशकों से अधिक समय बीत जाने के बाद, यह प्रश्न पूरी तरह से अपरिहार्य हो चुका है कि क्या आज भी आरक्षण की वास्तविक रूप में आवश्यकता है? इस विमर्श को समझने के लिए भारतीय समाज की ऐतिहासिक संरचना औरसमकालीन प्रगति दोनों का निष्पक्ष मूल्यांकन करना अनिवार्य है। आरक्षण नीति को भारतीय संविधान में एक निश्चित अवधि के लिए राजनीतिक प्रतिनिधित्व के रूप में और सामाजिक- शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान के लिए एक 'सकारात्मक कार्रवाई के तौर पर शामिल किया गया था। इस व्यवस्था ने निश्चित रूप से पिछले 70 वर्षों में देश के एक बहुत बड़े शोषित, वंचित और हाशिए पर पड़े समाज को प्रशासनिक, शैक्षणिक और राजनैतिक व्यवस्था में अपनी आवाज उठाने की शक्ति प्रदान की है। इस नीति के बिना भारतीय लोकतंत्र शायद इतना समावेशी नहीं हो पाता। परंतु, समस्या तब उत्पन्न होती है जब सत्तर वर्षों के बाद भी समाज का एक बहुत बड़ा हिस्सा आज भी उसी आदिम पिछड़ेपन, निरक्षरता और घोर सामाजिक अभाव में जीने के लिए विवश है। यह जमीनी हकीकत इस बात की ओर इशारा करती है कि आरक्षण नीति अपने मूल उद्देश्यों को पूर्ण रूप से प्राप्त करने में कहीं न कहीं आंशिक रूप से ही सफल रही है। यही कारण है कि आज की युवा पीढ़ी और आधुनिक विचारक इस नीति की निरंतरता औरइसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं।

साथियों, प्रशासनिक अभिजात्य वर्ग और पीढ़ी-दर- पीढ़ी लाभ का संकट इस संपूर्ण विमर्श के केंद्र में सबसे ज्वलंत और तीखा प्रश्न यह है कि क्या जो लोग आरक्षण के बल पर समाज के शीर्ष पायदान पर पहुंच चुके हैं,जैसे कि आईएएस आईपीएस, केंद्रीय सेवाओं के उच्च अधिकारी, बड़े राजनेता और आर्थिक रूप से अत्यधिक संपन्न हो चुके उद्योगपति,क्या उनकी अगली पीढ़ियों को भी इस सुरक्षा कवच की आवश्यकता है? सोशल मीडिया और वर्तमान बौद्धिक विमर्शों में इस बात को लेकर तीव्र आक्रोश है कि आरक्षण का लाभ एक ही परिवार में पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित हो रहा है। जब अनुसूचित जाति या जनजाति का कोई व्यक्ति सिविल सेवा के सर्वोच्च पद पर पहुंच जाता है, तो उसकी आने वाली संतति को देश के सबसे महंगे कॉन्वेंट स्कूलों, महानगरों के उच्च बुनियादी ढांचों और समस्त आर्थिक सुख-सुविधाओं का स्वतः लाभ मिल जाता है। ऐसे में,उस संपन्न बच्चे की तुलना उसी की श्रेणी के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले किसी खेतिहर मजदूर,हाथ से मैला उठाने वाले या किसी सुदूर आदिवासी अंचल के बच्चे से करना पूर्णतः अतार्किक और अन्यायपूर्ण प्रतीत होता है। वास्तव में, इस नीतिगत विसंगति के कारण आरक्षित श्रेणियों के भीतर ही एक अभिजात्य वर्ग या क्रीमी लेयर का निर्माण हो गया है, जो अपनी ही जाति के सबसे गरीब, शोषित और अत्यंत पिछड़े लोगों के अधिकारों पर सटिकता से एकाधिकार जमाए बैठा है?

साथियों, सामाजिक,आर्थिक और नैतिक विषमता को बढ़ावा वर्तमान आरक्षण प्रणाली के इस रूप से समाज में एक नए प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और नैतिक विषमता को बढ़ावा मिल रहा है, जो कि संयुक्त राष्ट्र के एसडीज़ी 10 के सिद्धांतों के सर्वथा विपरीत है। सामाजिक स्तर पर, यह व्यवस्था जातियों के बीच सद्भाव पैदा करने के बजाय वैमनस्य और विभाजन को गहरा कर रही है। जब योग्यता रखने वाले सामान्य वर्ग के युवाओं को अत्यधिक उच्च अंक प्राप्त करने के बाद भी रोजगार या शिक्षा से वंचित होना पड़ता है, और उनकी तुलना में अत्यधिक संपन्न पृष्ठभूमि वाले आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों का चयन बहुत कम अंकों पर हो जाता है, तो समाज में असंतोष और मानसिक कुंठा का जन्म होता है। आर्थिक स्तर पर, यह विषमता इसलिए बढ़ रही है क्योंकि आरक्षण का आधार आज भी मुख्य रूप से केवल जन्मगत जाति बना हुआ है, न कि व्यक्ति की वर्तमान आर्थिक विपन्नता। नैतिक दृष्टिकोण से भी यह एक गंभीर संकट है। नीतिपरकता यह मांग करती है कि समाज के सबसे कमजोर व्यक्ति को पहले सहारा दिया जाए। परंतु, वर्तमान व्यवस्था में नैतिक रूप से संपन्न हो चुके परिवारों द्वारा स्वेच्छा से इस लाभ का परित्याग न करना और राज्य द्वारा इस पर कोई कठोर सीमा न लगाना, उस अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति के प्रति घोर नैतिक अन्याय है, जो आज भी प्राथमिक शिक्षा और दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है। साथियों, अंतर्राष्ट्रीय प्रतिमान और सकारात्मक नीतिगत सुधारों की आवश्यकता अंतर्राष्ट्रीय स्तरपर जब हम सामाजिक न्याय के सिद्धांतों का अध्ययन करते हैं, तो संयुक्त राष्ट्र का स्पष्ट मत है कि कोई भी सकारात्मक कार्रवाई शाश्वत या अपरिवर्तनीय नहीं हो सकती। उसे समय-समय पर व्यावहारिक डेटा, समकालीन सामाजिक विकास और आर्थिक पैमानों पर कसा जाना चाहिए।भारत के संदर्भ में भी, माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने अपने हालिया ऐतिहासिक निर्णयों में बार-बार इस बात पर बल दिया है कि अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के भीतर भी क्रीमी लेयर के सिद्धांत को कड़ाई से लागू किया जाना चाहिए। इसके साथ ही, जातियों के उप-वर्गीकरण की प्रक्रिया को अपनाना अत्यंत अनिवार्य हो चुका है। उप- वर्गीकरण का तात्पर्य यह है कि आरक्षित श्रेणियों के भीतर जो जातियां पिछले 70 वर्षों में पूरी तरह अछूती रह गईं और जिन्हें आरक्षण का 1 प्रतिशत लाभ भी नहीं मिल सका,उन्हें प्राथमिकता दी जाए,तथा जो जातियां इसका अधिकतम लाभ उठाकर पूरी तरह सशक्त हो चुकी हैं,उन्हें इस सुरक्षा चक्र से बाहर निकाला जाए।


अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि न्यायसंगत भविष्य की राह संयुक्त राष्ट्र का सतत विकास लक्ष्य (एसडीज़ी)10 हमें यह याद दिलाता है कि किसी भी प्रगतिशील राष्ट्र का मूल मंत्र लीव नों वन बिहाइंड (किसी को भी पीछे न छोड़ना) होना चाहिए। भारत में चल रहा आरक्षण हटाओ अभियान शायद वर्तमान व्यवस्था की अकर्मण्यता, विसंगतियों और अपारदर्शिता के विरुद्ध उपजा एक तीखा सुधारवादी स्वर है। 70 वर्षों के बाद आज देश को आरक्षण को पूरी तरह समाप्त करने की नहीं, बल्कि इसे अत्यंत सूक्ष्मता से पुनर्गठित और युक्तिसंगत करने की आवश्यकता है। आरक्षण का लाभ केवल एक पीढ़ी तक सीमित करने,संपन्न हो चुके प्रशासनिक व आर्थिक परिवारों को इस कोटे से बाहर करने और संपूर्ण बल देश की प्राथमिक शिक्षा व कौशल विकास (स्किल डेवलपमेंट) पर देने से ही वास्तविक समानता स्थापित होगी। जब तक हम आरक्षित वर्ग के भीतर छुपे हुए सबसे गरीब और हाशिए के व्यक्ति को सीधे तौर पर लक्षित करके लाभ नहीं पहुंचाएंगे, तब तक वैश्विक मंच पर असमानता कम करने का भारत का दावा अधूरा रहेगा। एक न्यायसंगत, समतावादी और नैतिक राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब सामाजिक न्याय का आधार केवल जातिगत राजनीति न होकर वास्तविक मानवीय आवश्यकता और राष्ट्रीय एकता बने।

रचनाकार



एडव्होकेट किशन भावनानी गोंदिया

## शब्दवर्गपहेली क्र.- 239



ck;| l| nk;| l& 1) बहुत दंगा करना इस अर्थ का एक मुहावरा 5) महाकवि कालिदासकृत एक महाकाव्य 10) चित्र 14) पांच की दूनी संख्या 15) एक प्राचीन शस्त्र 17) सावधानी, निपुणता, योग्यता 18) चमकीला, भड़कीला 19) एकत्र, मिला हुआ 20) घोड़े के मुंह में लगा हुआ लोहे का ढांचा जिसके दोनो ओर चमड़े का रस्सा बंधा होता है 22) जन–श्रुति, गप, उड़ती खबर 24) पान, खैनी, सुपारी, चुना आदि रखने का पात्र 26) बीच में बोल उठना, प्रश्न करके किसी कार्य में बाधा डालना 27) उन्मत्त हाथी की तरह चलनेवाली स्त्री 29) चमत्कारपूर्ण कार्य 31) एक किनारे से दूसरे किनारे तक 36) बुरी आदत, दुर्व्यसन 37) समाचार, वृत्त, संदेश 38) दया, कृपा, अनुग्रह, सहानुभूति 39) दुर्बल 41) दिया हुआ वचन 42) ध्वजा 43) धन, ऐश्वर्य 44) नशीली वस्तु ग्रहण करने से आनेवाली मादकता 45) मन्त्र आदि का बारबार उच्चारण 46) कुशल, बचाव, रक्षा 47) वह नृत्य जो कृष्ण ने गोपियों के साथ किया था 49) फायदा करनेवाला, गुणकारी 51) नापना, तौलना 52) शरीर के त्रिदोषों में एक 54) निषिद्ध, विधि – विहीन 56) धेनु, गाय 57) मित्र, दोस्त, प्रिय व्यक्ति 58) वह धन सामग्री आदि जो विवाह के समय कन्या का पिता वर पक्ष को देता है 60) सपना, आकांक्षा 61) भोज का निमन्त्रण 62) जन्म, उत्पत्ति, क्षेम 63) बंधा हुआ 64) आवारा, बदचलन 65) मनमाना, मनोवांछित 67) शरम, लज्जा 70) घमंड, गर्व 72) वह मां जिसका पुत्र वीर हो 74) ज्योतिषी,, गणना करनेवाला 75) फुलों की माला 76) हाय, शोक, दुःखसूचक शब्द 77) याचक, भिक्षुक 79) गूढ़ पुरुष, भेदिया 80) अत्यन्त थोड़ी मात्रा, थोड़ा सम्बन्ध 82) दौड़ (अंग्रेजी) 84) शिवजी के एक अनुचर का नाम 86) दिवस, दिन 87) क्रोधपूर्ण दृष्टि 88) हिमालय पर्वत की एक चोटी का नाम जहां बदरी का मन्दिर है 89) धक्का देना, ताना 91) पानी 92) अपने स्थान से सरकना, हटना 93) आगे जानेवाला, प्रधान नेता, पुरोगामी 94) अक्षरों के एक वर्णवृत्त का नाम 95) जिसकी गिनती न हो सके 98) किसी वस्तु का संबोधनवाची शब्द 99) दहन, संताप 100) राख, भस्म 101) दंड, जुरमाना 102) प्रणाम, वंदन

Aij l| ulpi l& 1) दीप्तिमान, चमकीला 2) मद में चूर 3) मूंछ निकलने से पहले ओंठ पर का कालापन 4) सिंगे की तरह का एक बाजा, कान में पहिनने का एक गहना 6) हर्ष, प्रसन्नता 7) रक्षा करनेवाला 8) बच्चे, पुत्र, पुत्री आदि 9) दिया गया शब्द 10) झगड़ा, विवाद 11) हमेशा 12) शूर पुरुष, साहसी और बलवान 13) अवलोकन करना 16) अपने अधिकार की रक्षा के लिए या निर्णय के लिए न्यायालय में अर्पित प्रार्थनापत्र 19) स्वीकृति, हां करना 21) गाव, ग्राम 22) अपरिमित, असीम 23) स्तम्भित होना, घबड़ाना 25) सेवक का सेवक 28) रुठने की मुद्रा अपनाना 30) आघात, मारने की क्रिया या भाव 31) स्वीय भाव, अपना 32) रसोई घर 33) एक विदेशी शराब 34) तड़पने का काम 35) जिस पर झगड़ा या विवाद हो सके 37) गलती, दोष 38) जूर्म, पाप, दंड पाने योग्य काम करना 40) वह असामी जिसे जोतने बोने के लिए कुछ भूमि मिली हो 42) नाव का वह अंग जो पीछे की ओर लगा होता है जिससे नाव को दिशा प्राप्त होती है 45) कसकर बांधना 46) समाजवाद का समर्थक या अनुयायी 48) वह अवतार जिसमें विष्णु ने अपनी लीला दिखाई हो 50) भयानक, डरावना 53) मनोरंजक दृश्य, खेल, प्रदर्शन आदि 55) द्वेष, शत्रुता 59) सुवर्ण 61) बहुत दान करनेवाला 66) आसपास की परिस्थिती,, पर्यावरण 68) यज्ञ 69) एकाएक कोई बड़ा संकट आना इस अर्थ का एक मुहावरा 70) बिना किसी कारण के 71) नृत्य 73) मालवा देश, एक राग 76) हष्र तथा आश्चर्यसूचक शब्द 77) फंदा 78) सूफियाना गजल या गीत गानेवाला 79) लाक्षणिक अर्थ से जूती 81) ओस 83) स्त्रियोंद्वारा नाक में पहनने का एक गहना 84) मनवाना 85) शादी,, विवाह 87) चमकीला भाग 90) जख्मों पर लगाया जानेवाला स्निग्ध लेप 91) अन्तःकरण, विवेक, हृदय 93) देना, चुकाना 95) बकरी 96) दिवस 97) अंधेरा (जवाब अगले अंक में)

### पिछ्ले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691





जग प्रेरणा
व्यापार समाचार
● शेयर बाजार ● इलेक्ट्रॉनिक्स ● कपड़ा ● किराना ● लोहा ● सिमेंट ● सराफा ● आटोमोबाईल्स

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# तमिलनाडु की विजय सरकार का पहला बजट पेश, महिलाओं को स्वर्ण उपहार का प्रावधान..



**चेन्नई, (भाषा)।**

***तमिलनाडु की तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके सरकार) ने बुधवार को अपना पहला बजट पेश करते हुए महिलाओं को सोने का सिक्का एवं अंगूठी और दुधारू पशु देने समेत कई कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा की।***

साथ ही सरकार ने लोकलुभावन चुनावी वादों को चरणबद्ध तरीके से लागू करने और वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के बीच संतुलन साधने का प्रयास किया। राज्य के वित्त मंत्री एन. मैरी विल्सन ने बजट पेश करते हुए कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति चुनौतीपूर्ण है और राजस्व बढ़ाने के लिए विभिन्न उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को भारी कर्ज और सीमित आय वाली वित्तीय व्यवस्था विरासत में मिली है तथा वित्तीय स्थिति को पटरी पर लाने में कम से कम दो वर्ष लगेंगे।

राज्य सरकार ने शराब विनिर्माताओं पर अतिरिक्त विशेषाधिकार शुल्क लगाने का प्रस्ताव किया है, जिससे सालाना लगभग 1,000 करोड़ रुपये अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है। इसके अलावा युवाओं के लिए ब्रांडेड साइकिल, लैपटॉप, कृत्रिम मेधा (एआई) कौशल प्रशिक्षण तथा विशेष शहरी आवास जैसी योजनाओं की भी घोषणा की गई। विल्सन ने कहा कि मुख्यमंत्री सी. जोसेफविजय तमिलनाडु की हरेक महिला को अपने परिवार का सदस्य मानते हैं। इसके तहत विवाह के अवसर पर महिलाओं को 'अन्नन सीर' योजना के तहत आठ ग्राम सोने का सिक्का और एक रेशमी साड़ी दी जाएगी। संशोधित बजट अनुमान में इस योजना के लिए 812 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

उन्होंने कहा कि 'थाई मामन थंगा मोथिरम तित्तम' योजना के तहत सरकारी अस्पतालों में जन्म लेने वाले प्रत्येक नवजात को एक ग्राम सोने की अंगूठी दी जाएगी। इस योजना पर 560 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

इसके अलावा 'वेत्री मगलिर बकरी पालन योजना' के तहत निराश्रित विधवाओं, परित्यक्त महिलाओं, ट्रांसजेंडर और दिव्यांगों को पांच बकरी अथवा भेड़ खरीदने के लिए 100 प्रतिशत अनुदान दिया जाएगा। इस योजना से लगभग 30,000 लाभार्थियों को लाभ मिलेगा और इस पर 110 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार ने सुधार, पारदर्शिता और भ्रष्टाचार के खिलाफकार्रवाई को प्राथमिकता दी है तथा निविदाओं में कथित 'कट' (कमीशन) की प्रथा समाप्त कर दी गई है।

नीतिगत मोर्चे पर टीवीके सरकार ने राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) का विरोध दोहराया और केंद्र से इसे समाप्त कर चिकित्सा पाठ्यक्रमों में 12वीं कक्षा के अंकों के आधार पर प्रवेश व्यवस्था बहाल करने का आग्रह किया।

संशोधित बजट अनुमान 2026-27 में राजस्व घाटा 55,775 करोड़ रुपये और राजकोषीय घाटा 1,21,819 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का तीन प्रतिशत है।

सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के दौरान 1,73,445 करोड़ रुपये का ऋण लेने और 51,971 करोड़ रुपये के ऋण का भुगतान करने की योजना बनाई है। 31 मार्च, 2027 तक राज्य की कुल देनदारियां 10,98,768 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है, जो सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का 27.01 प्रतिशत होगी।

बजट में स्कूल शिक्षा विभाग को सबसे अधिक 44,527 करोड़ रुपये का आवंटन मिला है। इसके बाद ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज विभाग को 39,609 करोड़ रुपये दिए गए हैं। नगर प्रशासन और जल आपूर्ति विभाग को 29,863 करोड़ रुपये, जबकि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग को 23,357 करोड़ रुपये आवंटित किए गए।

वित्त सचिव एम.ए. सिद्दीक ने कहा कि इस बजट में कल्याणकारी योजनाओं और पूंजीगत व्यय के बीच संतुलन बनाया गया है।

उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण और शिक्षा पर होने वाला व्यय निवेश है तथा सरकार ने किसी भी मौजूदा कल्याणकारी योजना में कटौती नहीं की है। विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं पर इस वर्ष 15,000 करोड़ रुपये से 18,000 करोड़ रुपये के बीच खर्च होने का अनुमान है।

# बड़ी तेल मिलों की मांग से सरसों तेल तिलहन में सुधार, अधिकांश तेलों में सुस्ती



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***देश के तेल-तिलहन बाजारों में बुधवार को सरसों तेल-तिलहन के दाम में सुधार दर्ज किया गया, जबकि अन्य अधिकांश तेलों में गिरावट देखने को मिली। बाजार में बड़ी तेल मिलों की बढ़ती मांग और किसानों की ओर से कम आवक के चलते सरसों के भाव मजबूत हुए।***

बाजार सूत्रों के अनुसार, त्योहारी मांग और सीमित आपूर्ति के बीच सटोरिया गतिविधियां बढ़ने से भी सरसों की कीमतों को समर्थन मिला। इसके अलावा, बड़ी तेल मिलों द्वारा सरसों के खरीद दाम बढ़ाने से बाजार में तेजी का माहौल बना।

हालांकि, इस स्थिति से छोटे तेल मिलों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बड़े मिल खुदरा बाजार में ऊंचे दाम पर बिक्री कर लेते हैं, जबकि छोटे मिलों को थोक में बाजार भाव पर माल बेचना पड़ता है, जिससे उनका मुनाफा प्रभावित होता है।

दूसरी ओर, मूंगफली और सोयाबीन तेल-तिलहन में गिरावट देखी गई। महाराष्ट्र के बड़े प्लांटों द्वारा सोयाबीन के खरीद दाम घटाने से बाजार पर दबाव बना, जिसके चलते कीमतें नीचे आईं। सूत्रों का कहना है कि बड़े प्लांट संचालक कम दाम पर खरीद बढ़ाने के लिए ऐसा कदम उठाते हैं।

वैश्विक संकेत भी कमजोर रहे। मलेशिया एक्सचेंज में मामूली गिरावट और शिकागो एक्सचेंज में उतार-चढ़ाव का असर घरेलू बाजार पर पड़ा।

इस बीच, कच्चा पाम तेल (सीपीओ) और पामोलीन तेल की कीमतों में भी गिरावट आई, जबकि कम उपलब्धता और सुस्त कारोबार के चलते बिनौला तेल के दाम स्थिर बने रहे।

सूत्रों ने कहा कि लागत से नीचे दाम की बिकवाली से पाम-पामोलीन तेल कीमतों में गिरावट आई। जबकि नगण्य उपलब्धता के बीच सुस्त कामकाज रहने की वजह से बिनौला तेल के दाम स्थिर रहे।

## तेल-तिलहनों के भाव इस प्रकार रहे..

सरसों तिलहन - 8,350-8,400 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली - 7,275-7,850 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली तेल मिल डिलिवरी (गुजरात) - 16,850 रुपये प्रति क्विंटल।

मूंगफली रिफाइंड तेल - 2,665-2,965 रुपये प्रति टिन।

सरसों तेल दादरी- 16,900 रुपये प्रति क्विंटल।

सरसों पक्की घानी- 2,745-2,845 रुपये प्रति टिन।

सरसों कच्ची घानी- 2,745-2,895 रुपये प्रति टिन।

सोयाबीन तेल मिल डिलिवरी दिल्ली- 15,750 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन मिल डिलिवरी इंदौर- 15,600 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन तेल डीगम, कांडला- 12,160 रुपये प्रति क्विंटल।

सीपीओ एक्स-कांडला- 13,825 रुपये प्रति क्विंटल।

बिनौला मिल डिलिवरी (हरियाणा)- 16,800 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन आरबीडी, दिल्ली- 15,700 रुपये प्रति क्विंटल।

पामोलिन एक्स- कांडला- 14,500 रुपये (बिना जीएसटी के) प्रति क्विंटल।

सोयाबीन दाना - 7,400-7,450 रुपये प्रति क्विंटल।

सोयाबीन लूज- 7,250-7,350 रुपये प्रति क्विंटल।

# भारत-ब्रिटेन व्यापार समझौते से कृषि, प्रसंस्कृत खाद्य, वाहन निर्यात को मिलेगा बढ़ावा: विशेषज्ञ



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***भारत-ब्रिटेन व्यापक आर्थिक एवं व्यापार समझौते (सीईटीए) से कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों के निर्यात को शुल्क-मुक्त या रियायती शुल्क का लाभ मिलने की उम्मीद है।***

इससे ब्रिटेन के बाजार में भारतीय उत्पादों की प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी। विशेषज्ञों ने बुधवार को यह राय जताई। विशेषज्ञों के अनुसार, 15 जुलाई से लागू हुए इस व्यापार समझौते से सीमा शुल्क में आई कमी के कारण भारत के वाहन निर्यात को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में सबसे बड़ी संभावना जिंस-आधारित निर्यात से आगे बढ़कर मूल्यवर्धित खाद्य उत्पादों के निर्यात को बढ़ाने में है। वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का निर्यात 49.43 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो देश के कुल निर्यात का लगभग 11.2 प्रतिशत था।

डेलॉयट में दक्षिण एशिया के साझेदार एवं उपभोक्ता उद्योग प्रमुख आनंद रामनाथन ने कहा, ''भारत-ब्रिटेन सीईटीए से कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला को शुल्क-मुक्त या रियायती शुल्क का लाभ मिलने की उम्मीद है। इससे मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) नहीं रखने वाले देशों के आपूर्तिकर्ताओं की तुलना में ब्रिटेन के बाजार में भारतीय उत्पादों की मूल्य प्रतिस्पर्धात्मकता बढ़ेगी और पारंपरिक निर्यात बाजारों से आगे नए बाजारों में पहुंच बनाने में भी मदद मिलेगी।''


उन्होंने कहा कि यह समझौता निर्यातोन्मुख कृषि, किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) से जुड़ी आपूर्ति श्रृंखलाओं और कृषि प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने की रफ्तार तेज करेगा। अब बाजार तक पहुंच केवल शुल्क पर निर्भर नहीं रह गई है, बल्कि उत्पाद की पहचान का पता लगाने की व्यवस्था, प्रमाणन, गुणवत्ता आश्वासन और समय पर विश्वसनीय आपूर्ति जैसे मानकों पर भी निर्भर करती है।

उन्होंने कहा कि देश में फसल कटाई के बाद होने वाला वार्षिक नुकसान लगभग 92,651 करोड़ रुपये आंका गया है। डिजिटल प्रौद्योगिकी इन कमियों को दूर करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

डेलॉयट इंडिया में अप्रत्यक्ष कर एवं वैश्विक व्यापार सलाहकार प्रमुख गुलजार डिडवानिया ने कहा कि यह समझौता भारतीय वाहन उद्योग के लिए भी लाभकारी होगा। इससे वाहन निर्यात को बढ़ावा मिलेगा, जबकि आयात शुल्क में कमी चरणबद्ध तरीके से की जाएगी।

उन्होंने कहा कि निर्यात के मामले में ब्रिटेन भारतीय वाहनों पर लगने वाले अधिकतम 18 प्रतिशत आयात शुल्क को समाप्त कर देगा। हालांकि, यात्री वाहनों, जिनमें इलेक्ट्रिक और हाइब्रिड वाहन को यह रियायत निर्धारित आयात सीमा (शुल्क दर कोटे) के तहत मिलेगी। वहीं, वाहनों के कलपुर्जों पर लगने वाला लगभग दो से चार प्रतिशत शुल्क भी समाप्त कर दिया जाएगा।

# आरबीआई के मौद्रिक फैसले से रुपया 20 पैसे मजबूत होकर 95.08 प्रति डॉलर पर बंद



**मुंबई, (भाषा)।**

***पश्चिम एशिया संकट के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा लगातार चौथी बार नीतिगत रेपो दर को यथावत रखने के फैसले के बाद रुपया बुधवार को 20 पैसे मजबूत होकर 95.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ।***

विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट और अमेरिकी डॉलर की कमजोरी से निवेशकों की धारणा को समर्थन मिला। अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से भी रुपये को समर्थन मिला।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.90 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.89 से 95.25 प्रति डॉलर के दायरे में रहा। अंत में यह 95.08 प्रति डॉलर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव की तुलना में 20 पैसे की बढ़त है। रुपया मंगलवार को नौ पैसे मजबूत होकर 95.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। मिराए एसेट शेयरखान के शोध विश्लेषक अनुज चौधरी ने कहा, ''अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम होने से वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार हुआ है। इससे रुपये में हल्की मजबूती का रुख रहने की उम्मीद है। अमेरिका ने ईरान के साथ जल्द समझौता होने की बात कही है। कारोबारियों की नजर अब अमेरिका के आईएसएम सेवा पीएमआई आंकड़ों पर रहेगी। डॉलर के मुकाबले रुपये का हाजिर भाव 94.80 से 95.50 के दायरे में रहने के आसार हैं।''

रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने सर्वसम्मति से रेपो दर को 5.25 प्रतिशत पर बरकरार रखा और नीतिगत रुख 'तटस्थ' को बनाए रखा। इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.03 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.82 पर आ गया।

घरेलू शेयर बाजार में बीएसई सेंसेक्स 152.05 अंक चढ़कर 78,581 पर जबकि एनएसई निफ्टी 9.75 अंक की मामूली बढ़त के साथ 24,624.65 पर बंद हुआ।

अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड का वायदा भाव 1.75 प्रतिशत की बढ़त के साथ 80.75 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। हालांकि, यह जुलाई के 100 डॉलर प्रति बैरल के उच्च स्तर की तुलना में काफी कम है।

शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) बाजार में शुद्ध बिकवाल रहे। उन्होंने बुधवार को शुद्ध रूप से 943.42 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

# उप्र विधानमंडल में 59019.54 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पारित..

**लखनऊ, (भाषा)।**

उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों सदनों (विधानसभा और विधान परिषद) में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 59019.54 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट बहुमत से पारित हो गया और सदन निर्धारित अवधि से एक दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया।

विधानसभा में बुधवार को मानसून सत्र के तीसरे दिन समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों के हंगामे के बीच वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 59019.54 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट सदस्यों के बहुमत से पारित हो गया। विधान सभा के बाद विधान परिषद में भी अनुपूरक बजट से संबंधित उत्तर प्रदेश विनियोग (2026-2027 का अनुपूरक) विधेयक, 2026 को ध्वनिमत से पारित किया गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित होने पर सदन के बाहर कहा कि सपा के व्यवहार के कारण राज्य के युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों के लिए अनुपूरक बजट में प्रस्तावित कल्याणकारी उपायों पर चर्चा मौका नहीं मिल पाया।

इसके पहले उप्र सरकार के वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने बुधवार को सपा सदस्यों द्वारा राम मंदिर चढ़ावा चोरी पर चर्चा कराने समेत अन्य मांगों को लेकर हंगामे और नारेबाजी के बीच सदन में प्रस्ताव रखा कि उप्र विनियोग 2026-27 का अनुपूरक विधेयक पारित किया जाए।

अधिष्ठाता मनीष असीजा ने प्रस्ताव के पक्ष में सदस्यों के बहुमत होने का हवाला देते हुए इसे पारित करने की घोषणा की। दोपहर एक बजे के बाद शुरू हुई सदन की कार्यवाही समाजवादी पार्टी के सदस्यों के लगातार हंगामे के बीच जारी रही और अनुपूरक बजट पारित होने के तुरंत बाद ही खन्ना ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित करने का प्रस्ताव रखा। असीजा ने स्थगन के पक्ष में सदस्यों की संख्या अधिक होने से अनिश्चितकाल के लिए सदन स्थगित करने की घोषणा की।

विधान परिषद में बुधवार को अनुपूरक बजट विधेयक के अलावा उप्र लोकसेवा (अधिकरण) (संशोधन) विधेयक, 2026, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (चतुर्थ संशोधन) विधेयक, 2026, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2026, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026, उत्तर प्रदेश निजी विश्वविद्यालय (संशोधन) विधेयक, 2026, रजिस्ट्रेशन (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2026, उत्तर प्रदेश वानिकी एवं औद्यानिकी विश्वविद्यालय विधेयक, 2026, भारतीय स्टाम्प (उत्तर प्रदेश संशोधन) विधेयक, 2026, उत्तर प्रदेश दण्ड विधि (अपराधों का शमन और विचारणों का उपशमन) (संशोधन) विधेयक, 2026, उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2026 और उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता (संशोधन) विधेयक, 2026 विधेयक समेत कुल 12 विधेयक ध्वनि मत से पारित किये गये। विधान परिषद के सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने सदन के संचालन में सदस्यों को सहयोग देने के लिए सभी को धन्यवाद देते हुए सदन को अनिश्चितकाल के लिये स्थगित करने की घोषणा की। विधानमंडल की कार्यवाही छह अगस्त तक के लिए प्रस्तावित थी, लेकिन सपा के हंगामे के चलते एक दिन पूर्व ही स्थगित होने के तुरंत बाद सदन से बाहर पत्रकारों से बात करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि सरकार अनुपूरक बजट लेकर आई थी और इसमें युवाओं, किसानों, महिलाओं और गरीबों के लिए नई योजनाओं के साथ-साथ आधारभूत विकास और अन्य जन-कल्याणकारी पहलों के लिए भी प्रावधान किए गए थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बजट में रोजगार पैदा करने, कौशल विकास कार्यक्रम, किसानों के लिए नई योजनाओं, गरीबों के लिए कल्याणकारी पहलों और महिलाओं की गरिमा व आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने वाले उपायों के लिए प्रावधान शामिल थे। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष, खासकर समाजवादी पार्टी ने सदन में इन मुद्दों पर कोई चर्चा नहीं होने दी। उन्होंने कहा, ÷समाजवादी पार्टी का व्यवहार युवा-विरोधी, किसान-विरोधी, महिला-विरोधी और गरीब-विरोधी है।÷

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने मंगलवार को सपा सदस्यों के भारी शोर शराबे, हंगामा और वेल (अध्यक्ष के आसन के सामने आकर) में नारेबाजी के बीच वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 59019.54 करोड़ रुपये का अनुपूरक बजट पेश किया था। उन्होंने वित्त वर्ष 2026-27 की अनुपूरक अनुदान मांगों को सदन के समक्ष प्रस्तुत करते हुए कहा था कि प्रस्तावित अनुपूरक बजट का आकार 59019.54 करोड़ रुपये है। इसमें राजस्व लेखे का व्यय 17399.50 करोड़ रुपये तथा पूंजी लेखे का व्यय 41620.04 करोड़ रुपये है। खन्ना ने कहा कि प्रस्तावित अनुपूरक मांगों में नई मांगों के तहत 7,854.25 करोड़ रुपये के प्रस्ताव शामिल हैं।



विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

जग प्रेरणा
लांजी किरनापुर हट्टा
● भानेगांव ● मोहझरी ● बोलेगांव ● रिसेवाड़ा ● बहेला ● साडरा ● हिर्री ● रजेगांव

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# सफलता मंजिल तक पहुंचने का परिणाम, डीसीए प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत..




जगप्रेरणा लांजी।

***माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा आयोजित स्नातकोत्तर संगणक अनुप्रयोग डिप्लोमा (पीजीडीसीए) एवं संगणक अनुप्रयोग डिप्लोमा***

(डीसीए) की मई-जून 2026 मुख्य परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परिणाम घोषित होते ही दृष्टि कंप्यूटर शिक्षा संस्थान, लांजी में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के बीच खुशी और उत्साह का वातावरण देखने को मिला।

संस्थान के संचालक ने बताया कि डीसीए प्रथम सेमेस्टर (दिसंबर 2025-जनवरी 2026) का परीक्षा परिणाम 90 प्रतिशत रहा था। वहीं डीसीए द्वितीय सेमेस्टर में 87 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिनमें से 67 विद्यार्थी सफल होकर संस्थान का गौरव बढ़ाने में सफल रहे। संस्थान की प्रावीण्य सूची में शीतल मानकर ने 350 में से 264 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, नागेश कुमार चंदाने ने 262 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा निकिता ने 260 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

पीजीडीसीए द्वितीय सेमेस्टर में 10 में से 9 विद्यार्थियों ने सफलता प्राप्त की। इस वर्ग की प्रावीण्य सूची में सना खान ने 400 में से 331 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, अंजली रामटेक्कर ने 319 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा प्रेरणा ने 318 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। संस्थान के अधिकांश विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में सफलता अर्जित कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

डीसीए प्रथम सेमेस्टर में 28 विद्यार्थियों में से 24 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। इस वर्ग की प्रावीण्य सूची में हेमलता मस्करे ने 350 में से 284 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान, रोशनी टेंभरे ने 282 अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान तथा शुभम ने 281 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं पीजीडीसीए प्रथम सेमेस्टर में 5 विद्यार्थियों में से 3 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, जबकि 2 विद्यार्थी परीक्षा में अनुपस्थित रहने के कारण सफल नहीं हो सके।

संस्थान के संचालक ने बताया कि जो विद्यार्थी इस बार सफल नहीं हो सके हैं, उनमें अधिकांश परीक्षा में अनुपस्थित रहने अथवा एक या अधिक विषयों में न्यूनतम आवश्यक अंक प्राप्त नहीं कर पाने के कारण असफल हुए हैं। ऐसे विद्यार्थियों को दिसंबर 2026 में आयोजित होने वाली मुख्य परीक्षा में पुनः सम्मिलित होने का अवसर मिलेगा। इसके लिए पूरक परीक्षा के आवेदन पत्र अक्टूबर 2026 में भरे जाएंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि जिन विद्यार्थियों को अपने प्राप्तांकों पर संदेह है या अपेक्षा से कम अंक प्राप्त हुए हैं, वे पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते हैं। इस प्रक्रिया के अंतर्गत उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच की जाती है तथा आवश्यकता होने पर संशोधित परिणाम जारी किया जाता है। पूर्व वर्षों में भी अनेक विद्यार्थियों ने इस सुविधा का लाभ उठाकर अपने परिणाम में सुधार कराया है।

संचालक ने बताया कि सभी विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर भी देख सकते हैं। संस्थान परिवार ने सभी सफल विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी हैं। साथ ही असफल विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि 'सफलता मंज़िल तक पहुँचने का प्रमाण है, जबकि असफलता मंज़िल तक पहुँचने की तैयारी। निरंतर प्रयास, अनुशासित अध्ययन और सकारात्मक सोच से प्रत्येक विद्यार्थी सफ्लता प्राप्त कर सकता है।'

उल्लेखनीय है कि दृष्टि कंप्यूटर शिक्षा संस्थान, लांजी वर्ष 2014 से क्षेत्र के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण, व्यवहारिक एवं तकनीक आधारित कंप्यूटर शिक्षा प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

# दूरस्थ ग्राम कोसमारा में मानस पाठ विश्राम, बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए महिलाओं ने लिया संकल्प




जगप्रेरणा लांजी।

***एकल अभियान संच के तत्वावधान में सावन मास के दौरान चलाए जा रहे '30 दिन-30 गांव अखंड रामायण पाठ' अभियान के अंतर्गत***

बुधवार को क्षेत्र के ग्राम कोसमारा में दो दिवसीय अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का श्रद्धा, सेवा और जनजागरण के वातावरण में समापन हुआ। स्थानीय नागरिकों, ग्राम समितियों, अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ समिति एवं अभिनंदन लाइफ फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में धार्मिक अनुष्ठान के साथ स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, नशामुक्ति और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजित स्वास्थ्य शिविर में 321 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। वहीं नेत्र जांच शिविर में 250 लोगों की आंखों की जांच हुई, जिनमें 22 मरीज मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित किए गए। इन सभी का निःशुल्क उपचार कराया जाएगा।

कार्यक्रम में महिलाओं ने अपने बच्चों को नशे जैसी बुराइयों से दूर रखकर उनके उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि श्रीरामचरितमानस केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि आदर्श जीवन, संस्कार, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का प्रेरक ग्रंथ है। शिक्षा जागरूकता सत्र में विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, अनुशासन और नैतिक मूल्यों के महत्व से अवगत कराया गया। बच्चों की प्रतिभाओं को पहचानकर उन्हें आगे बढ़ाने के लिए अभिभावकों से विशेष आग्रह किया गया।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को स्वच्छता, संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और गंभीर बीमारियों से बचाव के उपाय बताए। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त अभियान के तहत ग्रामीणों से कपड़े और जूट के थैलों के उपयोग तथा गांव को प्लास्टिक मुक्त बनाने का आह्वान किया गया। नशामुक्ति अभियान के दौरान शराब, तंबाकू और अन्य नशीले पदार्थों के दुष्परिणाम बताते हुए युवाओं और बच्चों को इनसे दूर रहने की प्रेरणा दी गई। ग्रामीणों ने नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय सहयोग देने का संकल्प भी लिया।

समापन समारोह में गांव के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से शिक्षा, संस्कार और सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। पूरे कार्यक्रम में भक्ति, सेवा और सामाजिक चेतना का वातावरण बना रहा। ग्रामीणों ने ऐसे जनहितकारी आयोजनों की सराहना करते हुए भविष्य में भी इन्हें लगातार आयोजित करने की मांग की।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में हुलासराम बिसेन, दिलीप धनवले, भीमेश्वर येडे, जय बिसेन, रामचंद धनवले, संतोष धनवले, धर्मराज तूरकर, अमित येडे, डालेंद्र येडे, महेश पारधी, रंगलाल फुंडे, रूपेंद्र बिसेन, वीरेंद्र कालबेले, कैलाश धनवले, चमरूलाल कारमेंघे, विजय चौहान, इंद्रराज तुरकर, बालचंद भगत, नानूराम धनवले, आशीष येडे, गणेश भगत, पूरण तुरकर, विनेश बिसेन, कमलकिशोर तुरकर, हिरदेलाल राहंगडाले, रामेश्वर बिसेन, संजय भगत सहित ग्राम समिति एवं अखंड पाठ समिति के सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

## पीपलगांव में हुआ अखंड मानस पाठ का शुभारंभ..

इधर, ग्राम पीपलगांव के शिव मंदिर परिसर में बुधवार से अखंड श्रीरामचरितमानस पाठ का शुभारंभ हुआ। स्थानीय नागरिकों एवं ग्राम समितियों के सहयोग से शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन का समापन 6 अगस्त को होगा। समापन अवसर पर स्वास्थ्य शिविर, निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र जांच, प्लास्टिक मुक्त भारत अभियान तथा महाप्रसाद का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर धर्म एवं जनसेवा के इस आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की।

### मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026..

# 07 अगस्त को किरनापुर में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन..

जगप्रेरणा किरनापुर।

***मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर प्रदेश की जनता से सीधा संवाद एवं जुड़ाव स्थापित करने और समस्याओं का शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 आगामी 7 अगस्त से बालाघाट जिले में भी प्रारंभ किया जा रहा है।***

यह अभियान आगामी 8 जनवरी 2027 तक संचालित होगा। कलेक्टर श्री कुमार सत्यम के मार्गदर्शन में इस अभियान के अंतर्गत 07 अगस्त को किरनापुर में जिला स्तरीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय किरनापुर के परिसर में आयोजित इस शिविर में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगें। किरनापुर में आयोजित इस शिविर के पहले सभी विभागों के अधिकारियों को किरनापुर क्षेत्र से संबंधित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत लंबित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा कर उनका शत-प्रतिशत निराकरण करने के निर्देश दिये गये हैं। 07 अगस्त को सभी अधिकारी किरनापुर में भ्रमण करेंगें और विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों के क्रियान्वयन को देखेंगें। इस दौरान प्राप्त आवेदनों एवं शिकायतों का भी यथासंभव मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

अभियान के दौरान आयोजित शिविर में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई की लंबित शिकायतों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के प्रकरणों, अविवादित नामांतरण, सीमांकन एवं बंटवारे, न्यायालयीन आदेशों के पालन, किसान फार्मर आईडी निर्माण, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी की ई-केवाईसी, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, आंगनवाड़ी सेवाओं, स्वास्थ्य संस्थानों, विद्यालयों एवं महाविद्यालयों, खाद-बीज उपलब्धता, सार्वजनिक वितरण प्रणाली तथा विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं की व्यापक समीक्षा कर त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

इसके साथ ही सड़कों, तालाबों, अमृत सरोवरों, बांधों, जल जीवन मिशन के अंतर्गत निर्मित संरचनाओं, शासकीय भवनों तथा अन्य सार्वजनिक परिसंपत्तियों का निरीक्षण किया जाएगा।

आईटीआई, स्वास्थ्की केन्द्र, प्राथमिक सहकारी समितियों, कृषि उपज मंडियों, मदिरा दुकानों, पुलिस थानों, लोक सेवा केन्द्रों, शासकीय देवस्थानों एवं औद्योगिक क्षेत्रों सहित विभिन्न शासकीय संस्थानों का निरीक्षण किया जाएगा। खाद-बीज विक्रेताओं, गैस गोदामों, पेट्रोल पम्पों, विस्फोटक एवं पटाखा लाइसेंसधारियों, अधिकृत शस्त्र विक्रेताओं तथा निजी विद्यालयों का भी निरीक्षण किया जाएगा।

# गायत्री शक्ति पीठ ने अधिवक्ता एजाज खान को दी भावभीनी श्रद्धांजलि..

## सरल व्यवहार व ट्रस्ट को दी गई सेवाओं को किया याद..



जगप्रेरणा लांजी।

***नगर के वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाजसेवी स्व. एजाज डी. खान के असामयिक निधन पर गायत्री परिवार***

ट्रस्ट लांजी द्वारा गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बुधवार को आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित गायत्री परिजनों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। गायत्री परिवार ट्रस्ट लांजी के सदस्यों ने बताया कि स्व. एजाज डी. खान वर्ष 2002 से लगातार गायत्री परिवार से जुड़े रहे। उन्होंने गायत्री परिवार के ट्रस्ट के पंजीयन से लेकर अनेक कानूनी प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा लगभग 24 वर्षों तक गायत्री परिवार के कानूनी सलाहकार के रूप में निस्वार्थ सेवाएं प्रदान कीं। उनके मार्गदर्शन, सहयोग और सरल व्यक्तित्व को गायत्री परिवार सदैव स्मरण रखेगा। श्रद्धांजलि सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्व. खान का निधन गायत्री परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे नगर के लिए अपूरणीय क्षति है। उनका स्नेह, सहयोग और सेवा भाव सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत रहेगा। इस अवसर पर गायत्री परिवार के सभी सदस्यों ने परम पूज्य गुरुदेव एवं वेदमाता गायत्री से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति दें। श्रद्धांजलि सभा में गायत्री परिवार ट्रस्ट लांजी के के.एल. मेहरबान, एस.एल. बिलावर, शिव कुमार अग्रवाल, पूरनलाल जैतवार, लिलेश्वर खानोरकर, श्यामलाल पांडे, कवनलाल लिल्हारे, विनोद तिड़के, सुमन आसटकर, प्रमिला तिड़के सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिजन उपस्थित रहे।

# अधिवक्ता संघ ने बाबूजी पटेल को दी भावपूर्वक श्रद्धांजलि..

## न्याय, समाजसेवा, शिक्षा के क्षेत्र में दिये योगदान को किया याद..



जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी क्षेत्र के प्रतिष्ठित वरिष्ठ अधिवक्ता एवं समाज सेवी एजाज डी. खान (बाबु जी पटेल) के आकस्मिक निधन पर अधिवक्ता संघ लांजी ने बुधवार को व्यवहार न्यायालय लांजी स्थित अधिवक्ता कक्ष में शोकसभा आयोजित***

कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शोकसभा में माननीय प्रीतम शाह, व्यवहार न्यायाधीश (कनिष्ठ खंड) लांजी की उपस्थिति में संघ के वरिष्ठ एवं कनिष्ठ अधिवक्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। वरिष्ठ अधिवक्ता श्री एजाज डी. खान का 4 अगस्त 2026 को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार एवं नमाज-ए-जनाजा रायपुर (छत्तीसगढ़) के बायरन बाजार कब्रिस्तान में संपन्न हुआ। उनके निधन पर अधिवक्ता संघ लांजी ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा के पश्चात सभी अधिवक्ता न्यायालयीन कार्य से विरत रहे। शोकसभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष चितरंजन दास मचिया, सचिव अरुण कुमार टांडेकर, उपाध्यक्ष जे.पी. खानोरकर, सहसचिव श्रीमती शशिप्रभा श्रीवास्तव, लोकेश बिहोने, रमन झा एवं आशीष नेवारे सहित अन्य अधिवक्ताओं ने कहा कि एजाज डी. खान का निधन अधिवक्ता संघ के लिए अपूरणीय क्षति है। वे एक कुशल अधिवक्ता होने के साथ-साथ जिला भूमि विकास बैंक, बालाघाट के पूर्व चेयरमैन, फरहान इंग्लिश स्कूल के संचालक तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने वाले सम्मानित व्यक्तित्व थे।अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने कहा कि श्री खान का न्याय, समाज सेवा और शिक्षा के क्षेत्र में दिया गया योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा तथा अधिवक्ता संघ लांजी उनके प्रति हमेशा कृतज्ञ रहेगा।

# शासकीय उमावि पाथरगांव में जनजागरूकता कार्यक्रम, स्कूली बच्चों को बताया नशे के दुष्परिणाम..





जगप्रेरणा लांजी।

***समाज में तेजी से बढ़ रही नशे की प्रवृत्ति युवा पीढ़ी के साथ-साथ स्कूली बच्चों के भविष्य के लिए भी गंभीर चुनौती बनती जा रही है।***

इसी चिंता को लेकर वरिष्ठ समाजसेवी संतोष मोरघड़े द्वारा संचालित 'नशे से दूरी है जरूरी 2.0' अभियान के तहत लगातार जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में बुधवार, 5 अगस्त को विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाथरगांव में छात्र-छात्राओं के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संतोष मोरघड़े ने नशे के दुष्परिणामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को ही नहीं, बल्कि उसके परिवार, शिक्षा, करियर और पूरे समाज को प्रभावित करता है। उन्होंने कहा कि यदि विद्यार्थी अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर नशे जैसी बुराइयों से दूर रहें, तो वे निश्चित रूप से अपने जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं।

उन्होंने विद्यार्थियों से अपील करते हुए कहा कि वे स्वयं किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहें और अपने मित्रों, परिवार तथा आसपास के लोगों को भी नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशामुक्त समाज का निर्माण तभी संभव है, जब युवा पीढ़ी स्वयं इसके खिलाफ जागरूक होकर आगे आए और दूसरों को भी प्रेरित करे।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी विद्यार्थियों को नशे से दूर रहकर अनुशासित एवं स्वस्थ जीवन अपनाने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्र-छात्राओं एवं विद्यालय स्टाफ ने नशे से हमेशा दूर रहने, दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने तथा स्वस्थ, सुरक्षित और नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का सामूहिक संकल्प लिया।



मंडला जिले में हिन्दी दैनिक
जगप्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापनों
के प्रकाशन हेतु संपर्क करें..
हेमंत नायक
मो. 88273 19933



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# गांव में ही दूर हों लोगों की समस्याएं, दफ्तरों के किसी को चक्कर लगाने की जरूरत न पड़े..

## हमारा गांव-हमारा समाधान शिविर में बोले कलेक्टर राहुल धोटे






जगप्रेरणा मंडला।

*ग्रामीणों को अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं के समाधान के लिए बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए गांव स्तर पर ही समस्याओं का निराकरण किया जाए। यह बात कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने नैनपुर क्षेत्र के ग्राम ओहानी में आयोजित ÷हमारा गांव-हमारा समाधान÷ शिविर में कही।*

कलेक्टर ने कहा कि ग्राम पंचायत में हर मंगलवार और शुक्रवार को पटवारी, सचिव और सरपंच बैठक आयोजित करें तथा ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याओं का समाधान करें। इससे लोगों को समय और परेशानी दोनों से राहत मिलेगी। शिविर में कलेक्टर ने विभिन्न विभागों के स्टॉलों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों को मिल रही सरकारी सुविधाओं की जानकारी ली।

उन्होंने अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड और फार्मर आईडी बनाने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयुष विभाग के निःशुल्क दवा वितरण केंद्र का भी निरीक्षण किया और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को उनके जल्द निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ को सभी आवेदनों का समय सीमा में समाधान करने के लिए कहा।

इसके बाद कलेक्टर ने नैनपुर एसडीएम कार्यालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालयीन रिकॉर्ड, जनसेवा से जुड़े कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आमजन के प्रति संवेदनशील होकर काम करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसडीएम श्री आशुतोष ठाकुर, जनपद पंचायत सीईओ, सरपंच श्रीमती सुमंत्रा मर्सकोले, उप सरपंच श्रीमती सरला झारिया सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आहार, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य और नशा मुक्ति पर पुलिस जवानों को मिला मार्गदर्शन






जगप्रेरणा मंडला।

*पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के मार्गदर्शन में बुधवार को पुलिस कंट्रोल रूम मंडला में पुलिस अधिकारी एवं जवानों के लिए आहार, पोषण, मानसिक स्वास्थ्य एवं नशा मुक्ति शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य पुलिस जवानों को*

शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक जानकारी और व्यवहारिक मार्गदर्शन प्रदान करना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे। शिविर में डाइटिशियन डॉ. राशि पमनानी ने संतुलित आहार, नियमित दिनचर्या, बेहतर लाइफस्टाइल, योग और व्यायाम के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि व्यस्त दिनचर्या के बावजूद यदि खानपान संतुलित रखा जाए, पर्याप्त पानी पिया जाए और नियमित रूप से योग एवं व्यायाम किया जाए तो कई गंभीर बीमारियों से बचा जा सकता है।

उन्होंने जवानों को समय पर भोजन करने और पौष्टिक आहार अपनाने की सलाह दी। ब्लॉक मेंटल हेल्थ काउंसलर एवं काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट सत्यजीत सिंह पटेल ने मानसिक स्वास्थ्य, कार्य के दबाव, तनाव प्रबंधन और नशा मुक्ति पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि मानसिक स्वास्थ्य, शारीरिक स्वास्थ्य जितना ही महत्वपूर्ण है। सकारात्मक सोच, पर्याप्त विश्राम और समय-समय पर काउंसलिंग तनाव को कम करने और मानसिक रूप से मजबूत बनाए रखने में सहायक होती है।

ब्रह्मकुमारी आश्रम से आई लक्ष्मी दीदी ने राजयोग, ध्यान और आत्मिक ज्ञान के माध्यम से मानसिक शांति एवं स्वस्थ जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सकारात्मक विचार और आत्मिक शक्ति व्यक्ति को तनावमुक्त, ऊर्जावान और एकाग्र बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम में एडीशनल एसपी शिवकुमार वर्मा ने डॉ. राशि पमनानी, सत्यजीत सिंह पटेल एवं लक्ष्मी दीदी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि पुलिस जवानों का शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहना विभाग की कार्यक्षमता के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम पुलिस बल को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, सकारात्मक ऊर्जा बनाए रखने और बेहतर सेवा देने के लिए प्रेरित करते हैं। कार्यक्रम के अंत में जवानों ने विशेषज्ञों से स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न विषयों पर चर्चा कर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

# थावर डैम बनेगा नया पर्यटन केंद्र, होम-स्टे से ग्रामीण पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा..



जगप्रेरणा मंडला/नैनपुर।

*मंडला जिले के नैनपुर क्षेत्र स्थित थावर डैम को पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल शुरू कर दी है। कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने गुरुवार को थावर डैम का निरीक्षण कर यहां पर्यटन विकास की संभावनाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक*

दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने जलाशय के जलस्तर, सुरक्षा व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंधों की समीक्षा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पर्यटकों की सुरक्षा और मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि थावर डैम का प्राकृतिक सौंदर्य, शांत ग्रामीण परिवेश, फिशिंग गतिविधियां और मनमोहक डैम व्यू इसे एक आकर्षक पर्यटन स्थल बना सकते हैं। उन्होंने एसडीएम नैनपुर को क्षेत्र में होम-स्टे विकसित करने की संभावनाओं का परीक्षण करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों के लिए रोजगार एवं आजीविका के नए अवसर सृजित होंगे। उन्होंने अधिकारियों से क्षेत्र की पर्यटन क्षमता को ध्यान में रखते हुए विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर शीघ्र प्रभावी पहल सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान एसडीएम नैनपुर आशुतोष ठाकुर सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## पीएम आवास योजना (शहरी) की प्रारंभिक पात्रता सूची जारी.. 21 आवेदक पाए गए पात्र..

जगप्रेरणा मंडला।

नगर पालिका परिषद मंडला ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के बीएलसी (बेनेफिशियरी लेड कंस्ट्रक्शन) घटक के अंतर्गत प्रारंभिक पात्रता सूची जारी कर दी है। कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) मंडला के आदेशों के तहत गठित जांच दल द्वारा दस्तावेजों के सत्यापन के बाद 21 आवेदकों को प्रारंभिक रूप से पात्र घोषित किया गया है। नगर पालिका परिषद द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार, यदि किसी नागरिक अथवा अन्य व्यक्ति को इस प्रारंभिक पात्रता सूची पर कोई आपत्ति या दावा प्रस्तुत करना हो, तो वह विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर कार्यालयीन समय में लिखित आवेदन के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर नगर पालिका परिषद मंडला में जमा कर सकता है। नगर पालिका ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित 15 दिन की समय-सीमा समाप्त होने के बाद प्राप्त होने वाली किसी भी प्रकार की आपत्ति या शिकायत पर विचार नहीं किया जाएगा।

इसलिए संबंधित हितग्राहियों एवं नागरिकों से समय-सीमा के भीतर ही अपने दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अपील की गई है। नगर पालिका परिषद का कहना है कि निर्धारित प्रक्रिया के तहत प्राप्त दावों और आपत्तियों के निराकरण के बाद अंतिम पात्रता सूची जारी की जाएगी।

# चिरईडोंगरी में पागल कुत्तों का आतंक, 25 से 30 लोगों पर हमला..

## स्कूल और आंगनवाड़ी रहे बंद..



जगप्रेरणा मंडला।

*जिले की नारायणगंज तहसील के ग्राम चिरईडोंगरी में पागल और आवारा कुत्तों के आतंक से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। मंगलवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान अक्रामक कुत्तों ने बाजार में मौजूद लोगों पर हमला कर दिया। इस हमले में करीब 25 से 30 लोग घायल हुए, जिनमें 6 से 7 लोगों को गंभीर चोटें आई हैं।*

घटना के बाद बाजार में अफरा-तफरी मच गई। बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए बुधवार को गांव के शासकीय प्राथमिक विद्यालय, माध्यमिक विद्यालय और आंगनवाड़ी केंद्र बंद रखे गए। अभिभावकों में भी भय का माहौल बना हुआ है। माध्यमिक शाला चिरईडोंगरी के प्रभारी चैनसिंह मरावी ने बताया कि पिछले दो-तीन दिनों से पागल कुत्तों के हमले की घटनाएं हो रही हैं। इसी वजह से बच्चों को स्कूल नहीं बुलाया गया। उन्होंने बताया कि स्कूल में बाउंड्री वॉल नहीं होने से आवारा जानवर और कुत्ते आसानी से परिसर में आ जाते हैं। इस संबंध में उच्च अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन को जानकारी देकर जल्द बाउंड्री वॉल बनवाने की मांग की गई है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने बताया कि गांव की स्थिति को देखते हुए बच्चों को आंगनवाड़ी नहीं बुलाया गया है। इसकी सूचना संबंधित अधिकारियों को भी दे दी गई है। शाला प्रबंधन और अभिभावकों ने लोगों से अपील की है कि जब तक पागल कुत्तों को पकड़ नहीं लिया जाता या प्रशासन की ओर से नया निर्देश जारी नहीं होता, तब तक बच्चों को अकेले बाहर न भेजें। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन और स्थानीय निकाय से मांग की है कि पागल और आवारा कुत्तों को जल्द पकड़कर गांव में सामान्य स्थिति बहाल की जाए।

## 7 अगस्त से शुरू होगा जन विश्वास अभियान, पहला शिविर मोहगांव में..



जगप्रेरणा मंडला/ मोहगांव।

जिले में 7 अगस्त से जन विश्वास अभियान की शुरुआत होगी। अभियान का पहला शिविर मोहगांव में आयोजित किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर बुधवार को जिला योजना भवन में आयोजित बैठक में कलेक्टर राहुल नामदेव धोटे ने सभी विभागों को समय पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया।कलेक्टर ने बताया कि अभियान के दौरान भ्रमण, निरीक्षण, शिविर, जनसंवाद, उद्यमी संवाद और जनप्रतिनिधि संवाद जैसे कार्यक्रम आयोजित होंगे, जिनमें संबंधित विभागों की भागीदारी अनिवार्य रहेगी।

### बोले शाश्वत सिंह मीना..

सीईओ जिला पंचायत शाश्वत सिंह मीना ने कहा कि अभियान के तहत शिविर लगातार लगाए जाएंगे और अंतिम रैंकिंग अभियान की समाप्ति पर जारी होगी, इसलिए सभी विभागों को पूरे अभियान के दौरान कार्य की गति बनाए रखनी होगी।

### स्वतंत्रता दिवस की तैयारियों की समीक्षा

बैठक में 15 अगस्त को पुलिस ग्राउंड में होने वाले मुख्य समारोह की तैयारियों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग और नगर पालिका परिषद को समन्वय के साथ मैदान तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अनुविभागों में स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियां सुनिश्चित करने, शासकीय कार्यालयों में आकर्षक रोशनी कराने तथा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और कारगिल वीरों के परिजनों को सम्मानपूर्वक आमंत्रित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा, अपर कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीएम सोनल सिडाम सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध शराब के खिलाफआबकारी विभाग की बड़ी कार्रवाई, 14 बोतल शराब जब्त

**जगप्रेरणा मंडला।** कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देश एवं प्रभारी जिला आबकारी अधिकारी श्रीमती शैली शैयाम के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में अवैध शराब के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय के विरुद्ध विशेष अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत मंगलवार को राजस्व एवं आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने मंडला शहर के पुरवा क्षेत्र में दबिश देकर सुरेश कच्छवाहा के कब्जे से विक्रय के लिए रखी गई 14 बोतल देसी एवं विदेशी शराब बरामद कर जब्त की। आरोपित के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के प्रावधानों के तहत आवश्यक वैधानिक कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने रामबाग स्थित बिग डैडी रेस्टोरेंट की भी सघन तलाशी ली। जांच में रेस्टोरेंट में किसी प्रकार की अवैध मदिरा का विक्रय या भंडारण नहीं पाया गया। इसके बाद नियमानुसार तलाशी पंचनामा तैयार कर कार्रवाई पूर्ण की गई। आबकारी विभाग ने बताया कि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। विभाग ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि अवैध शराब के निर्माण, परिवहन अथवा बिक्री की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा सके। इस संयुक्त कार्रवाई में नायब तहसीलदार श्री राकेश कटारया सहित राजस्व एवं आबकारी विभाग का अमला उपस्थित रहा।

## ग्रामीणों को बैंकिंग, बचत और केवाईसी अपडेट के प्रति किया जागरूक, 9 विकासखंडों में लगे वित्तीय साक्षरता शिविर..




जगप्रेरणा मंडला।

भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन एवं सेंट्रल बैंक ऑफइंडिया, मंडला द्वारा प्रायोजित वित्तीय साक्षरता केंद्र (सीएफएल) के तत्वावधान में जिले के सभी नौ विकासखंडों में वित्तीय साक्षरता शिविर आयोजित किए गए। शिविरों का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ना, नियमित बचत की आदत विकसित करना तथा समय-समय पर केवाईसी अपडेट कराने के प्रति जागरूक करना रहा। शिविरों का संचालन सीएफएल की क्षेत्रीय प्रमुख श्रीमती लक्ष्मी पटेल के मार्गदर्शन में ब्लॉक काउंसलर्स और ग्राम पंचायतों के सहयोग से किया गया। इस दौरान ग्रामीणों को सुरक्षित बैंकिंग, डिजिटल भुगतान, सरकारी वित्तीय योजनाओं का लाभ लेने की प्रक्रिया तथा साइबर ठगी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही बैंक खातों का नियमित संचालन, बचत की महत्ता और आवश्यक दस्तावेजों को समय पर अपडेट रखने की अपील की गई। विकासखंडवार आयोजित शिविरों में मोहगांव में नाजिम साही, निवास में प्रवीण राय, नारायणगंज में सुनील मोंगरे, घुघरी में कमलेश दुबे तथा मंडला विकासखंड में शिवप्रसाद नंदा ने ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर बैंकिंग सेवाओं और डिजिटल वित्तीय लेनदेन के संबंध में अपनी जिज्ञासाओं का समाधान भी प्राप्त किया।

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433



जग प्रेरणा ग्रामीण
गोंदिया भंडारा
● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - मो. 9329033433

# जिला सरपंच संघटना ने मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन 15 अगस्त तक मांगे पूरी करने की चेतावनी..




**जगप्रेरणा आमगांव।**

***गोंदिया जिला सरपंच संघटना के पदाधिकारियों ने जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न***

समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की है। इस माध्यम से संघटना ने कहा कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों का कार्यकाल समाप्त होने के बाद सरपंचों को प्रशासक नियुक्त किया गया है, लेकिन उन्हें केवल प्रमाणपत्र देने के अधिकार हैं.विकास कार्यों के अनुदान बिल पास करने और नई योजनाओं को मंजूरी देने का अधिकार न होने से गांवों में आर्थिक परेशानी बढ़ गई है। अतः प्रशासक के रूप में कार्यरत सभी सरपंचों को पूर्ण आर्थिक अधिकार दिए जाएं,उनके कार्यकाल का और बकाया मानधन तुरंत दिया जाए।

मनरेगा के तहत 2022-23 से लंबित वैयक्तिक और सार्वजनिक कामों के भुगतान तत्काल किए जाएं.नई वीबी- जी-राम -जी योजना के तहत विकास कार्यों को मंजूरी देकर ग्रामीण विकास को गति दी जाए। जिले में जल जीवन मिशन की कई पेयजल योजनाएं अधूरी पड़ी हैं उन्हें युद्धस्तर पर पूरा कर ग्रामीणों को पीने का पानी उपलब्ध कराया जाए। जिला नियोजन समिति **(DPC)** के माध्यम से जनसंख्या के आधार पर सभी ग्राम पंचायतों को संतुलित रूप से निधि दी जाए। ऑनलाइन **QR** कोड के कारण प्रमाणपत्र समय पर नहीं मिल रहे इससे आम नागरिकों और सरपंचों को परेशानी हो रही है, नागरिकों को सुविधाएं समय पर मिलें।

महाराष्ट्र में सरपंचों पर हमले, फर्जी मुकदमे और धमकियों की घटनाएं बढ़ रही हैं इसलिए सरपंचों को कानूनी संरक्षण दिया जाए और उनके खिलाफहोने वाले अपराधों पर तुरंत कार्रवाई हो आदि मांगे पूर्ण करने का निवेदन मुख्यमंत्री से किया है। संघटना ने चेतावनी दी है कि 15 अगस्त तक इन मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो गोंदिया जिला सरपंच संघटना संवैधानिक और लोकतांत्रिक तरीके से तीव्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला सरपंच संघटना के सभी पदाधिकारी, सरपंच-प्रशासक, उपसरपंच और सदस्य उपस्थित थे।

# महिला सम्मान के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी की कड़ी निंदा

**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं महाराष्ट्र की प्रथम महिला उपमुख्यमंत्री श्रीमती सुनेत्रा ताई अजितदादा पवार के संबंध में कांग्रेस नेता हर्षवर्धन सपकाल द्वारा कथित रूप से की गई***

आपत्तिजनक एवं अपमानजनक टिप्पणी की जिला परिषद गोंदिया के उपाध्यक्ष सुरेश यशवंतराव हर्षे ने कड़े शब्दों में निंदा की है।






## बोले उपाध्यक्ष जिला परिषद सुरेश हर्षे..

सुरेश हर्षे ने कहा कि महिलाओं का सम्मान और गरिमा समाज की मूलभूत पहचान है। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हो सकते हैं, लेकिन किसी भी महिला के प्रति अपमानजनक या अशोभनीय भाषा का प्रयोग किसी भी स्थिति में उचित नहीं है। इस प्रकार की टिप्पणियां महिलाओं के सम्मान और सामाजिक मूल्यों को ठेस पहुंचाती हैं।

उन्होंने कहा कि 'महिलाओं का अपमान किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। राजनीतिक विचार अलग हो सकते हैं, लेकिन महिलाओं के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जा सकता।' सुरेश हर्षे ने संबंधित नेता से सार्वजनिक जीवन की गरिमा बनाए रखते हुए जिम्मेदारीपूर्ण भाषा का प्रयोग करने तथा भविष्य में महिलाओं के सम्मान का पूर्ण ध्यान रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि 'महिलाओं का सम्मान ही हमारी संस्कृति की पहचान है और महिलाओं के अपमान के खिलाफ हमारा विरोध हमेशा जारी रहेगा।'

## गोंदिया पुलिस डायरी..

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो. 9922607145

### अचानक तबीयत खराब हुई मौत मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत अकस्मात मौत का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/8/2026 के शाम 6 बजे के दरम्यान आमगाव मे अमित सुरेश भाई पटेल उम्र 45 वर्ष निवासी आमगाव को शराब की आदत थी। और कॅन्सर बिमारी से वह पीढ़ीत भी थे। घटना के समय तबीयत खराब होने से उसकी मौत हो गई फर्यादी के दिये बयान पर पोस्टे आमगाव मे अकस्मात मौत क्रमांक 36/2026 धारा 194, बि एन एस एस 2023 के तहत मर्ग दर्ज कर जॉच पोहवा बर्वे 562 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### तुने हमारी डेर ले गई बोलकर महिला से की महिला ने मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के आमगाव पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/8/2026 के शाम 4 बजे के दरम्यान महिला फर्यादी उम्र 39 वर्ष निवासी ठाणाटोला को आरोपी महिला ने कहा तुने हमको डेर ले गई क्यो बोली बोलकर बास की लकड़ी से मारपीट कर गालीगलोच करने से दिये शिकायत और डाक्टर की रिपोर्ट पर पोस्टे आमगांव मे अपराध क्रमांक 514/2026 धारा 118,1,351,2,352,3,5, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा गजपुरे 02 पोस्टे आमगाव कर रहे है।

### मोबाईल लेने की बात पर हुई मारपीट मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 4/8/2026 के 2 बजे के दरम्यान जयस्तंभ चौक मे फर्यादी विकास उर्फ विसु राजेश रामटेके उम्र 28 निवासी दसखोली और आरोपी अच्छे मित्र होकर घटना के समय आरोपी ने फर्यादी को घुमने के लिये बाहर ले गया वहा हो रही बात बात मे दोनो का मोबाईल तुने क्यो ले गया इस बात पर आरोपी ने पावडे के डंडे से मारकर जख्मी करने से दिये शिकायत पर आरोपी के खिलाफ गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 600/2026 धारा 118,1, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोहवा पुराम 443 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### बंद मकान से अज्ञात चोर ने उड़ाया सामान मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/8/2026 के रात मे फर्यादी धमेन्द्र तिर्थराज सतीशेवक उम्र 45 वर्ष निवासी गोंदिया अपने घर को ताला मारकर गोंदिया आ गये। दुसरे दिन जब असईटोला पहुचे तो देखा की मकान का ताला टुटा हुवा था। अंदर जाकर देखा तो गॅस सिगडी किमत 1 हजार रुपये, मिक्श्चर मशीन किमत 1500 रुपये, ग्रँडर मशिन किमत 2500 रुपये, तांबे का गुंड 2500 रुपये, जर्मन के 4 गंज किमत 5 हजार रुपये, 3 नग छोटे गंज किमत 1200 रुपये, इडली पात्र 300 रुपये, दोसा फ्रॉय पेन 200 रुपये, डिटीएच सेट आप बाक्स 500 रुपये, स्टिल थाली 25 नग 2 हजार रुपये, स्टिल ग्लास किमत 300 सौ रुपये कुल 17 हजार रूपये का माल अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे सालेकसा मे अपराध क्रमांक 374/2026 धारा 305, अ,331,4, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ डोंगरे 752 पोस्टे सालेकसा कर रहे है।

# मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की समय-सारिणी में बदलाव..

## भारत निर्वाचन आयोग के नए निर्देश..

**जगप्रेरणा आमगांव।**

***भारत निर्वाचन आयोग ने महाराष्ट्र में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण*** **(Special Intensive Revision - SIR)** ***कार्यक्रम की समय-सारिणी में संशोधन किया है। आयोग द्वारा 4 अगस्त 2026 को जारी पत्र के अनुसार संशोधित***

कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। साथ ही संबंधित सभी निर्वाचन अधिकारियों, कर्मचारियों एवं राजनीतिक दलों को इसकी जानकारी देने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। आयोग के आदेशानुसार, बीएलओ **(BLO)** द्वारा घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य अब 30 जून से 17 अगस्त 2026 तक पूरा किया जाएगा।

इसके बाद 17 अगस्त को मतदान केंद्रों का पुनर्गठन/पुनर्व्यवस्थापन किया जाएगा, जबकि 24 अगस्त 2026 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। प्रारूप सूची प्रकाशित होने के बाद 24 अगस्त से 22 सितंबर 2026 तक मतदाता दावे एवं आपत्तियाँ दर्ज करा सकेंगे। इन दावों एवं आपत्तियों पर सुनवाई कर उनका निस्तारण 24 अगस्त से 22 अक्टूबर 2026 के बीच किया जाएगा।

इसके पश्चात 27 अक्टूबर 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी, ऐसा भारत निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है। भारत निर्वाचन आयोग ने संशोधित समय-सारिणी का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए हैं तथा सभी पात्र नागरिकों से अपील की है कि वे मतदाता सूची में अपना नाम अवश्य जांच लें और आवश्यकता होने पर निर्धारित अवधि के भीतर दावा या आपत्ति दर्ज कराएं।

# 3 से 15 अगस्त तक चलेगा 'अंगदान-जीवनदान संकल्प अभियान'




## जिलेभर में होंगे जागरूकता कार्यक्रम..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***महाराष्ट्र में अंगदान को जनआंदोलन का स्वरूप देने तथा अंग प्रत्यारोपण की प्रतीक्षा कर रहे मरीजों को नया जीवन प्रदान करने के उद्देश्य से 3 से 15 अगस्त तक राज्यभर में 'अंगदान पखवाड़ा' मनाया जा रहा है। यह अभियान सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश आबिटकर की पहल पर आयोजित किया जा रहा है।***

इसके लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने सभी जिलों को विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसी क्रम में 3 अगस्त को के.टी.एस. जिला सामान्य अस्पताल, गोंदिया में अभियान का शुभारंभ किया गया। जिला शल्य चिकित्सक डॉ. पुरुषोत्तम पटले एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अभिजीत गोल्हार के मार्गदर्शन में अतिरिक्त शल्य चिकित्सक डॉ. तृप्ती कटरे तथा सहायक जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अरविंदकुमार वाघमारे ने हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की। अभियान के पहले दिन अंगदान जागरूकता प्रभात फेरी निकाली गई तथा नागरिकों को अंगदान की शपथ दिलाई गई। प्रभात फेरी में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों ने शहर में पोस्टरों के माध्यम से लोगों को अंगदान के महत्व के बारे में जागरूक किया। इसके बाद के.टी.एस. अस्पताल परिसर में अंगदान का संकल्प लेते हुए सामूहिक शपथ भी दिलाई गई।

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि इस पखवाड़े का मुख्य उद्देश्य समाज में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना, इससे जुड़े भ्रम एवं अंधविश्वास दूर करना तथा अधिक से अधिक लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करना है। अंगदान के माध्यम से अनेक गंभीर मरीजों को नया जीवन मिल सकता है, इसलिए प्रत्येक नागरिक को इस समाजहित के कार्य में सहभागी बनने का आह्वान किया गया है।

इस वर्ष 'अंगदान-जीवनदान का सर्वोत्तम संकल्प' विषय पर जिलेभर में विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंगदान से जुड़ी संस्थाओं के सहयोग से नागरिकों को अंगदान की प्रक्रिया, उसके महत्व तथा कानूनी प्रावधानों की जानकारी भी दी जाएगी।

अभियान के दौरान जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं, मेडिकल कॉलेजों, स्कूलों, महाविद्यालयों, स्वयंसेवी संस्थाओं तथा सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के सहयोग से जागरूकता रैली, शपथ ग्रहण, व्याख्यान, संगोष्ठी, पोस्टर एवं स्लोगन प्रतियोगिता, स्वास्थ्य शिक्षा कार्यक्रम, सोशल मीडिया अभियान तथा अंगदान से जुड़ी प्रेरणादायक सफलताओं और अनुभवों का साझा कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# 10 अगस्त को एटक के नेतृत्व में श्रमिक संगठनों का 'जेल भरो आंदोलन'..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) से संबद्ध श्रमिक संगठनों के देशव्यापी 'जेल भरो आंदोलन' के तहत 10 अगस्त को गोंदिया में भी आंदोलन आयोजित किया जाएगा। आंदोलन की रूपरेखा तय करने के लिए एटक जिला अध्यक्ष कॉमरेड हौसलाल रहांगडाले की अध्यक्षता एवं एटक के राज्य सचिव कॉमरेड मिलिंद गणवीर की प्रमुख उपस्थिति में जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 10 अगस्त को दोपहर 1 बजे नेहरू चौक से रैली निकाली जाएगी, जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए उपविभागीय अधिकारी (एसडीओ) कार्यालय पहुंचेगी। इसके बाद वहां 'जेल भरो आंदोलन' किया जाएगा।

बैठक में एटक जिला सचिव कॉमरेड रामचंद्र पाटील ने संगठन की गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। इस अवसर पर शालुताई कुथे, करुणा गणवीर, पूर्णिमा चुटे, सुरेश रंगारी, ललिता राऊत, गीता नागोशे, संगीता कापसे, मंगला ठाकरे सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। आंदोलन में आंगनवाड़ी सेविकाएं, आशा कार्यकर्ता, समूह प्रवर्तक, ग्राम पंचायत कर्मचारी, विद्यालय पोषण आहार कर्मचारी, खेत मजदूर, बिजली कर्मचारी सहित विभिन्न संगठनों के कर्मचारी बड़ी संख्या में शामिल होंगे।

आंदोलन की प्रमुख मांगों में चार श्रम संहिताओं (लेबर कोड) को रद्द कर पुराने श्रम कानून लागू करना, न्यूनतम मासिक वेतन 30 हजार रुपये करना, सभी श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा के तहत पेंशन का लाभ देना, मनरेगा को पुनः शुरू कर वर्ष में 200 दिनों का रोजगार एवं प्रतिदिन 600 रुपये मजदूरी सुनिश्चित करना, बिजली क्षेत्र के निजीकरण पर रोक लगाना, स्मार्ट मीटर योजना तत्काल रद्द करना, सभी कृषि उत्पादों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के दायरे में लाना, अमेरिका के साथ प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) रद्द करना तथा आंगनवाड़ी, आशा, ग्राम पंचायत एवं विद्यालय पोषण आहार कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा करना शामिल हैं। एटक ने सभी श्रमिकों एवं कर्मचारियों से 10 अगस्त को आयोजित 'जेल भरो आंदोलन' में बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## जगप्रेरणा फोटो कैप्शन



जुलाई एवं अगस्त माह के पहले सप्ताह में अच्छी बारिश होने से रोपाई का काम अंतिम चरण में है खेतों में रोपाई के काम मे व्यस्त दिखाई दे रही महिलाएं..
छाया - प्रा. गणेश भदाड़े आमगांव।

# अष्टलक्ष्मी दर्शन युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***भारत सरकार के उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय द्वारा संचालित 'अष्टलक्ष्मी दर्शन युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम*** **(Youth E&change Programme)** ***' के तहत महाराष्ट्र राज्य के पात्र युवक-युवतियों***

का चयन किया जाएगा। इस संबंध में महाराष्ट्र राज्य के क्रीड़ा एवं युवक सेवा संचालनालय के निर्देशानुसार इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन एवं नामांकन आमंत्रित किए गए हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य उत्तर-पूर्व भारत के राज्यों के साथ सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राष्ट्रीय एकता की भावना को मजबूत करना तथा युवाओं को वहां की संस्कृति, परंपराओं और जीवनशैली का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है। यह 8 दिवसीय आवासीय कार्यक्रम होगा, जिसमें 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवक-युवतियां भाग ले सकेंगे। प्राथमिकता ऐसे युवाओं को दी जाएगी जो स्नातक के द्वितीय या तृतीय वर्ष में अध्ययनरत हों।

इसके अलावा शैक्षणिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी करने वाले युवाओं, युवा पुरस्कार प्राप्तकर्ताओं, एनसीसी **(NCC**, एनएसएस **(NSS)** तथा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के रोवर्स एवं रेंजर्स को चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।

इच्छुक एवं पात्र युवक-युवतियां आवश्यक दस्तावेजों के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर अपने आवेदन/नामांकन प्रस्ताव जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय, गोंदिया में जमा करें। अधिक जानकारी के लिए कार्यालयीन समय में जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय, गोंदिया से संपर्क किया जा सकता है। यह जानकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी लक्ष्मीशंकर यादव ने दी है।

# गोरेगांव तहसील में 10 अगस्त को होगा लोकशाही दिवस का आयोजन

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोरेगांव तहसील में 10 अगस्त 2026 को दोपहर 2:30 बजे तहसील कार्यालय के सभागार में तहसीलदार की अध्यक्षता में लोकशाही दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर तहसीलदार आम नागरिकों की शिकायतें, समस्याएं एवं जन-गाऱ्हाणे (शिकायतें) सुनेंगे। साथ ही संबंधित मामलों के समाधान के लिए शासन के विभिन्न विभागों के तहसील स्तर के अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए जाएंगे। गोरेगांव तहसील की जनता से अपील की गई है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की शिकायत, समस्या या गाऱ्हाणा प्रस्तुत करना है, तो वे प्रपत्र-1 (अ) में निर्धारित प्रारूप के अनुसार अपना आवेदन लिखित रूप में जमा करें। यह जानकारी गोरेगांव की तहसीलदार प्रज्ञा भोकरे ने दी है।


# अंकुर टेस्ट ट्यूब बेबी एंड रिसर्च सेंटर
बंधत्व पीड़ितों के लिये एक आशा की किरण

उपलब्ध सुविधाएं..
- टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF ET)
- इक्सी टेस्ट ट्यूब बेबी (ICSI)
- (IUI) आय.यू.आय.
- अधिक उम्र में मातृत्व
- ओव्हम डोनेशन द्वारा
- बंद फॉलोपियन ट्यूब खोलना
- पुरुष बंधत्व निदान व उपचार
- शुक्राणु बैंक सुविधा
- सोनोग्राफी
- हार्मोंस की जांच
- हार्मोंस की गड़बड़ी की ईलाज
- दुरबीन द्वारा ऑपरेशन

डॉ. संजीव चिटणवीस
अस्थि रोग विशेषज्ञ

डॉ.सौ.प्रणिता चिटणवीस
प्रसुति, स्त्रीरोग व बंधत्व चिकित्सा विशेषज्ञ

एक्सीडेंट हॉस्पीटल व अंकुर क्लिनिक
गणेश नगर, गोंदिया फोन - 07182 - 236692 मो. 9823970754



12 गुरुवार 06 अगस्त 2026

जग प्रेरणा live गोंदिया भंडारा

● आमगांव ● गोरेगांव ● सड़क अर्जुनी ● देवरी ● सालेकसा ● अर्जुनी मोरगांव ● तिरोड़ा ● लाखांदुर ● साकोली



महावीर डेवलपर्स गोरेगांव

1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास

2. अष्ट विनायक अपार्टमेंट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..

संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555


# कांग्रेस द्वारा सुनेत्राताई पवार के अपमान पर गोंदिया में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ने किया विरोध प्रदर्शन..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) गोंदिया जिला इकाई की ओर से महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट से राज्य की पहली महिला उप मुख्यमंत्री सुनेत्राताई अजित पवार के संबंध में किए गए कथित आपत्तिजनक एवं अपमानजनक बयान की कड़ी निंदा करते हुए आज बुधवार 05 अगस्त को महात्मा गांधी***

की प्रतिमा के समक्ष राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा सांसद प्रफुल पटेल एवं सांसद राजेंद्र जैन के निर्देशानुसार विरोध में प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन के दौरान एनसीपी नेताओं ने कहा कि प्रगतिशील महाराष्ट्र में महिलाओं का अपमान किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। उनका कहना था कि यह केवल सुनेत्राताई अजित पवार का नहीं, बल्कि महाराष्ट्र की प्रत्येक महिला का अपमान है। पार्टी ने कांग्रेस द्वारा किए गए कथित आपत्तिजनक एवं अपमानजनक बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मांग की कि कांग्रेस पार्टी महाराष्ट्र की सभी महिलाओं से सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

## बोली सौ. पूजा अखिलेश सेठ..

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की महिला नेत्री सौ. पूजा अखिलेश सेठ (धुर्वे) ने कांग्रेस की टिप्पणी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी महिलाओं को सम्मान दिया ही नहीं, और कांग्रेस ने कभी महिलाओं का सम्मान करना सीखा भी नहीं। सौ. पूजा अखिलेश सेठ ने कहा कि सम्मान संस्कारों से मिलते हैं, जो कांग्रेस के पास है ही नहीं। कांग्रेस में यदि महिलाओं को अवसर या सम्मान देने की भावनाएं कभी विद्यमान होती तो हाल ही में लोकसभा में लाए गए महिला आरक्षण पर कांग्रेस समर्थन देती, लेकिन जहां कांग्रेस सरकार में निर्भया और तंदूर कांड की घटनाएं आज भी महिलाओं के प्रति की गई बर्बरता की याद दिलाती है, वहीं कांग्रेस ने सुनेत्रा ताई के खिलाफ टिप्पणी कर ऐसी मानसिकता का प्रमाण दे दिया है। सौ. पूजा अखिलेश सेठ ने कहा कि आगामी समय में महिलाएं अवश्य कांग्रेस को और अधिक ताकत से सबक सिखाने का कार्य करेगी।

## यह रहे उपस्थित..

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी द्वारा किये गए प्रदर्शन के दौरान प्रमुख रुप से राजलक्ष्मी तुरकर, डॉ. माधुरी नासरे, सौ. निर्मला मिश्रा, कुंदाताई दोनोड़े, शिव शर्मा, राजकुमार एन. जैन, लोकेश (कल्लु) यादव, राज शुक्ला संहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# युवा शक्ति के दम पर हर बूथ होगा मजबूत, जन-जन तक पहुंचेगी सरकार की योजनाएं- रोहित अग्रवाल

## भाजयुमो की विस्तारित बैठक में संगठन विस्तार और बूथ सशक्तिकरण पर जोर..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) गोंदिया जिला की विस्तारित बैठक बुधवार को शहर के अग्रसेन भवन हॉल में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई। बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक अधिक सशक्त बनाने, पार्टी विस्तार अभियान को गति देने, केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति***

तक पहुंचाने तथा आगामी चुनावों की रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सीताताई रहांगडाले, भाजयुमो जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, महामंत्री पंकज रहांगडाले, नरेन्द्र वाजपेयी, हर्षकुमार मोदी, आशीष बारेवार आदि की उपस्थिति रही। बैठक में पार्टी की संगठनात्मक मजबूती, सक्रिय कार्यकर्ता निर्माण, युवा नेतृत्व को अवसर प्रदान करने तथा प्रत्येक बूथ पर मजबूत संगठनात्मक ढांचा तैयार करने का संकल्प दोहराया गया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में हो रहे विकास कार्यों, आत्मनिर्भर भारत, डिजिटल इंडिया, विकसित भारत-2047 के संकल्प तथा जनहित में संचालित विभिन्न योजनाओं को आम नागरिकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने का आह्वान किया गया। राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार एवं पात्र हितग्राहियों तक उनका लाभ सुनिश्चित कराने पर भी विशेष बल दिया गया।

## बोले रोहित अग्रवाल..

इस अवसर पर भाजयुमो गोंदिया जिलाध्यक्ष रोहित अग्रवाल ने कहा कि युवा मोर्चा भारतीय जनता पार्टी की सबसे ऊर्जावान और गतिशील शक्ति है। आगामी चुनावों में प्रत्येक कार्यकर्ता को बूथ स्तर पर सक्रिय रहकर संगठन को मजबूत करना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि राष्ट्रहित, सेवा, सुशासन और विकास की विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाना है। उन्होंने युवाओं से सोशल मीडिया, जनसंपर्क, सेवा कार्यों एवं संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता अपने बूथ को पार्टी का सबसे मजबूत बूथ बनाने का संकल्प लेकर कार्य करे।

## बोली सीताताई राहंगडाले..

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा गोंदिया जिलाध्यक्ष सीताताई रहांगडाले ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक संगठन है, जिसकी सबसे बड़ी ताकत उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास, सुशासन और आत्मनिर्भरता की नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर रहा है। राज्य सरकार भी जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अनेक लोककल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं को घर-घर पहुंचाकर आमजन को उनसे जोड़ें तथा संगठन की रीति-नीति और राष्ट्रवादी विचारधारा को समाज में और अधिक मजबूत करें।

## लिया गया संकल्प..

बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, सदस्यता विस्तार, सेवा गतिविधियों, युवा सम्मेलन, बूथ प्रबंधन, मतदाता संपर्क अभियान तथा चुनावी तैयारियों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन हित में पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करने तथा प्रत्येक बूथ को सशक्त बनाकर पार्टी को और अधिक मजबूत करने का संकल्प व्यक्त किया। इस अवसर पर युवा मोर्चा के मंडल व जिला पदाधिकारियों को नई जिम्मेदारी के साथ पक्ष का नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। बैठक को सफल बनाने मनोज बोपचे, पुष्पराज जनबन्धु, अभय मानकर, इंद्रजीत भाटिया, संतोष कटरे, विक्की बघेले, कमलेश चुटे सहित सभी मंडल अध्यक्ष, युवा मोर्चा पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने प्रयास किया।

# छात्रा के साथ अश्लील हरकत के आरोपी शिक्षक पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही करें..

## शिवसेना (उबाठा) ने सौपा शिक्षण अधिकारी को ज्ञापन..




जगप्रेरणा गोंदिया।

***जिले में एक शिक्षक के विरुद्ध हाल ही में दर्ज गंभीर प्रकरण को लेकर शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पक्ष ने छात्राओं की सुरक्षा का मुद्दा उठाते हुए जिला परिषद के शिक्षण अधिकारी साहेब, जिला अधिकारी, पुलिस अधीक्षक गोरख भामरे को निवेदन***

सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। शिवसेना जिला प्रमुख पंकज एस. यादव के नेतृत्व में महिला आघाड़ी जिला संगठिका रूपाली रोटकर ने संबंधित शिक्षक के विरुद्ध गंभीर आरोपों का मामला सामने आने से पालकों एवं नागरिकों में चिंता का वातावरण है। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कर दोषी पाए जाने वालों पर कठोर कानूनी एवं विभागीय कार्रवाई की जाए। साथ ही महिलाओं और बच्चियों तथा छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं साथ ही पुलिस गश्त बढ़ाई जाए व संवेदनशील एरिया में चौकी का निर्माण साथ ही जन जागरूकता अभियान चलाया जाए।

शिवसेना ने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के लिए सुरक्षित वातावरण प्रदान करने का केंद्र हैं और किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी । शिवसेना ने प्रशासन से इस मामले में शीघ्र एवं ठोस कार्रवाई करने की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उचित कार्रवाई नहीं की गई तो जनता एवं पालकों के साथ मिलकर लोकतांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर तेजराम मोरघडे उप जिला प्रमुख, राजेश कनौजिया शहर प्रमुख, दस्सू यादव शहर संघटक, संजू शमशेर तालुका समन्वय, विजय राहंगडाले तालुका संघटक, प्रवीण धमाड़े उप तालुका प्रमुख, श्रेयस बावनकर युवासेना उपजिला अधिकारी, हिमांशु लिंमजे, ललिता पंकज यादव पूर्व नगर सेविका, वंदना मस्के ताई, रानी यादव उप शहर प्रमुख, सोनू पारधी, शिवसेना पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# 7 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस ओबीसी विभाग द्वारा गोंदिया में मंडल यात्रा व सभा का भव्य आयोजन..

## सभा में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित का जितेन्द्र कटरे ने किया आहवान..



जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाळ, कांग्रेस नेता विजय वडेटटीवार, साकोली विधानसभा के विधायक नानाभाऊ पटोले की अनुशंसा पर महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग अध्यक्ष यशपाल भींगे, विदर्भ समन्वयक मोरेश्वर भादे के नेतृत्व में 7 अगस्त 2026 को नागपुर स्थित दिक्षा भूमी से ओबीसी समाज***

की जात निहाय जनगणना कराने एवं उनके संवैधानिक मौलिक अधिकार प्राप्त करने मंडल यात्रा प्रारंभ होने जा रही है, जो तिरोड़ा होते हुए गोंदिया पहुंच कर शाम 6 बजे गोंदिया स्थित शहीद भोला कांग्रेस भवन पहुंचेगी। इस मंडल यात्रा के दौरान भव्य सभा का आयोजन किया गया है, जिसमें प्रमुखता से महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस कमेटी पूर्व अध्यक्ष व साकोली विधानसभा के विधायक नानाभाऊ पटोले, सांसद डॉ. नांदेवराव किरसान, सांसद डॉ. प्रशांत पटोले, विधायक एड. अभिजित वंजारी, विधायक अडबेले, पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल, पूर्व विधायक दिलीपभाऊ बंसोड़, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अमर वराडे, पूर्व सभापती पी. जी. कटरे, पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी सचिव विनोद कुमार जैन, पूर्व सभापती डॉ. झामसिंह बघेले, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे, कांग्रेस पार्टी आदिवासी नेता राजकुमार पुराम,कांग्रेस नेता अशोक गप्पू गुप्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष वंदना काडे, पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष बाबा कटरे, सहकार कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राधेलाल पटले, अभाकॉक ओबीसी विभाग समन्वयक विमल कटरे, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग महासचिव वीणा कटरे,प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग सचिव भूमेश्वर शेंडे, गोंदिया तालुका कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रमेश पटले , सालेकसा नगर पंचायत अध्यक्ष विजय फुंडे, गोरेगांव नगर पंचायत अध्यक्ष छोटेलाल बिसेन उपाध्यक्ष मलेशाम येरोला आदी पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

**सभा संपन्न होने के पश्चात गोंदिया में मुक्काम तथा दिनांक 8 अगस्त 2026 को सुबह 10 बजे गोंदिया से मंडल यात्रा साकोली के लिए प्रस्थान करेग, इसलिए सभी जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिती सदस्य, नगर परिषद पार्षद युथ कांग्रेस, एनएसयूआई, महिला कांग्रेस, सेवादल, ओबीसी विभाग, अनुसूचित जाति विभाग, अनुसूचित जनजाति विभाग तथा कांग्रेस के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ताओं को सभा में उपस्थित रहने का आव्हान गोंदिया जिला कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग अध्यक्ष जितेन्द कुमार कटरे, महासचिव जीवनलाल शरणागत, सचिव अजय राहंगडाले ने किया है।**


दरियां ◆ मैटिंग्स ◆ कारपेट्स ◆ डोरमेट्स ◆ शॉल
ब्लैंकेट्स ◆ स्कूल की भोजन पतियों ◆ ताड़पत्री
मच्छरदानी ◆ ग्रीन नेट ◆ चादरे
बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता




रमनकुमार मेठी हैंडलूम हाउस

उत्तम क्वालिटी वाजिब दाम हमारी पहचान

9890696200

होम डिलीवरी की सुविधा

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया | थोक व चिल्लर विक्रेता

नया सोचो आयुर्वेद सोचो...

सुश्रुत प्रोक्टो आयुर्वेदा

मुळव्याध (बवासीर), फिशर भगंदर व अन्य गुदारोग चिकित्सा व आयुर्वेद पंचकर्म केन्द्र



- कमर का दर्द
- घुटनों का दर्द
- पिठ का दर्द
- गर्दन व कंधों का दर्द
- आमवात, गठीया वात एवं सायटिका

- अत्याधुनिक सुविधा युक्त पंचकर्म चिकित्सा कक्ष
- शास्त्रशुद्ध एवं गुणवत्तायुक्त स्वनिर्मीत औषधियों का प्रयोग
- रोगी एवं व्याधी अनुरुप पंचकर्म सुविधा





डॉ. अपर्णा खोब्रागडे
B.A.M.S., M.D. (Nashik)
आयुर्वेद पंचकर्म चिकित्सक
7620340356

साकेत पब्लिक स्कुल रोड़, गणेश नगर, गोंदिया 07182-796738

गोंदिया शहर में दैनिक जगप्रेरणा की प्राप्ति हेतु संपर्क करें..

वैचारिक क्रांति का रचनात्मक उद्‌घोष

जग प्रेरणा

चौरसिया पान सेंटर
जय स्तंभ चौक बस स्टॉप, गोंदिया
मो. 08806083231


- सूचना - यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नहीं मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 98605 58902 पर संपर्क करें।


स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com